माघ शुक्ल पक्ष, सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 16 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 176, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



अब छंटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव 16

मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री 2

## सोनिया ने लिखी रायबरेली को चिट्ठी... परिवार को संभालिएगा

कार्यालय संवाददाता, रायबरेली



▸▸ अब सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा पर प्राण आपके पास

**अमृत विचार :** कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के राजस्थान में राज्यसभा के नामांकन के बाद से भाजपा लगातार उन्हें ट्रोल कर रही है। भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने उन्हें अवसरवादी बताया तो इस बीच सोनिया गांधी ने रायबरेली के नाम एक भावानात्मक चिट्ठी लिखी है।

सोनिया गांधी ने पत्र में लिखा कि मेरा परिवार दिल्ली में अधूरा है। वह रायबरेली आकर आप लोगों में मिलकर पूरा होता है। यह नेह नाता बहुत पुराना है और अपनी ससुराल से मुझे सौभाग्य की तरह मिला है। रायबरेली के साथ हमारे परिवार के रिश्तों की जड़ें बहुत गहरी हैं। आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में आपने मेरे ससुर फिरोज गांधी जी को जिताकर दिल्ली भेजा। उनके बाद मेरी सास इंदिरा गांधी को आपने अपना बना लिया। तब से अब तक, यह सिलसिला जिंदगी के उतार-चढ़ाव और मुश्किल भरी राह पर प्यार और जोश के साथ आगे बढ़ता गया और इस पर हमारी आस्था मजबूत होती चली गई। इसी रौशन रास्ते पर आपने मुझे भी चलने की जगह दी। सास और जीवनसाथी को हमेशा के लिए खोकर मैं आपके पास आई और आपने अपना आंचल मेरे लिए फैला दिया। पिछले दो चुनावों में विषम परिस्थितियों में भी आप एक चट्टान की तरह मेरे साथ खड़े रहे। आज मैं जो कुछ भी हूँ, आपकी बदौलत हूँ और मैंने इस भरोसे को निभाने की हरदम कोशिश की है। अब स्वास्थ्य और बढ़ती उम्र के चलते मैं रायबरेली से अगला लोकसभा चुनाव नहीं लड़ूंगी। इस निर्णय के बाद मुझे आपकी सीधी सेवा का अवसर नहीं मिलेगा, लेकिन मेरा मन-प्राण हमेशा आपके पास रहेगा।

## पंजाब में पटरियों पर बैठे किसान, ट्रेनों का मार्ग बदला

लुधियाना/होशियारपुर, एजेंसी

'दिल्ली चलो' आंदोलन कर रहे प्रदर्शनकारियों के खिलाफ हरियाणा पुलिस की कार्रवाई को लेकर पंजाब में कई स्थानों पर किसान घंटों पटरियों पर बैठे रहे। जिससे दिल्ली-अमृतसर मार्ग पर कुछ ट्रेनों को दूसरे मार्गों से भेजा गया। किसानों ने कई टोल प्लाजा पर धरना भी दिया और अधिकारियों पर यात्रियों से पथकर नहीं लेने के लिए दबाव बनाया। भारतीय किसान यूनियन (एकता उगराहां) और बीकेयू डकोंदा (धनेर) ने पंजाब में कई जगहों पर चार घंटे के लिए 'रेल रोको' का आह्वान किया था।


### कई टोल प्लाजा पर दिया धरना, पथकर न लेने का बनाया दबाव



पटियाला के राजपुरा में रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान।

किसानों ने दोपहर करीब 12 बजे अपना आंदोलन शुरू किया और कई स्थानों पर पटरियों पर बैठ गए। प्रदर्शन शाम चार बजे तक जारी रह सकता है। हरियाणा पुलिस द्वारा आंसू गैस के इस्तेमाल के विरोध में किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर कई टोल प्लाजा पर प्रदर्शन भी किया। होशियारपुर में किसानों ने जालंधर-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर दो टोल प्लाजा पर प्रदर्शन किया। दोआबा किसान कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों ने चोलांग और हरसे मानसर में टोल प्लाजाओं का घेराव किया और वहां धरना दिया। उन्होंने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार के खिलाफ नारे लगाए और किसानों के लिए न्याय की मांग की।

### हमें किसानों के तौर-तरीके पर आपत्ति



**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने गुरुवार को कहा कि अपनी मांगों को मनवाने के लिए किसानों के तौर तरीके निंदनीय हैं क्योंकि वे आक्रमण करने जा रही किसी सेना की तरह दिल्ली की ओर कूच करने की कोशिश कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) का परोक्ष रूप से संदर्भ देते हुए खट्टर ने कहा कि पंजाब सरकार किसानों को रोक सकती थी। अगर वे नहीं रुके, तो वहां कुछ समझ होनी चाहिए और 'दिल्ली वाले' कहते हैं कि वे किसानों के आंदोलन के साथ हैं। किसानों के 'दिल्ली चलो' आह्वान में आप की भागीदारी को लेकर एक सवाल पर उन्होंने कहा कि टिप्पणी करना सही नहीं है लेकिन उनके (किसानों के) व्यवहार से पता चलता है कि उन्हें किसी तरह का समर्थन प्राप्त है।

### एक नजर

#### किसानों के लिए खोलें सोयाबीन-चना खरीद केंद्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (एनसीबीसी) ने महाराष्ट्र सरकार से यवतमाल, चंद्रपुर और विदर्भ जिलों में सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने को कहा है, जहां ज्यादातर किसान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के हैं। एनसीबीसी के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने कहा कि भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) द्वारा सोयाबीन और चना खरीद केंद्र खोलने से इसकी खेती में लगे क्षेत्रीय किसानों को लाभ होगा। महाराष्ट्र के सहकारिता, विपणन और कपड़ा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव को भी किसानों की शिकायत और ऐसे खरीद केंद्रों की उनकी मांग के बारे में सूचित किया गया।

#### यूएपीए संबंधी याचिकाएं वापस लेने की अनुमति

**नई दिल्ली।** गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम (यूएपीए) के प्रावधानों की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाले व्यक्तियों और समूहों ने गुरुवार को अचानक उच्चतम न्यायालय में अपनी याचिकाएं वापस ले लीं और कहा कि उन्होंने उचित मंचों पर जाने का निर्णय लिया है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति पंकज मित्तल की पीठ ने बुधवार को आठ याचिकाएं वापस लेने की अनुमति दे दी।

## सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बॉण्ड पर लगाई रोक

### योजना को निरस्त कर दानदाताओं और राशि के खुलासे का भी दिया आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को एक ऐतिहासिक फैसले में राजनीति के वित्तपोषण के लिए लाई गई चुनावी बॉण्ड योजना को असंवैधानिक करार देते हुए निरस्त कर दिया तथा चंदा देने वालों, बॉण्ड के मूल्यों और उनके प्राप्तकर्ताओं की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने 2018 की इस योजना को भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता एवं सूचना के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया। शीर्ष अदालत केंद्र की इस दलील से सहमत नहीं थी कि इस योजना का उद्देश्य राजनीतिक चंदे में पारदर्शिता लाना और काले धन पर अंकुश लगाना था। लोकसभा चुनाव से पहले आए इस फैसले में उच्चतम न्यायालय ने इस योजना को तत्काल बंद करने तथा इस योजना के लिए अधिकृत वित्तीय संस्थान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल, 2019 से अब तक खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का विस्तृत ब्योरा छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को सौंपने का भी निर्देश दिया।



▸▸ सर्वोच्च न्यायालय ने कहा-यह अभिव्यक्ति और सूचना के अधिकारों का उल्लंघन

▸▸ 13 मार्च तक निर्वाचन आयोग को दानदाताओं के नाम सार्वजनिक करने के दिए निर्देश

न्यायालय के आदेशानुसार, निर्वाचन आयोग 13 मार्च तक अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छह वर्ष पुरानी योजना में दान देने वालों के नामों की जानकारी देगा। संविधान पीठ ने 232 पृष्ठों के अपने दो अलग-अलग, लेकिन सर्वसम्मत फैसलों में कहा कि एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुगतान कराए गए सभी चुनावी बॉण्ड का ब्योरा देना होगा। इस ब्योरे में यह भी शामिल होना चाहिए कि किस तारीख को यह बॉण्ड भुनाया गया और इसकी राशि कितनी थी। पूरा विवरण छह मार्च तक निर्वाचन आयोग के समक्ष पेश किया जाना चाहिए। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। शीर्ष अदालत ने एसबीआई को विवरण साझा करने का भी निर्देश दिया, जिसमें बॉण्ड की खरीद की तारीख, खरीदार का नाम और खरीदे गए चुनावी बॉण्ड का मूल्य शामिल है।

प्रधान न्यायाधीश ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) के तहत बोलने तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन है।

### ऑडिट रिपोर्ट : भाजपा को मिला सबसे अधिक चंदा

फैसले में 2017-18 से 2022-23 तक राजनीतिक दलों की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट का हवाला दिया गया, जिसमें ऐसे बॉण्ड के माध्यम से प्राप्त पार्टी-वार चंदे को दर्शाया गया है। इस दौरान भाजपा को 6,566.11 करोड़ रुपये, जबकि कांग्रेस को 1,123.3 करोड़ रुपये मिले। इसी अवधि के दौरान तृणमूल कांग्रेस को 1,092.98 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। फैसले में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना चुनाव में काले धन पर अंकुश लगाने का एकमात्र साधन नहीं है।

### फैसले से लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा : कुरैशी

पूर्व मुख्य निर्वाचन आयुक्त एस. वाई. कुरैशी ने इस फैसले पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने कहा कि इससे लोगों का लोकतंत्र पर विश्वास बहाल होगा। इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता था। यह उच्चतम न्यायालय की ओर से पिछले पांच-सात वर्ष में दिया गया सबसे ऐतिहासिक निर्णय है। यह लोकतंत्र के लिए वरदान है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड को असंवैधानिक करार दिया। उच्चतम न्यायालय जिंदाबाद।

### शीर्ष कोर्ट के फैसले का सम्मान : भाजपा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने चुनावी बॉन्ड योजना का बचाव करते हुए कहा कि इसका प्रामाणिक उद्देश्य चुनावी चंदे में पारदर्शिता लाना था। भाजपा नेता और पूर्व कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी उच्चतम न्यायालय के फैसले का सम्मान करती है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद किए जाने के बाद केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की यह टिप्पणी सामने आई। भाजपा प्रवक्ता नलिन कोहली ने कहा कि विपक्ष इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहा है।

### फैसले से वोट की ताकत मजबूत होगी : कांग्रेस

कांग्रेस ने उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह निर्णय नोट के मुकाबले वोट की ताकत को और मजबूत करेगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'एक्स' पर लिखा कि योजना की शुरुआत के दिन कांग्रेस ने इसे अपारदर्शी और अलोकतांत्रिक बताया था। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनावी बॉण्ड को कमीशन लेने का माध्यम बना दिया था।

## लोकसभा चुनाव अकेले लड़ेगी नेशनल कॉन्फ्रेंस

श्रीनगर, एजेंसी

▸▸ पार्टी प्रमुख एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला ने की घोषणा

▸▸ आप व टीएमसी ने भी किया है अकेले लड़ने का एलान

जम्मू-कश्मीर की सबसे बड़ी क्षेत्रीय पार्टी नेशनल कांफ्रेंस ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आगामी लोकसभा चुनाव और केंद्र शासित प्रदेश में संभावित विधानसभा चुनाव अकेले लड़ेगी। पार्टी प्रमुख और लोकसभा सांसद फारूक अब्दुल्ला ने यहां यह घोषणा की। इसे विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' के अलावा क्षेत्रीय गठजोड़ पीएजीडी के लिए एक झटके के तौर पर देखा जा रहा है। अब्दुल्ला ने यहां पत्रकारों से कहा कि मुझे लगता है कि विधानसभा और लोकसभा चुनाव एकसाथ होंगे। जहां तक सीटों के बंटवारे की बात है तो मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि नेशनल कांफ्रेंस अकेले चुनाव लड़ेगी। इसमें कोई दो राय नहीं है।



नेशनल कांफ्रेंस पिछले साल गठित इंडिया गठबंधन का हिस्सा रही है। इसमें कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद, शिवसेना (यूबीटी), टीएमसी, द्रविड़ मुन्नेत्र कषगम और वामपंथी दल शामिल हैं। 'आप' और तृणमूल कांग्रेस ने भी कहा है कि वे क्रमशः पंजाब और पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ेंगी।

### सीटों को लेकर कांग्रेस से बातचीत जारी : उमर



**श्रीनगर।** नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने गुरुवार को स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि उनकी पार्टी विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' का घटक दल है और वह जम्मू-कश्मीर व लद्दाख की छह लोकसभा सीटों में से तीन को लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत कर रही है। उमर अब्दुल्ला का स्पष्टीकरण नेशनल कांफ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला के लोकसभा व विधानसभा चुनाव अकेले लड़ने के बयान के कुछ ही देर बाद आया है।


## एसटीएफ ने असलहा तस्कर को दबोचा 10 पिस्टल बरामद, सरगना रक्षित फरार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ अर्न्तजनपदीय स्तर पर असलहा की तस्करी की सूचना पर कार्रवाई

▸▸ इंदौर से असलहा मंगाकर दिल्ली उत्तराखंड में भी करते थे सप्लाई

**अमृत विचार :** एसटीएफ ने बुधवार की रात सहारनपुर से एक असलहा तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 10 पिस्टल बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में सरगना और अन्तरराज्यीय असलहा तस्कर रक्षित त्यागी फरार हो गया। एसटीएफ उसकी गिरफ्तारी में जुटी हुई है।



विनय त्यागी

एसटीएफ टीम ने सहारनपुर के मवाना बस स्टैंड स्थित पेट्रोल पम्प के पास से असलहा तस्कर विनय त्यागी को गिरफ्तार किया। देवबंद (सहारनपुर) के रहने वाले विनय ने पूछताछ में बताया कि फरार साथी चरथावल मुजफ्फरनगर का रक्षित त्यागी था। उसके रूहाना मुजफ्फरनगर स्थित टोल पर कार्य करने के दौरान उसकी मुलाकात रक्षित त्यागी से हुई थी। उसके बाद से वह उसके द्वारा सौंपा गया कार्य करता था। वह मध्य प्रदेश से असलहा लाकर रक्षित को सौंप देता था। ऐसा दो बार वह कर चुका है। तीसरी बार वह इंदौर से असलहा लाया था। मेरठ में किसी को देना था। रक्षित उसी का इंतजार कर रहा था। इसी बीच एसटीएफ टीम पहुंच गई। इस दौरान वह पकड़ा गया जबकि रक्षित फरार होने में कामयाब रहा।

एसटीएस के मुताबिक विनय ने बताया कि रक्षित त्यागी कुख्यात अपराधी विक्की त्यागी का बेटा है तथा उसकी मां मीनू त्यागी जिला कारागार अम्बेडकरनगर में निरुद्ध है। विक्की त्यागी गैंग को रक्षित त्यागी ही संचालित कर रहा है। विनय त्यागी ने यह भी बताया कि रक्षित त्यागी इन्दौर (मप्र) से पिस्टल मंगवाकर मुजफ्फरनगर, मेरठ, दिल्ली एवं उत्तराखण्ड में सप्लाई करता है।

## तहखाने में पूजा-पाठ के खिलाफ दायर याचिका पर 28 को सुनवाई

ज्ञानवापी मामला

**वाराणसी।** वाराणसी की एक अदालत ने गुरुवार को मस्जिद के तहखाने में पूजा-पाठ करने की अनुमति देने के फैसले के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई के लिए 28 फरवरी की तारीख तय की है। हिंदू पक्ष के एक वकील ने यह जानकारी दी। हिन्दू पक्ष के अधिवक्ता मदन मोहन यादव ने बताया कि अपर जिला न्यायाधीश ((पंचम) अनिल कुमार की अदालत ने मस्जिद परिसर में तहखाने में पूजा-पाठ की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ ज्ञानवापी मस्जिद समिति की याचिका पर सुनवाई की तारीख 28 फरवरी तय की है। वाराणसी की जिला अदालत ने 31 जनवरी को फैसला सुनाया था कि एक पुजारी ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिणी तहखाने में प्रतिमाओं के सामने प्रार्थना कर सकता है। मस्जिद समिति ने इस फैसले के खिलाफ अदालत का रुख किया था। ज्ञानवापी मस्जिद समिति ने जिला अदालत के इस फैसले के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय में भी एक याचिका दायर की थी।

## पुलिस भर्ती फॉर्म में त्रुटि वाले अभ्यर्थी भी दे सकेंगे परीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ 17-18 फरवरी को होगी सिपाही के लिए लिखित परीक्षा

▸▸ उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने जारी किए दिशा-निर्देश

**अमृत विचार :** उप्र पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के 60,244 पदों के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में वह अभ्यर्थी भी शामिल हो सकेंगे, जिनके ऑनलाइन भरे गए फॉर्म में किसी प्रकार की त्रुटि हो गई है।

उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के उप सचिव ने सभी डीएम-एसपी को पत्र लिखकर इस बाबत दिशा-निर्देश जारी किया है। दरअसल, सभी जिलों में 2377 परीक्षा केंद्रों में 17 व 18 फरवरी को दो पालियो में लिखित परीक्षा होगी। परीक्षा में कुल 4817441 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। इसमें ढेर सारे अभ्यर्थियों ने भर्ती बोर्ड को यह जानकारी दी है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय अथवा उसमें संशोधन करते समय खुद से या साइबर कैफे द्वारा फार्म में विभिन्न तरह की त्रुटि हो गई हैं। ऐसे में उन्हें परीक्षा में शामिल होने से वंचित न किया जाए। उसके बाद बोर्ड की ओर से निर्देश जारी किया गया। जिसमें कहा गया है कि जरूरी औपचारिकता पूरी कराकर अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल कराना सुनिश्चित किया जाए।

## फेमा मामले में टीएमसी की नेता महुआ मोइत्रा को ईडी का समन



▸▸ पूछताछ के लिए 19 फरवरी को बुलाया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता और पूर्व लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा को फेमा कानून के कथित उल्लंघन के एक मामले में समन जारी कर अगले सप्ताह पेश होने को कहा है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि 49 वर्षीय मोइत्रा को दिल्ली स्थित ईडी कार्यालय में 19 फरवरी को पेश होने को कहा है। सूत्रों ने बताया कि मोइत्रा के पेश होने पर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जा सकता है। मोइत्रा के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी जांच कर रही है। वह लोकपाल द्वारा मामला भेजे जाने पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्राथमिक जांच कर रही है। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर उपहार के बदले लोकसभा में सवाल पूछने का आरोप लगाया था।

## रजिस्ट्रार जनरल को मिला बम की धमकी वाला ईमेल

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ धमकी मिलने के बाद दिल्ली उच्च न्यायालय की बढ़ाई गई सुरक्षा

दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक (रजिस्ट्रार जनरल) को एक ईमेल के जरिए बम की धमकी मिलने के बाद अदालत में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को बुधवार को उनके आधिकारिक अकाउंट में ईमेल मिला। बलवंत देसाई नामक व्यक्ति द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय के महापंजीयक को 12 फरवरी को भेजे गए ईमेल में आगाह किया गया है कि गुरुवार को एक बम धमाका होगा और यह दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। ईमेल में लिखा है कि यह दिल्ली में सबसे बड़ा विस्फोट होगा। मंत्री को भी फोन करो, सबको उड़ा दिया जाएगा। इस ईमेल को गंभीरता से लेते हुए प्राधिकारियों ने सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल के बाद उच्च न्यायालय के प्राधिकारियों ने दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा को एक पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया है कि उच्च न्यायालय के सक्षम प्राधिकरण ने मामले को गंभीरता से लिया है और आयुक्त से उच्च न्यायालय परिसर में और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ाने का अनुरोध किया है।

## हेमंत सोरेन को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा

**रांची।** रांची में एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गुरुवार को 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष सोरेन ईडी की हिरासत में थे। पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से पेश हुए महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि हेमंत सोरेन को आज विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया और उन्हें 22 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। हम उनके लिए जमानत याचिका दायर करेंगे।

## राम लला और अयोध्या थीम पर सिक्का जारी

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को अयोध्या में राम जन्मभूमि पर बने भव्य राम मंदिर पर एक स्मारक सिक्का जारी किया। राम लला और अयोध्या की थीम पर आधारित रंगीन सिक्का में एक तरफ राम लला की प्रतिमा तो दूसरी ओर राम मंदिर की आकृति बनी है। यह सिक्का एसपीएमसीआईएलआई की वेबसाइट से खरीदा जा सकता है। इसके अलावा दो अन्य स्मारक सिक्के भी जारी किए जो महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर हैं।

उन्होंने सार्वजनिक क्षेत्र की भारतीय प्रतिभूति मुद्रण तथा मुद्रा निर्माण निगम लि. (एसपीएमसीआईएल) के 19वें स्थापना दिवस समारोह में भगवान बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति पर दो धातुओं से बना सिक्का और इसमें एक सींग वाले गैंडे (देश में लुप्तप्राय पशु श्रृंखला का हिस्सा) पर सिक्का जारी किया। बुद्ध की ज्ञान प्राप्ति पर जारी सिक्का सीमित संस्करण वाला है और इस पर बुद्ध और स्तूप की तस्वीर है। सीतारमण ने पंचतंत्र विषय पर स्मारक टिकट और सिक्के लाने के लिए एसपीएमसीआईएल के प्रयासों की सराहना की। इन्हें भारत ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष-विश्व बैंक की द्विपक्षीय बैठकों के दौरान उपहार में दिया था। वित्तमंत्री ने कहा कि हाल ही में आप जिन विषयों को लेकर आ रहे हैं, चाहे वह स्मारक टिकट हों या सिक्के, यह बताता है कि आप दुनियाभर की गतिविधियों से अवगत हैं। आप पर्यावरण और दिव्यांगों के लिए चिंताओं को समझते हैं। साथ ही इसे इतना आकर्षक बनाना चाहते हैं जिसे किसी को उपहार दिया जा सके। वर्चुअली आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता सीतारमण ने की।



एसपीएमसीआईएल के स्थापना दिवस समारोह के दौरान सिक्का जारी करतीं वित्तमंत्री।

▸▸ रंगीन सिक्के में एक ओर रामलला तो दूसरी ओर उकेरी गई है श्रीराम मंदिर की आकृति

▸▸ वित्तमंत्री ने महात्मा बुद्ध और एक सींग वाले गैंडे पर भी जारी किए स्मारक सिक्के



राम लला और अयोध्या में बने राम मंदिर को लेकर जारी स्मारिका सिक्का को 50 ग्राम के 999 शुद्ध रजत से बनाया गया है। इसकी कीमत 5 हजार रुपये से अधिक है।

# भारतीय टेस्ट कैप पाकर भावुक हो गए सरफराज और जुरेल

## राहुल के चोटिल होने, अय्यर के बाहर और विराट की अनुपस्थिति के कारण टेस्ट टीम में मिली जगह

राजकोट, एजेंसी

भारतीय टीम में गुरुवार सुबह तब भावनाएं पड़ी जब सरफराज खान और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल को इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच से पहले टेस्ट कैप सौंपी गई। मुंबई की तरफ से अच्छा प्रदर्शन कर रहे सरफराज लंबे समय से भारतीय टीम का दरवाजा खटखटा रहे थे लेकिन इस खिलाड़ी को आखिर इंतजार के बाद टेस्ट टीम में जगह मिल गई।



केएल राहुल के चोटिल होने, श्रेयस अय्यर को बाहर किए जाने तथा विराट कोहली की अनुपस्थिति से सरफराज को टेस्ट टीम में जगह मिला। दूसरी तरफ केएस भरत के बल्लेबाजी में लगातार लचर प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश के जुरेल का विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अंतिम एकादश में चयन तय माना जा रहा था। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उनका औसत लगभग 47 है। सरफराज भारत के 311वें और जुरेल 312वें टेस्ट क्रिकेटर बने। दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और देश के

**311 वें टेस्ट क्रिकेटर बने सरफराज**

**312 वें खिलाड़ी चुने गए ध्रुव जुरेल**

सबसे सफल गेंदबाज अनिल कुंबले ने टेस्ट कैप दी। कुंबले ने कहा कि सरफराज जैसे आगे बढ़े उस पर हमें गर्व है। आपने जो हासिल किया मुझे विश्वास है कि आपके पिता और परिवार को गर्व होगा। आपसे पहले केवल 310 लोग टेस्ट खेले हैं। सरफराज को बाद में अपने पिता और कोच नौशाद खान को अपनी टेस्ट कैप दिखाते हुए देखा गया। यही नहीं उनकी पत्नी की आंखों में आंसू छलक आए और सरफराज को उन्हें पोंछते हुए देखा गया। जुरेल को पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने टेस्ट कैप सौंपी। कार्तिक ने कहा कि आगरा से आना और छोटी उम्र में नोएडा जाना और आपके साथ आपकी मां का होना। इस यात्रा में कुछ मुश्किलें जरूर आई होंगी। इस यात्रा में कई लोगों ने आपकी मदद की होगी और मुझे यकीन है कि आज आपको देखकर वे खुश हो रहे होंगे। उन्होंने कहा कि आपने विभिन्न प्रारूप में मैच खेले होंगे लेकिन टेस्ट क्रिकेट सबसे कड़ा प्रारूप होता है और जब आप इस प्रारूप में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो बहुत संतुष्टि मिलती है।

# टी-20 विश्व कप तक भारत के मुख्य कोच राहुल और टीम के कप्तान रहेंगे रोहित : शाह

राजकोट, एजेंसी

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने पुष्टि की कि राहुल द्रविड़ इस साल जून में होने वाले टी-20 विश्व कप तक मुख्य कोच बने रहेंगे। द्रविड़ का अनुबंध पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद समाप्त हो गया था, लेकिन उन्हें कार्यकाल तय किए बिना उनके सहयोगी स्टाफ के साथ दिसंबर जनवरी में दक्षिण अफ्रीका के दौरे तक पद पर बने रहने के लिए कहा गया था। शाह ने कहा कि उन्होंने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी-20 विश्व कप तक द्रविड़ को मुख्य कोच बनाए रखने का फैसला करने से



पहले इस पूर्व कप्तान से बातचीत की। शाह ने कहा कि विश्व कप के बाद राहुल को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर जाना पड़ा। आप राहुल द्रविड़ जैसे सीनियर के अनुबंध को लेकर चिंतित क्यों हैं। वह टी-20 विश्व कप में भी कोच बने रहेंगे। शाह ने हालांकि संकेत दिए कि टी20 विश्व कप से पहले उनके बीच कुछ दौर की बातचीत होगी।

### रोहित की अगुवाई में भारत टी-20 विश्वकप जीतेगा

जय शाह ने भारत की कप्तानी पर कहा कि उन्हें भरोसा है कि रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत खिताब जीतेगा। शाह ने सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन (एससीए) स्टेडियम का नाम बदलकर निरंजन शाह स्टेडियम करने के कार्यक्रम में कहा कि हम भले ही 2023 वनडे विश्वकप का फाइनल हार गए हों, लेकिन हमने लगातार 10 मैच जीतकर दिल जीत लिया। मुझे विश्वास है कि भारत बारबाडोस में रोहित की कप्तानी में 2024 टी-20 विश्वकप जीतेगा। शाह ने टी-20 विश्वकप के लिए रोहित को कप्तानी की कमान सौंपने के फैसले के बारे में यह जानकारी दी।

## खेल डायरी

### डब्ल्यूपीएल 2 : यूपी वारियर्स से जुड़े अभय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सहयोगी स्टाफ का हिस्सा रह चुके अभय शर्मा 23 फरवरी से शुरू हो रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के दूसरे सत्र से पहले यूपी वारियर्स से क्षेत्ररक्षण और विकेटकीपिंग कोच के रूप में जुड़ गए हैं। रेलवे के पूर्व रणजी कप्तान अभय ने पिछले घरेलू सत्र में दिल्ली की रणजी टीम को कोचिंग दी थी। वह भारत ए और भारत अंडर-19 टीम के क्षेत्ररक्षण कोच की भूमिका भी निभा चुके हैं। इंग्लैंड के जॉन लुईस यूपी वारियर्स के मुख्य कोच हैं। डब्ल्यूपीएल के सूत्र ने कहा कि अभय यूपी वारियर्स के ट्रेनिंग शिविर से जुड़ गए हैं। अभय 54 साल के हैं और उन्होंने 1988 से 2003 के बीच 89 प्रथम श्रेणी मैच खेले। यूपी वारियर्स की टीम बेंगलुरू में ट्रेनिंग कर रही है। डब्ल्यूपीएल का पहला चरण बेंगलुरू में होगा जिसके बाद दूसरा और अंतिम चरण दिल्ली में खेला जाएगा।



### स्वास्थ्य को लेकर चिंतित नडाला कतर ओपन से हटे

**दोहा (कतर), एजेंसी।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल अगले सप्ताह से शुरू होने वाले कतर ओपन से हट गए हैं, क्योंकि उनका मानना है कि कोर्ट पर वापसी के लिए अभी वह पूरी तरह से स्वस्थ नहीं हैं। नडाल ने सोशल मीडिया पर लिखा, मैं दोहा में खेलना पसंद करता जहां आयोजकों के साथ दर्शकों ने भी मेरा भरपूर समर्थन किया। दुर्भाग्य से मैं अभी प्रतिस्पर्धा के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हूं और इस कारण दोहा नहीं आ पाऊंगा। मैं 2014 की अविस्मरणीय जीत के बाद दोहा में खेलना चाहता था। मैं लास वेगास में होने वाले प्रदर्शनी मैच और इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में खेलने के लिए खुद को तैयार करने पर ध्यान दूंगा। स्पेन के इस खिलाड़ी को 3 मार्च को कार्लोस अल्कराज़ के खिलाफ प्रदर्शनी मैच खेलना है और इसके बाद वह कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे।

### फीफा रैंकिंग में भारत खिसककर 117वें स्थान पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय फुटबॉल टीम हाल में एएफसी एशियाई कप में निराशाजनक प्रदर्शन के कारण गुरुवार को फीफा रैंकिंग में 15 पायदान खिसककर 117वें स्थान पर पहुंच गई जो 7 साल में उसकी सबसे खराब रैंकिंग है। भारत एएफसी एशियाई कप में अपने सभी तीनों ग्रुप मैच गंवा बैठा था। यह भारत की जनवरी 2017 में 129वीं रैंकिंग के बाद सबसे खराब रैंकिंग है। अब तक देश की सबसे खराब रैंकिंग 2015 में 173 थी। भारत ने पिछली रैंकिंग से 35 .63 रेटिंग अंक गंवा दिए। अब यह टोगो (116वीं रैंकिंग) और गिनी बिसाऊ (118वीं) के बीच में है। एशियाई देशों में भारत की रैंकिंग 22 है। कोच इगोर स्टिमक के मार्गदर्शन में भारत एशियाई कप में आस्ट्रेलिया से 0-2, उज्बेकिस्तान से 0-3 और सीरिया से 0-1 से हार गया था जिससे उसे कोई अंक नहीं मिला और टीम इसमें कोई गोल भी नहीं कर पाई।

### द. अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को दिया 267 रन का लक्ष्य

**हैमिल्टन (न्यूजीलैंड), एजेंसी।** डेविड बेडिंगहैम के शतक की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन न्यूजीलैंड के सामने 267 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने इसके जवाब में तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक 1 विकेट पर 40 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड ने दिन के अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर डेवोन कॉनवे (17) का विकेट गंवाया, जिन्हें ऑफ स्पिनर डेन पीट ने पगबाधा आउट किया। स्टंप के समय टॉम लैथम 21 रन पर खेल रहे थे। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में 235 रन बनाए। उसकी पारी का आकर्षण बेडिंगहैम का शतक रहा, जिन्होंने 110 रन बनाए जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। बेडिंगहैम ने इस बीच कीगन पीटरसन (43) के साथ पांचवें विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की। इन दोनों के अलावा कप्तान नील ब्रांड (34) और जुबेर हम्ज़ा (17) ही दोहरे अंक में पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका ने अपने अंतिम छह विकेट 33 रन के अंदर गंवाए।



# पहले दिन रोहित और जडेजा ने जड़ा शतक

## तीसरे टेस्ट के पहले दिन खेल समाप्त होने तक भारत ने बनाए 5 विकेट पर 326 रन

राजकोट, एजेंसी



कप्तान रोहित शर्मा और रविंद्र जडेजा ने गुरुवार को शतक जड़कर न सिर्फ टीम को शुरुआती झटकों से उबारा बल्कि इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच का पहला दिन भी भारत के नाम किया। भारत ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक 5 विकेट पर 326 रन बनाए हैं। रोहित (131) और जडेजा (नाबाद 110) ने चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की। यह भारत की तरफ से इंग्लैंड के खिलाफ चौथे विकेट के लिए तीसरी बड़ी साझेदारी है। इन दोनों के अलावा अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज खान ने 66 गेंद पर 62 रन की मनोरंजक पारी खेली। स्टंप उखड़ने के समय जडेजा के साथ नाइट वॉचमैन कुलदीप यादव एक रन पर खेल रहे थे।



रोहित और जडेजा ने तब मोर्चा संभाला जब भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर अपने तीन युवा बल्लेबाजों यशस्वी जायसवाल (10), शुभमन गिल (00) और रजत पाटीदार (05) के विकेट गंवा दिए थे। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज मार्क वुड ने अब तक 69 रन देकर 3 विकेट लिए हैं। रोहित और जडेजा ने सहजता से रन बटोरे। उन्हें निरंजन शाह स्टेडियम की बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर परेशानी नहीं हुई। वुड को हालांकि सुबह के सत्र में थोड़ा मूवमेंट मिल रहा था लेकिन बाद में इस तेज गेंदबाज ने शॉर्ट पिच गेंदों से भारतीय बल्लेबाजों की परीक्षा ली। रोहित ने लेग स्पिनर रेहान अहमद की गेंद पर दो रन लेकर अपना 11वां टेस्ट शतक पूरा किया जो इंग्लैंड के खिलाफ उनका तीसरा शतक है। रोहित ने विशेषकर रेहान को निशाने पर रखा लेकिन वुड ने शॉर्ट पिच गेंद करना जारी रखा। रोहित का धैर्य जवाब दे गया और इस तेज गेंदबाज की एक और शॉर्ट पिच गेंद को सबक सिखाने के प्रयास में मिड विकेट पर बेन स्टोक्स को कैच दे बैठे। उन्होंने 196 गेंद का सामना करके 14 चौके और 3 छक्के लगाए। जडेजा ने शतक के करीब पहुंचने के बाद धीमी बल्लेबाजी की। उन्होंने 198 गेंद का सामना करके अपने टेस्ट कॅरियर का चौथा शतक लगाया। इस ऑल राउंडर ने लेग साइड में रन बटोरे तथा विकेटों के बीच उनकी दौड़ शानदार रही। जडेजा ने अब तक 212 गेंद का सामना करके 9 चौके और 2 छक्के जड़े हैं। सरफराज को देखकर नहीं लगा कि वह अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे हैं। उन्होंने आक्रामक बल्लेबाजी की तथा मैदान के चारों तरफ शॉट लगाकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया। उन्होंने बाएं हाथ के स्पिनर टॉम हार्टली की गेंद छक्के के लिए भेजी और 48 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। जब लग रहा था कि सरफराज बड़ी पारी खेलने में सफल रहेंगे तब जडेजा के साथ गफलत के कारण उन्हें रन आउट होना पड़ा। उन्होंने 66 गेंद की अपनी पारी में 9 चौके और 1 छक्का लगाया। भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही जबकि वुड ने सुबह के सत्र में 2 और हार्टली ने 1 विकेट लेकर इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई। वुड की गति और पिच से मिल रहे मूवमेंट के कारण भारत को शुरू में कुछ करारे झटके लगे। पहले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सलामी बल्लेबाज जायसवाल कुछ खास नहीं कर पाए तथा वुड की गेंद पर स्लिप में कैच दे बैठे। विशाखापत्तनम टेस्ट में शतक बनाकर वापसी करने वाले गिल को वुड ने खाता भी नहीं खोलने दिया। उन्होंने विकेटकीपर बेन फॉक्स को आसान कैच दिया। गिल की पारी केवल नौ गेंद तक सीमित रही। भारत का स्कोर तब 3 पर 33 रन हो गया। नंबर 4 पर आए पाटीदार ने हार्टली की गेंद पर शॉर्ट कवर पर खड़े बेन डकेट को कैच दिया। दो मैच में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाने वाले रोहित का भाग्य ने साथ दिया। जेम्स एंडरसन की गेंद पर उन्हें पगबाधा दे दिया गया था, लेकिन डीआरएस से पता चला की गेंद उनके बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर पैड से टकराई थी। इसके कुछ ओवर बाद जो रूट ने हार्टली की गेंद पर स्लिप में उनका कैच छोड़ा। रोहित तब 27 रन पर खेल रहे थे।

### भारत-इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला

- भारतीय टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 33 रन पर यशस्वी, शुभमन और रजत का विकेट गंवाया
- रोहित और जडेजा ने 204 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला, सरफराज ने दिया 62 रन का योगदान
- इंग्लैंड की तरफ से तेज गेंदबाज मार्क वुड ने 69 रन देकर 3 विकेट लिए

### स्कोर बोर्ड

| भारत (पहली पारी) | 326/5 (86 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
| यशस्वी जायसवाल का रूट बो वुड | 10 | 10 | 2/0 |
| रोहित शर्मा का स्टोक्स बो मार्क वुड | 131 | 196 | 14/3 |
| शुभमन गिल का फोक्स बो मार्क वुड | 00 | 09 | 0/0 |
| रजत पाटीदार का डकेट बो टॉम हार्टली | 05 | 15 | 1/0 |
| रविंद्र जडेजा (खेल रहे) | 110 | 212 | 9/2 |
| सरफराज खान रन आउट (मार्क वुड) | 62 | 66 | 9/1 |
| कुलदीप यादव (खेल रहे) | 01 | 10 | 0/0 |

**अतिरिक्त :** (बाई-1, लेगबाई-3, नो बॉल -2, वाइड-1) 07, **विकेट पतन :** 1-22, 2-24, 3-33, 4-237, 5-314, **गेंदबाजी :** जेम्स एंडरसन 19-5-51-0, मार्क वुड 17-2-69-3, टॉम हार्टली 23-3-81-1, जो रूट 13-1-68-0, रेहान अहमद 14-0-53-0

# डब्ल्यूएफआई के फिर से निलंबन की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक पदक विजेता बजरंग पूनिया ने गुरुवार को कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूनाईटेड वर्ल्ड रेस्लिंग (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) से भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को फिर से निलंबित करने की अपील की।




उन्होंने कहा कि संजय सिंह की अगुआई वाली संस्था को बहाल करने से पहलवान 'खतरे और उत्पीड़न' के दायरे में आ गए हैं। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने मंगलवार को भारत पर लगा अस्थाई प्रतिबंध हटा दिया लेकिन राष्ट्रीय महासंघ को निर्देश दिया कि वह लिखित गारंटी दे कि विरोध कर रहे पहलवानों बजरंग, साक्षी मलिक और विनेश फोगाट के खिलाफ भेदभावपूर्ण कार्रवाई नहीं की जाएगी। बजरंग ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने हैंडल में साझा किए पत्र में लिखा कि इस फैसले से भारतीय पहलवान एक बार फिर डब्ल्यूएफआई सदस्यों से खतरे और उत्पीड़न के दायरे में आ गए हैं। समय पर चुनाव नहीं कराने के लिए यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने पिछले साल 23 अगस्त को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था। कई अड़चनों के बाद अंततः डब्ल्यूएफआई के चुनाव हुए और संजय सिंह को अध्यक्ष चुना गया। बजरंग ने कहा कि हम पहलवान आपसे अनुरोध करते हैं कि विभिन्न माध्यमों से अनुचित कार्यों और उत्पीड़न के खिलाफ भारतीय खिलाड़ियों का समर्थन करें। भारतीय पहलवान न्याय और निष्पक्ष एवं सुरक्षित खेल के अपने अधिकारों के लिए आपकी ओर देख रहे हैं। हमें उम्मीद है कि आप भारत में स्वच्छ और निष्पक्ष खेल गतिविधियों का समर्थन तथा डब्ल्यूएफआई के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई के हमारे अनुरोध पर विचार करेंगे।

# भारतीय पुरुष टीम चीन से 2-3 से हारी

शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी

भारतीय पुरुष टीम को सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार युगल जोड़ी की कमी खली, जिससे उसे गुरुवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप (बीएटीसी) के ग्रुप मैच में चीन से 2-3 से हार मिली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन ने अपने एकल मुकाबले जीते लेकिन चीन ने दोनों युगल मुकाबले जीतकर स्कोर 2-2 कर दिया और अंतिम मैच में चिराग सेन को वांग झेंग जिंग से हार मिली, जिससे भारत मुकाबला गंवा बैठा। पहले ही नॉकआउट में जगह बना चुकी भारतीय टीम ग्रुप में दूसरी रही और चीन ने शीर्ष स्थान पाया। पता चला है कि सात्विक और चिराग को टीम प्रबंधन ने आराम दिया था क्योंकि भारत पहले ही हांगकांग पर 4-1 की जीत से क्वार्टरफाइनल में जगह बना चुका था। प्रणय ने वेंग पर जीत दर्ज कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। पहले युगल में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला एक गेम जीतने के बावजूद चेन बो यांग और लियू यिन से पराजित हो गए। लक्ष्य सेन ने फिर लेई लान जि को हराकर भारत को वापसी कराई। लेकिन सूरज गोआला और पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय की जोड़ी को दूसरे युगल में रेन जियांग यु और जि हाओ नान की जोड़ी से हार मिली, जिससे स्कोरलाइन 2-2 हो गई। निर्णायक मैच में चिराग भारत के लिए मैच नहीं जीत सके।

**बीएटीसी**





# बॉलीवुड हलचल

## शैतान का गाना खुशियां बटोर लो रिलीज



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और आर माधवन स्टारर सुपरनैचुरल थ्रिलर फिल्म शैतान का पहला गाना खुशियां बटोर लो रिलीज हो गया है। अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर गाने को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'जब आप अपने परिवार के साथ होते हो, तो हर पल कीमती और खूबसूरत'। विकास बहल के निर्देशन में बनी फिल्म 'शैतान' में अजय देवगन के साथ आर माधवन और ज्योतिका मुख्य भूमिका में नजर आने वाली हैं।

## आलिया भट्ट की सीरीज पोचर का ट्रेलर जारी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट निर्मित फिल्म पोचर का ट्रेलर रिलीज हो गया है। 'पोचर' अमेज़न प्राइम वीडियो की ओरिजिनल क्राइम सीरीज़ है। इसका ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। 'पोचर' को आलिया भट्ट ने प्रोड्यूस किया है. वहीं, निर्देशक रिची मेहता है। यह सीरीज असल घटना पर बनी है, इसकी कहानी एक हाथी के इर्द-गिर्द घूमती है। पोचर 23 फरवरी को अमेज़न प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। पोचर को हिंदी के साथ इंग्लिश, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। 'पोचर' के ट्रेलर में हाथियों की लगातार हो रही हत्या की एक झलक दिखाई गई है। इस अवैध शिकार में पुलिस वालों के साथ तमाम लोग इस गिरोह में शामिल होते हैं। इस गिरोह पर जांच बैठती है।



## मधुबाला के बाद माधुरी सबसे खूबसूरत अभिनेत्री

बॉलीवुड में जब भी खूबसूरती की का जिक्र होता है मधुबाला के बाद माधुरी दीक्षित का नाम आना लाजमी है। 90 के दशक में माधुरी के नाम का डंका बजता था और वो न केवल सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्री थीं बल्कि कई सुपरस्टार्स से अधिक फीस लिया करती थीं। फिल्म तेजाब का गाना एक, दो, तीन पर माधुरी ने ऐसा डांस किया कि जिसे आज भी उदाहरण की तरह देखा जाता है। इस फिल्म के साथ ही माधुरी की स्टारडम की जर्नी भी शुरू हो गई थी। शादी के बाद जब माधुरी भारत छोड़ कर चली गईं तो उनके फैंस बेहद निराश हुए थे और शायद उन्हीं के लिए वो लौट आईं। माधुरी दीक्षित ने साल 1984 में राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म अबोध से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। हालांकि उनकी इस फिल्म में उन्हें खास पसंद नहीं किया गया। 1988 में आई फिल्म तेजाब उनके लिए जैकपॉट साबित हुई। इस फिल्म में माधुरी ने अपनी काबिलियत साबित की। उनके डांस के लोग दीवाने हो गए। फिल्म के आइकोनिक सॉन्ग 'एक-दो-तीन' का आज भी कोई जवाब नहीं है। तेजाब के बाद बेटा और दिल जैसी फिल्मों के साथ माधुरी बॉलीवुड पर छा गईं। इसके बाद आई राजश्री प्रोडक्शन की फिल्म 'हम आपके हैं कौन' जिसकी सफलता ने माधुरी को लेडी सुपरस्टार बना दिया। करियर के पीक पर माधुरी ने 1999 में डॉ श्रीराम नेने से शादी की और फिर अमेरिका चली गईं। इस बात से उनके फैंस बेहद निराश हुए, लेकिन 2007 में माधुरी ने 'आजा नचले' से कमबैक किया और फिर कई सारी सफल फिल्में दीं।



## एकता कपूर ने की मोशन पोस्टर के साथ लव, सेक्स और धोखा 2 की घोषणा



फिल्मकार एकता कपूर ने लव, सेक्स और धोखा की अगली किस्त की घोषणा की। दिबाकर बनर्जी द्वारा निर्देशित यह फिल्म 19 अप्रैल को रिलीज होगी। बनर्जी ने ही 2010 में इसके पहले भाग का निर्देशन किया था। उनकी आखिरी निर्देशित फिल्म 2021 में रिलीज हुई थी जिसका नाम संदीप और पिंकी फरार था। एकता कपूर और उनके बैनर, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड ने संयुक्त रूप से एक मोशन पोस्टर के साथ अपने सोशल मीडिया पेज पर फिल्म की रिलीज की तारीख साझा की है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा कि ये वैलेंटाइन डे आसान नहीं, बस इतना समझ लीजिए, 'लव सेक्स और धोखा' का दरिया है और डूब के जाना है। लव सेक्स और धोखा 2सिनेमाघरों में 19 अप्रैल को। निर्माताओं के अनुसार, लव, सेक्स और धोखा 2 या एलएसडी 2 रिश्तों की जटिलताओं का पता लगाता है और इंटरनेट के युग में आधुनिक प्रेम के छिपे पहलुओं को उजागर करता है। फिल्म एक मनोरंजक कथा और सम्मोहक प्रदर्शन के माध्यम से प्यार, विश्वासघात और हमारी तकनीकी रूप से संचालित दुनिया के परिणामों को गहराई से उजागर करने का वादा करती है। इसका निर्माण एकता आर कपूर और शोभा कपूर ने किया है।

## शाहरुख खान की फिल्म डंकी ओटीटी पर



शाहरुख खान, तापसी पन्नू और विक्की कौशल अभिनीत डंकी आखिरकार ओटीटी पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। एक नाटकीय प्रदर्शन के बाद राजकुमार हिरानी निर्देशित फिल्म नेटफ्लिक्स पर देखी जा सकती है। स्ट्रीमिंग दिग्गज ने बुधवार आधी रात को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी घोषणा की। स्ट्रीमिंग प्लेटफोर्म नेटफ्लिक्स ने पोस्ट के साथ लिखा कि अपना सामान पैक करें। दुनिया भर में डंकी के बाद, अब नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग। डंकी शाहरुख की 2023 की तीसरी रिलीज़ थी। दो बैक-टू-बैक मेगा ब्लॉकबस्टर के बाद फिल्म से उम्मीदें बहुत अधिक थीं। यह फिल्म भले ही बॉक्स ऑफिस पर 'पठान' और 'जवान' की तरह प्रदर्शन नहीं कर पाई, लेकिन मेगा हिट रही और भारत में 227 करोड़ की कमाई की। फिल्म के कलेक्शन पर सबसे ज्यादा असर प्रभास-स्टारर सालार पार्ट वन : सीजफायर से हुआ, जो शाहरुख की फिल्म के साथ रिलीज हुई थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

**20** लोगों को कतार में खड़ा कर गोलियों से भूना था



**14** फरवरी 1981 को हुआ था बेहमई नरसंहार



# फैसला तो आ गया, पर नफरत अभी भी नहीं गई

- बेहमई और गुढ़ा का पुरवा के बीच सड़कें और पुल तो बना पर दिलों की दूरियां कम नहीं हुईं
- कहीं गज़ब की नफरत तो कहीं फूलन का मंदिर बना कर उसकी पूजा की जाती है

शैलेश अवस्थी, कानपुर

**अमृत विचार:** अब से 43 साल पहले कानपुर देहात के बेहमई गांव में डकैत फूलन देवी और उसके गैंग ने जो नरसंहार किया था, उसका फैसला तो आ गया, लेकिन दो गांवों के बीच नफरत की दीवार नहीं गिर सकी है । आज भी बेहमई गांव के लोग न तो गुढ़ा का पुरवा (फूलन का गांव ) जाते हैं और न ही वहां के लोग बेहमई की तरफ झांकने की हिम्मत जुटा पाते हैं।



बीहड़ छोड़ने के बाद भी फूलन देवी को असलहों का शौक बरकरार रहा। (**फाइल फोटो**)

बेहमई गांव से गुढ़ा का पुरवा के बीच कोई चार किलोमीटर की दूरी है लेकिन दिलों की दूरी ऐसी कि कोई आज तक नहीं पाट सका । मुलायम सिंह यादव ने जब फूलन को सांसद बनाया, तब कहा था कि वह बेहमई को सैफई बना देंगे । फूलन भी बेहमई जाकर माफ़ी मांगना चाहती थीं, पर उन्हें वहां घुसने नहीं दिया गया था। इतनी नफरत थी फूलन से बेहमई से । गांव वालों का कहना है कि फूलन ने गुनहगार को मारा होता तो कोई बात नहीं, लेकिन उसने बेहगुनाहों का खून बहाया । उनकी विधवाएं अभी भी खून के आंसू रो रहीं हैं। कैसे माफ़ कर दें।

बेहमई ठाकुरों तो गुढ़ा का पुरवा (कालपी ) मल्लाहों का गांव है। कहते हैं कि अपने ऊपर अत्याचारों से परेशान होकर फूलन ने बंदूक उठाई थी ।

उसे जानकारी हुई कि उसके दुश्मन डकैत लालाराम -श्रीराम को बेहमई में शरण मिलती है और इसी कारण उसने 14 फरवरी 1981 को उस गांव में धावा बोला था । पूरे गांव को घेरकर सभी 25 पुरुषों को कुएं के पास एकत्र किया और फिर मैदान में उन्हें लाइन में खड़ा कर उन पर गोलियों की बौछार कर दी थी । इसमें 20 लोगों की मौत हो गई थी । उस समय वीपी सिंह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे । इस नरसंहार से सरकार हिल गई थी । इसके बाद कई डकैत मारे गए और फूलन ने आत्मसमर्पण कर दिया था।

## 43 साल में बहुत कुछ बदल गया, मगर बुजुर्गों की जहन में उस नरसंहार तस्वीर आज भी वैसी ही

बाद में मुलायन सिंह यादव ने फूलन को मिर्जापुर से सपा का टिकट देकर सांसद बना दिया था। इसके बाद तो बेहमई ने हमेशा सपा का बहिष्कार किया। इस नरसंहार के बाद बेहमई और गुढ़ा का पुरवा के बीच नफरत की ऐसी खाई बनी जो अभी तक नहीं पट सकी है । फूलन के गांव वाले अभी भी बेहमई जाने से घबराते हैं । फूलन की हत्या से पहले तक तो अगर कोई फूलन के गांव वाला बेहमई में दिख गया तो उसकी शामत आ जाती थी । कई बार घर कर पीटा भी गया । एक -दूसरे के गांव में शादियां भी नहीं करते । एक दूसरे के गांव के बारे में बोलने से भी कतराते हैं लेकिन नफरत आँखों में साफ झलकती है ।



गुढ़ा का पुरवा में फूलन की प्रतिमा।

### वहां जाने से डरते हैं...

- मुझे बेहमई के पास सड़क बनाने का काम मिला था पर मैंने बिल्कुल मना कर दिया । बहुत डर लगता है । पता नहीं क्या कर दें । कई बार बेहमई में हमारे गांव वालों को घेरकर उन्हें अपमानित किया जा चुका है ।

**मोहन (गुढ़ा का पुरवा )**

- **बस बगल के गांव तक गए....**: मैंने अपनी बेटी की शादी बेहमई के बगल के गांव खोजा में की है । उस गांव का रास्ता बेहमई होकर जाता है तो उधर से गुजरते जी घबराता है लेकिन कभी कुछ नहीं हुआ ।

**सिद्धनाथ (गुढ़ा का पुरवा )**

- हम क्यूं जाएं गुढ़ा का पुरवा : हम कभी फूलन के गांव नहीं गए, क्यूं जाएं । उसने तो यहां निर्दोष लोगों का खून बहाया । उसे कैसे माफ़ी दी जा सकती है । बुजुर्गों ने वह मंज़र देखा है, नई पीढ़ी क्या जाने दर्द । जिनके सुहाग उजड़ गए, उन्हें कैसे दिलासा मिलेगी ।

### इधर स्मारक तो उधर मंदिर

बेहमईकांड में मारे गए 20 ठाकुरों की याद में गांव में ही उस स्थान पर स्मारक बनवाया गया है जहां फूलन देवी ने 14 फरवरी 1981 को नरसंहार किया था । इसे देख फूलन देवी की क्रूरता याद की जाती है । हर साल यहां श्रद्धांजलि सभा होती है । दूसरी तरफ गुढ़ा का पुरवा में फूलन देवी की प्रतिमा स्थापित कर मंदिर का रूप देकर वहां उसकी पूजा की जाती है । गांव के लोग कहते हैं कि उसने अत्याचार के खिलाफ बंदूक उठाई और न जाने कितनी लड़कियों की प्रेरणा बनी ।

# खुद को बेकसूर साबित करने में लग गए 43 बरस

## इंसाफ की लड़ाई में विश्वनाथ की बिक गई पांच बीघा जमीन, दोषमुक्त होने के 14 दिन पहले ही चल बसी थी विश्वनाथ की पत्नी

मोहम्मद तस्लीम, राजपुर

- 16 साल की उम्र में जेल गए थे विश्वनाथ, अब आ गया बुढ़ापा
- स्कूल की कक्षा से पुलिस ने बुलाया और साथ ले गई थी

**अमृत विचार:** बेहमई कांड में आरोपी बने सिकंदरा थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव के रहने वाले विश्वनाथ उर्फ पुतानी उर्फ कृष्ण स्वरूप को आखिर न्याय के मंदिर से इंसाफ मिल गया। बुधवार को अदालत ने अपने फैसले में विश्वनाथ उर्फ पुतानी को दोष मुक्त कर दिया, लेकिन उन्हें अपने को बेकसूर साबित करने में पूरे 43 साल लग गए। कानूनी लड़ाई जीतने के बाद विश्वनाथ पूरी दास्तां सुनाते-सुनाते भावुक हो गए और अपने आंसू नहीं रोक पाए।



अपनी बात कहते रो पड़े विश्वनाथ।



महेशपुर गांव में लोगों के बीच बैठे बेहमई कांड से बरी हुए विश्वनाथ। अमृत विचार

अदालत से इंसाफ पाने के बाद गुरुवार को अपने घर के बाहर गांव वालों के बीच बैठे विश्वनाथ ने बताया कि जब उन्हें गिरफ्तार किया गया, तब 16 साल की उम्र थी। कुंवरपुर इंटर कालेज में हाईस्कूल की पढ़ाई कर रहे थे। बेहमई कांड के बाद उन्हें पुलिस ने स्कूल की कक्षा से पूछताछ के लिए गांव बुलवाया था और लोगों से । पहचान कराने के बाद थाने ले गई थी। इसके बाद बेहमई गांव से करीब 15 लोगों को बुलाकर उन्हें पकड़े जाने की सूचना दी थी। तीन दिन तक कड़ाई से पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया।

करीब तीन महीने जेल में गुजारने पड़े। जेल से छूटने के बाद तारीख पर तारीख का सिलसिला चलता रहा और खुद को बेकसूर साबित करने के लिए करीब पांच बीघा जमीन बिक गई। परिजनों का भरण पोषण के लिए भारी संकट का सामना करना पड़ा। बीते दिनों को याद करते हुए विश्वनाथ भावुक हो गए और उन्होंने बिलखते हुए बताया कि अदालत का फैसला आने से 14 दिन पहले ही पत्नी शीला देवी की मौत हो गई। निधन होने के बाद पिछली 12 फरवरी को पत्नी की तेरहवीं थी और 14 फरवरी को कोर्ट ने फैसला सुनाया, जिसमें उन्हें दोषमुक्त कर दिया गया।

### पड़ोसी विश्वनाथ था फूलन देवी गिरोह का सदस्य, जो आज भी फरार है

निर्दोष विश्वनाथ बताते हैं कि बेहमई कांड में उनके पड़ोस का रहने वाला विश्वनाथ शामिल था। पुलिस उसकी खोजबीन कर रही थी। उसके नहीं मिलने पर पुलिस ने विश्वनाथ नाम होने के कारण उन्हें ही पकड़ लिया था। हालांकि बाद में तत्कालीन थाना प्रभारी एके सिंह ने दूसरे आरोपी विश्वनाथ को भी पकड़ा और जेल भेज दिया था, लेकिन जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया, जिसे आज तक पुलिस ढूंढ नहीं पाई है। विश्वनाथ कहते हैं कि पुलिस ने एक ही गांव और एक ही नाम होने के कारण उन्हें आरोपी बना दिया था, जबकि नरसंहार के दौरान वह नाबालिग थे।

### दोषमुक्त हुए विश्वनाथ के घर में लगा तांता

- बेहमई कांड में दोषमुक्त किए गए महेशपुर गांव निवासी विश्वनाथ के घर में दूसरे दिन गुरुवार को भी लोगों की काफी आमद रही। गांव के अधिकांश लोग विश्वनाथ के घर के बाहर दिखाई दिए। उन्होंने लंबी कानूनी प्रक्रिया के दौरान हौसला न डिगने पर विश्वनाथ की तारीफ की।

**12** फरवरी को थी विश्वनाथ की पत्नी की तेरहवीं

**14** फरवरी को विश्वनाथ कोर्ट से बरी किए गए

### समय से फैसला होता तो खुशी अलग ही होती

नरसंहार के मामले में आधे से अधिक आरोपियों की मौत हो चुकी है। केवल एक आरोपी को ही अदालत से सजा मिल सकी है। पूर्व में फैसले के ऐन वक्त के पहले मूल केस डायरी से फैसला आने में और भी देरी हुई। अगर समय रहते फैसला आता तो पीड़ितों समेत पूरे गांव के लोगों को संतोष होता।



–गांधी सिंह, पूर्व प्रधान बेहमई

# एकलौते बेटे को गोद से हटा बरसाई थीं गोलियां

**राजपुर।** बेहमई कांड में पिता हिम्मत सिंह व चचेरे भाई हरिओम सिंह और हुकुम सिंह को गंवाने वाले बाबू सिंह चंदेल बताते हैं कि 14 फरवरी 1981 को वह पिता की गोद में ही थी। उस दौरान गांव आए डकैतों ने पिता से पूछा था कि कितने बेटे हैं। उनके पिता ने एक पुत्र के होने की जानकारी दी थी। इसके बाद डकैतों ने उन्हें पिता की गोद से उतार कर घर भेज दिया था। कुछ देर बाद उन्हें गोलियों की तड़तड़ाहट सुनाई गई। मौके पर जाकर खूनी मंजर नजर आए, जो आज भी उनकी आंखों में घूमता रहता है।



बाबू सिंह चंदेल।

बाबू सिंह ने बताया कि बेहमई कांड में 43 साल बाद आया फैसला भी अधूरा है। केवल एक आरोपी को सजा हुई है। जबकि अभी तक तीन आरोपी फरार चल रहे हैं और एक दोषमुक्त कर दिया गया। उनकी मांग है कि फरार तीनों आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर फांसी की सजा दी जाए। तभी उन्हें व सभी पीड़ितों को पूरा न्याय मिल सकेगा।

# कानूनी दांव-पेच में उलझा रहा कांड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- जनवरी 2020 में फैसले के ऐन वक्त से पहले गायब हो गई थी मूल केस डायरी

**अमृत विचार:** बहुचर्चित बेहमई नरसंहार कांड के मामले में बुधवार को भले ही अदालत ने फैसला सुना दिया हो, लेकिन घटना से लेकर 43 साल तक लगातार उलझाव की स्थिति बनी रही। ऐसे में लंबी चली कानूनी प्रक्रिया के चलते कई आरोपियों से लेकर वादी व गवाहों की मौत तक हो गई।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के बेहमई गांव में 14 फरवरी 1981 को दस्य सुंदरी फूलन देवी ने गिरोह के साथ बीस लोगों का नरसंहार किया था। मुकदमा लिखे जाने के बाद 7 अप्रैल 1981 से 31 अक्तूबर 1982 के बीच आठ चार्जशीट दाखिल हुई। इसके बाद से ही उलझाव की शुरू हो गया था। वर्ष 1995 में तत्कालीन प्रदेश सरकार ने फूलन पर लगा मुकदमा वापस ले लिया था। लेकिन तत्कालीन विशेष न्यायाधीश डकैती एसके सक्सेना ने सरकार के इस फैसले को खारिज कर दिया था।

इसके बाद मामला हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचने के बाद अगस्त 2012 में फरार तीन डकैतों की पत्रावली अलग कर सुनाई कराई गई। वर्ष 2012 में ही मौजूदा जिला शासकीय अधिवक्ता राजू पोरवाल ने बेहमई कांड के मुकदमे की जिम्मेदारी संभाली। इसके बाद आरोपी भीखा, पोसा, श्यामबाबू, विश्वनाथ व राम सिंह की फाइल अलग कर अगस्त 2012 में आरोप तय किए गए। घायलों समेत पंद्रह गवाहों के बयान कराकर 2014 में गवाही भी खत्म कर दी गई थी। सुनवाई के दौरान महेशपुर के आरोपी विश्वनाथ ने 23 नवंबर 2015 में नाबालिग होने का प्रमाण पत्र लाकर मामले में फिर से पेंच फंसा दिया था। जिसका समाधान होने के बाद जनवरी 2020 को फैसले के ऐन वक्त से पहले मुकदमे की मूल केस डायरी गायब होने से मामला फिर से लटक गया। एडीजीसी प्रशांत मिश्रा बताते हैं कि बेहमई कांड की सुनवाई के दौरान कई बार पीठासीन अधिकारियों के स्थानांतरण के चलते फिर से बहस शुरू की गई।



महेशपुर गांव में फूलन देवी की ससुराल वाला घर। अमृत विचार

# फूलन की संपत्ति पर मेरा हक, मैं ही पतिः पुत्तीलाल

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार:** बेहमई कांड में फैसला आने के बाद फूलन देवी की चर्चा फिर शुरू हो गई है। खासतौर पर यमुना बीहड़ पट्टी के गांवों में बीच दिन भर फूलन के ही किस्से सुनाए जाते रहे। महेशपुर गांव के रहने वाले फूलन के पति ने फैसले पर कोई टिप्पणी नहीं की।



फूलन देवी के पति पुत्तीलाल।

अमराहट क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी पुत्तीलाल से वर्ष 1962 में फूलन देवी की शादी हुई थी। पुत्तीलाल की पहली पत्नी की मौत हो गई थी। फूलन से दूसरी शादी हुई थी। करीब छह साल फूलन पति पुत्तीलाल के साथ रही। पुत्तीलाल का कहना है कि फूलन से कोई संतान न होने पर उसने ही तीसरी शादी कराई थी। इसके बाद वह छोड़क़र चली गई थी। वह जाने की वजह स्पष्ट नहीं बताते। यह जरूर कहते हैं कि फूलन से उनका कभी विवाद नहीं हुआ। तीसरी शादी और बच्चे होने पर वह परिवार में व्यस्त हो गए। इस बीच फूलन से कोई संपर्क नहीं रहा। फूलन की जब दिल्ली में हत्या हुई तब वह अंतिम संस्कार के लिए गए थे, लेकिन शामिल नहीं होने दिया गया। फूलन ने जेल से बाहर आने के बाद उम्मेद सिंह से शादी की थी और साथ दिल्ली में रहती थी, लेकिन पुत्तीलाल इसे नहीं मानते हैं।

### फूलन ने कई बार बुलाया पर नहीं गए पुत्तीलाल

- पुत्तीलाल का कहना है कि सांसद बनने के बाद फूलन ने उन्हें कई बार बुलावा भेजा था, लेकिन वह नहीं गए। वहीं महेशपुर से जाने के बाद फूलन भी कभी लौटकर नहीं आईं। पड़ोस की महिलाओं ने कहा कि फूलन बहुत शांत रहती थी। पुत्तीलाल ने दबी जुबान कहा कि बेहमई कांड में नाम आने के बाद दूरी काफी बढ़ गई थी।

### फूलन की संपति पर हक का मामला कोर्ट में

- वर्ष 2001 में फूलन की हत्या के बाद पुत्तीलाल ने संपति पर हक जताया था। वहीं उम्मेद सिंह पति होने का दावा कर रहे हैं। पुत्तीलाल का कहना है कि फूलन का पति मैं ही हूं। संपति में हक का केस कानपुर नगर की अदालत में चल रहा है। वकील पारसनाथ पैरवी कर रहे हैं।

# डीएम ने देखा प्रस्तावित मतगणना स्थल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत प्रस्तावित मतगणना स्थल अकबरपुर डिग्री कॉलेज का डीएम आलोक सिंह ने निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना के लिए बने स्ट्रांग रूम, मतगणना स्थल आदि का भौतिक जायजा लिया और एसडीएम को निर्देशित किया।



प्रस्तावित मतगणना स्थल का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि मतगणना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं शीघ्र सुनिश्चित कर ले। निरीक्षण के दौरान कार्यदायी संस्था के अधिकारियों ने बताया कि ड्रग वेयरहाउस का कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया। शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। डीएम ने निर्माण कार्यों में देरी के लिए नाराजगी प्रकट करते हुए कहा कि मानक, गुणवत्ता को ध्यान में रखते हुए निर्धारित अवधि में कार्यों को पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कार्यदायी संस्था को तीन माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि ड्रग वेयरहाउस में ड्रेनेज आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके बाद डीएम ने स्पोर्टय स्टेडियम माती में निर्माणाधीन व्यायामशाला, वेटलिफ्टिंग स्थल का निरीक्षण किया। कार्यकायी संस्था को निर्देशित किया कि व्यायामशाला के रिपेयरिंग का काम शीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने स्पोर्टय स्टेडियम में हाई मास्क लगाए जाने के भी निर्देश दिए। इस मौके पर सीएमओ डॉ. एके सिंह, एसडीएम अकबरपुर अवनीश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बोर्ड परीक्षा केंद्र कर्मियों के ताला बंद बॉक्स में रखे जाएंगे मोबाइल

**कानपुर देहात।** यूपी बोर्ड परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए डीएम आलोक सिंह की अध्यक्षता में जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट व केंद्र व्यवस्थापकों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। उन्होंने कहा कि जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने क्षेत्र में परीक्षा अवधि में भ्रमण कर निरीक्षण करेंगें। वहीं स्टैटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्र में समय से प्रश्नपत्र खुलवाने और परीक्षा में लगे लोगों के मोबाइल को ताला बंद बॉक्स में रखवाना सुनिश्चित करेंगें। केंद्र व्यवस्थापक व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक की अनुपस्थिति की दशा में स्टैटिक मजिस्ट्रेट द्वारा सील बंद चाबियों से प्रश्न पत्र स्ट्रांग रूम खोला जाएगा और परीक्षा तिथि को खोले जाने संबंधी विवरण पंजिका में अंकित किया जाएगा।

# पहली पत्नी से विवाद के बाद मजदूर ने दे दी जान

संवाददाता, डेरापुर

**अमृत विचार।** ईंट भट्ठे पर काम करने वाले श्रमिक ने दुपट्टे का फंदा बनाकर धन्नी के सहारे जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर छानबीन करते हुए नमूने लिए।

डेरापुर थाना क्षेत्र के लाडपुर पैठ गांव में स्थित ईंट भट्ठे पर काम करने वाले श्रमिक रईस अली (42) की शादी करीब 23 वर्ष पहले सबीना के साथ हुई थी। संतान न होने पर उसने दूसरा विवाह करीब दो वर्ष पूर्व डेरापुर थाना क्षेत्र के डिलौलिया गांव निवासी मोहम्मद गफ्फार की पुत्री सोनी से कर लिया। बुधवार रात रईस अली अपनी पहली पत्नी से फोन पर बात कर रहा था। इसी बात को लेकर सोनी से विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद सोनी अपने मायके डिलौलिया रात में ही चली गई। इसके बाद संदिग्ध हालात में रईस अली ने दुपट्टे का फंदा बनाकर धन्नी के सहारे फांसी लगाकर घर में जान दे दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने छानबीन की।



मजदूर की मौत पर परिवार वालों से जानकारी लेती पुलिस। अमृत विचार

थाना प्रभारी अब्दुल कलाम ने बताया कि डायल 112 पर सूचना प्राप्त हुई थी। मौके पर जांच की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गुटखा लदा लोडर लूटकर भागे बदमाश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- डीआईजी, एसपी और एएसपी ने मौके पर की छानबीन
- बारा टोल प्लाजा के पास हुई वारदात, नहीं लगा सुराग

**अमृत विचार।** बारा टोल के पास परनामिनपुरवा गांव के पास बुधवार रात में बदमाशों ने करीब सात लाख रुपये का पान-मसाला लदा लोडर लूट लिया और मौके से फरार हो गए। पान-मसाला कानपुर नगर से जनपद झांसी जा रहा था। सूचना पर डीआईजी कानपुर ने मौके पर जाकर छानबीन की और लुटेरों को जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए।



लूट की जानकारी लेते डीआईजी जोगेंद्र कुमार। अमृत विचार

कानपुर नगर के बर्रा निवासी लोडर चालक नूर आलम ने बताया कि वह कानपुर नगर से 50 झाल पान-मसाला व दस बोरी जर्दा लोडर पर लादकर बुधवार रात जनपद झांसी के लिए रवाना हुआ था। उसके साथ में पनकी कानपुर निवासी एजेंट रामकुमार भी था। चालक बारा टोल बचाने के लिए परनामिनपुरवा बारा मार्ग से निकल रहा था। तभी परनामिनपुरवा के पास दो बाइकों से आए चार बदमाशों ने ओवरटेक कर लोडर रोक लिया और ईंट मारकर शीशा तोड़ दिया।

इसके बाद दो बदमाशा लोडर में लदे करीब सात लाख रुपये का पान-मसाला लेकर मौके से फरार हो गए। जबकि दो बदमाशों ने तमंचे की नोक पर लोडर चालक व एजेंट को रोके रखा। बदमाशों के भागने के बाद लोडर चालक ने पुलिस को सूचना दी। इसपर अकबरपुर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने उच्चाधिकारियों को सूचना दी। जानकारी पाकर डीआईजी कानपुर जोगेंद्र कुमार, एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय मौके पर पहुंचे और छानबीन की। एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने बताया कि लूट की जानकारी पर मौके पर जाकर छानबीन की गई है। प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर छानबीन की जा रही है।

## एक नजर

### शिक्षामित्र पर महिला मेट को धमकाने का आरोप

**मंगलपुर।** ब्लाक संदलपुर की ग्राम पंचायत ररौख में शिक्षामित्र पर आरोप है कि मनरेगा का कार्य कर रही अनुसूचित जाति की महिलाओं व पुरुषों को अपमापित करते हुए गालियां दी और धमकी दी। विरोध करने पर महिला मेट अंजू मिश्रा को झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। महिला मेट के पति अवधेश मिश्रा की सूचना पर डायल 112 पुलिस के पहुंचने पर शिक्षामित्र फरार हो गया। इस बावत बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बाला जी धाम धनीरामपुर से रूरा तक कलश यात्रा

**रूरा।** श्री बाला जी कामधेनु समिति रूरा द्वारा आयोजित होने वाली श्रीराम कथा एवं पंच कुंडीय श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर गुरुवार को बालाजी धाम से कस्बा रूरा तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। दस दिवसीय होने वाली कथा में परीक्षित के रूप मे पुष्पा त्रिपाठी रहेगी। कार्यक्रम में यज्ञाचार्य श्री रामनिवास मिश्रा जी, बालाजी धाम के महंत वीरेंद्र पांडेय, श्रीराम कथावाचक कमलेश दीक्षित जी महराज समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहेंगे।

### युवक ने फांसी लगा जान दी

**कानपुर।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में खुर्द निवासी 34 वर्षीय हरिबाबू किराये के मकान में रहता था। परिजनों ने बताया कि वह पनकी थानाक्षेत्र में स्थित गैस प्लांट में गाड़ी चलाता था। बुधवार रात में उसने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना के बाद पत्नी सोनिका व बच्चे सान्वी, श्रुति व अधर्व का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

# भाजपा का 25 से लाभार्थी संपर्क और संवाद अभियान

## एक करोड़ लाभार्थी परिवारों के घरों में दस्तक देगी भाजपा

**तैयारी**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



कार्यशाला को संबोधित करते सांसद सत्यदेव पचौरी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में प्रदेश में 80 सीटों पर जीत हासिल करने के लिये भाजपा को एक करोड़ लाभार्थी परिवारों के घरों में दस्तक देगी। पार्टी के सांसद, विधायक, मंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा कार्यकर्ता लाभार्थी परिवारों को पीएम नरेंद्र मोदी का पत्र भी देंगे। इसके लिये पार्टी 25 फरवरी से लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान शुरू करेगी। यह बातें गुरुवार को कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय कार्यालय में हुई लोकसभा क्षेत्र की लाभार्थी संपर्क व संवाद अभियान की जिला कार्यशाला में सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहीं।

सांसद पचौरी ने कहा कि पीएम मोदी ने गरीब कल्याण को ध्यान रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की गई थी। 2014 से 2024 के 10 वर्षों में 25 करोड़ से अधिक गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर लाने का काम किया। भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने कहा कि लाभार्थी संपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ता लाभार्थियों से मोबाइल नंबर 9638002024 पर मिस्ड कॉल करायेंगे और प्रधानमंत्री का पत्र सौंप कर लाभार्थी के घर पर स्टीकर लगाने, लाभार्थी के साथ सेल्फी लेकर उनके अनुभव के वीडियो बनाकर सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप पर अपलोड करेंगे। प्रत्येक पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि को 20 से 40 लाभार्थियों से संपर्क कर उनकी फोटो वीडियो सरल पोर्टल पर अपलोड करना है। उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने कहा कि 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। 18 से 23 मार्च तक मंडल स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। लाभार्थियों की बूथवार सूची पार्टी की ओर से उपलब्ध कराई जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी मनीष त्रिपाठी ने बताया कि एक से तीन मार्च तक विशेष लाभार्थी संपर्क अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सांसद, विधायक, मंत्री, जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्य, महापौर, ब्लॉक प्रमुख ,पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक,पूर्व जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश, क्षेत्र, जिला,मोर्चा पदाधिकारी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता लाभार्थी संपर्क करेंगे। कार्यशाला में लोकसभा संयोजक मणिकांत जैन, राजेश भदौरिया, संजय कटियार, गुंजन शर्मा, गिरीश चंद्र बाजपेई, योगेंद्र सिंह डॉ तेज बहादुर सिंह, अमित गुप्ता मौजूद रहे।

● भाजपा के क्षेत्रीय कार्यालय में जिला कार्यशाला के दौरान तय की गई रूपरेखा

## सपा-कांग्रेस ने बाबा साहेब का किया अपमान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राहुल बच्चा सोनकर का स्वागत करते पदाधिकारी।

**अमृत विचार।** भाजपा अनुसूचित मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के तत्वावधान में 'बस्ती संपर्क अभियान' के अन्तर्गत बैठक हुई। जिसमे मुख्य अतिथि क्षेत्रीय अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा राहुल बच्चा सोनकर ने कहा कि सभी 17 जिलों में छात्रावास सम्पर्क अभियान चलाया जा रहा। बस्ती संपर्क अभियान व युवा संवाद का कार्यक्रम भी मोर्च के द्वारा किया जा रहा है। प्रत्येक कार्यक्रम का जिले से कार्यक्रम प्रमुख व उनके 5 लोगों की कमेटी भी गठित हो गई है।

राहुल बच्चा ने कहा कि कांग्रेस तथा सपा की सरकारों में आंबेडकर जी के साथ कितना अन्याय हुआ है यह हम सब जानते हैं। गांव के गरीब निर्बल व्यक्तियों की सरकारी जमीन पर मिलने वाला पट्टा आवंटन खत्म कर दिया गया, संत रविदास जी के नाम से बना जिला भी अखिलेश यादव ने बदल दिया, माता रमाबाई अंबेडकर जी के नाम से बना जिला भी अखिलेश यादव ने बदल दिया, अंबेडकर पार्क लखनऊ का नाम भी बदल दिया, अखिलेश यादव ने संसद के अंदर आरक्षण विधेयक बिल भी अपनी पार्टी के सांसदों से फड़वा दिया था। अनुसूचित वर्ग के अधिकारियों का डिमोशन अखिलेश यादव की ही देन है। इस दौरान अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय महामंत्री सलिल कांत श्रीवास, क्षेत्रीय महामंत्री सर्वेश कठेरिया, ओम प्रकाश आर्य, विनीत सोनकर, प्रमोद वर्मा, हरि राम गौतम, दिनेश सुदर्शन, चंद्र शेखर कोल, महिपाल, सुधीर कठेरीया, रीता कठेरिया, जय नारायण कुरील, नरेश कठेरिया रहे।

● अनुसूचित मोर्चा की 'बस्ती संपर्क अभियान' बैठक

### सोनी मिश्रा अपने समर्थकों के साथ भाजपा में हुईं शामिल

**कानपुर।** भाजपा पार्षद नवीन पंडित ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनी मिश्रा और उनके संगठन एक्शन फ़ॉर वोमन एंड रूरल डेवलपमेंट से जुड़ी भारी संख्या में महिलाओं को भाजपा में शामिल कराया। सोनी मिश्रा ने बताया कि मोदी और योगी के कार्यकाल में देश प्रगति पर है। महिला उत्थान के क्षेत्र में दर्जनों योजनाएँ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को संचालित की जा रही हैं।


क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल व विधायक महेश त्रिवेदी का स्वागत किया।

### 25 महिलाओं का सम्मान

**कानपुर।** लोकसभा चुनाव से पूर्व भाजपा स्वयं सहायता समूहों और गैर सरकारी संगठनों से जुड़ी महिलाओं के बीच अपना जनाधार मजबूत करने के लिये शक्ति वंदन अभियान चला रही है। गुरुवार को भाजपा कानपुर बुंदेलखंड के क्षेत्रीय कार्यालय में किदवई नगर विधानसभा क्षेत्र का शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सहायता समूह एवं एनजीओ प्रमुख की 25 महिलाओं को किट एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि नारीशक्ति अधिनियम महिला सशक्तीकरण के लिये मील का पत्थर है।

### सैनिक सम्मेलन भी होंगे

**कानपुर।** भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ की कार्यशाला क्षेत्रीय संयोजक महेश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई। तय किया गया कि सैनिक प्रकोष्ठ क्षेत्र के सभी 17 जिलों में पूर्व सैनिकों के सम्मेलन आयोजित करेगा। पूर्व सैनिक हर तहसील पर बैठक कर मोदी जी के लिए संकल्प के साथ काम करेगा। एमएलसी सलिल विश्नोई, सांसद सत्यदेव पचौरी, प्रदेश सह संयोजक अनूप तिवारी लोकसभा विस्तारक मणिकांत जैन, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व प्रकोष्ठ प्रभारी ने सैनिकों को संबोधित किया। दिनेश मौर्या, कुलदीप सेंगर, अवधेश चौहान, अनिल चतुर्वेदी, जेके सिंह, सुरेश शिरोमणि, आरपी कटियार रहे।

# पूर्व सांसद अनिल शुक्ल ने रूरा सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता, रूरा


रूरा सीएचसी का निरीक्षण करते पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कस्बा रूरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का गुरुवार को पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी ने औचक निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के बावत जानकारी ली और दवाओं की उपलब्धता व साफ-सफाई का जायजा लिया।

पूर्व सांसद ने कहा कि क्षेत्रीय लोगों ने डाक्टरों व एक्सरे मशीन की कमीं के बारे मे अवगत कराया है। इस बावत शासन से को पत्राचार कर डिमांड पूरी कराई जाएगी। जिससे रूरा व आसपास क्षेत्रवासियों को इसका लाभ मिल सके। वहीं रात्रि में सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात करने के लिए भी शासन को अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार सीएचसी स्टॉफ मौजूद रहा।

### सिकंदरा सीएचसी में डॉक्टरों की मनमानी से मरीज परेशान

**सिकंदरा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में आने वाले डॉक्टरों की मनमानी इन दिनों चरम पर है। हालत यह है कि डॉक्टर समय से पहले ही चले जाते हैं। ऐसे में मरीज व उनके तीमारदार परेशान होते हैं। गुरुवार को करीब पौने दो बजे सामुदायिक केंद्र सिकंदरा परिसर सूना सा पड़ा था। एक-दो लोग चलते-फिरते नजर आ रहे थे। मरीज संतोष कुमार दो बजे ओपीडी में दिखाने के लिए पर्चा बनवाने पहुंचे तो खिड़की पर पर्चा बनाने वाला कोई नजर नहीं आया। उन्होंने बताया कि डॉ. अनीता शुक्ला ओपीडी ड्यूटी में तैनात है, लेकिन पर्चा बनाने वाली खिड़की पर कोई नहीं था। अस्पताल में समय से पहले ही ओपीडी में आने वाले डॉक्टर भी समय से पहले ही चले गए। ऐसे में उन्हें दूसरे अस्पताल जाना पड़ रहा है। अब सवाल यह है कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर ध्यान दे रही है, लेकिन महकमे के ही जिम्मेदार मनमानी पर उतारू हैं। अधीक्षक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि बताया कि डॉक्टरों की कमीं है।


सिकंदरा सीएचसी के एक्सरे रूम में लटकता ताला।

# अमरजीत सिंह जनसेवक का निधन


अमरजीत सिंह।

**कानपुर।** भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री अमरजीत सिंह जनसेवक का एसजीपीजीआई लखनऊ में गुरुवार को इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 72 वर्ष के थे। वह काफी लंबे समय से अस्वस्थ थे। हंसमुख स्वभाव के कार्यकर्ताओं के सुख-दुख में हमेश साथ खड़े रहने वाले अमरजीत सिंह, जनसेवक के नाम से विख्यात थे। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार को उनके पैतृक गांव आदमपुर बिंदकी (फतेहपुर) में पूर्वान्ह की जाएगी।

भाजपा की राजनीति में उन्हें संतोष शुक्ला (दिवंगत) लाए थे। उन्होंने बिंदकी विधानसभा क्षेत्र को अपना कार्यक्षेत्र बनाया और 1991 में भाजपा के टिकट पर वह बिंदकी से लड़े भी पर हार गए। कल्याण सिंह सरकार की बर्खास्तगी के बाद 1993 में सपा-बसपा ने मिलकर चुनाव लड़ा था। जनसेवक फिर भाजपा के टिकट पर मैदान में आए और चुनाव जीत गए। इसके बाद का चुनाव हारे पर 2002 में वह फिर जीते और प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री बनाए गए। 2007 में वह सपा के टिकट पर मैदान में आए पर बिंदकी की जनता ने उन्हें नकार दिया। 2017 में लोकदल व फिर 2019 में भाजपा में शामिल हो गए।

जनसेवक विकलांग श्रेणी में आते थे। उन्होंने छात्र संघ की राजनीति से कैरियर शुरू किया था। उनके मित्र रहे कर्मचारी नेता राजेश शुक्ला बताते हैं कि 1978 से 1990 तक उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि कार्यालय में कार्य किया। वह यूनियन में भी थे। हालांकि उनकी राजनीतिक पारी कांग्रेस से शुरू हुई थी। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुशीला रोहतगी के विश्वासपात्र थे। बाद में कांग्रेस का ग्राफ गिरता रहा तो उन्हें संतोष शुक्ला ने भाजपा में शामिल कराया और टिकट के लिए पैरवी की थी। भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, सांसद सत्यदेव पचौरी, उत्तर और दक्षिण जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, विधायक सुरेंद्र मैथानी ने दुख जताया।

# समाज में विद्या सबसे बड़ा धन: साध्वी

संवाददाता, मूसानगर


वेदांत सम्मेलन समापन पर संबोधित करती केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति।

**अमृत विचार।** अच्युत विश्राम धाम संत नगर देवराहट में जयंती दिवस एवं पांच दिवसीय बीसवां भक्ति योग वेदांत संत सम्मेलन बुधवार को विशाल भंडारे व प्रसाद वितरण के साथ सम्पन्न हो गया।

यह कार्यक्रम ब्रम्हलीन स्वामी अच्युतानंद शास्त्री जी की जयंती के उपलक्ष्य में प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। प्रत्येक दिन संतों के प्रवचनों का भक्तों ने आनंद लिया। बुधवार को कार्यक्रम के अंतिम दिन पहुंची केंद्रीय मंत्री महामंडलेश्वर साध्वी निरंजन ज्योति ने सर्वप्रथम गुरु प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने कहा कि संत सम्मेलन में पधारे साधू संतों के प्रवचनों को सुनकर आप सभी ने अपने आपको कृतार्थ किया है। संतों की वाणी भगवान के अप्रत्क्ष रुप से दर्शन कराती है।

उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी का हिंदू धर्म में बहुत महत्व है। विद्या की देवी सरस्वती की पूजा होती है। समाज में विद्या सबसे बड़ा धन है। बच्चों को पढ़ाना बहुत आवश्यक है। इस मौके पर कार्यक्रम व्यवस्थापक आचार्य परम प्रकाशानंद, साध्वी परम शांति, संयोजक स्वामी सहजानंद, स्वामी कूटस्थानंद, बाल योगी स्वामी कैलाश स्वरुपानंद, स्वामी देवानंद, साध्वी निर्मल ज्योति समेत बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# नवनियुक्त मंडल अध्यक्षों को जिलाध्यक्ष ने दी बधाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार:** सिकंदरा विधानसभा की नवनियुक्त सभी पांचों मंडल अध्यक्षों का इटावा लोकसभा प्रभारी व भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला ने पदाधिकारियों के साथ मंडल अध्यक्षों के आवास पर जाकर के बधाई दी। उन्होंने कहा कि मंडल अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ हैं।

पार्टी के लोकसभा प्रभारी नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि पार्टी की ओर से इटावा प्रभारी लोकसभा प्रभारी बनाए जाने के बाद सबसे पहले पूरी लोकसभा में सभी मंडल अध्यक्षों की आवास पर जाकर के उनकी परिवारजनों से कार्यकर्ताओं से भेंट करना प्रथम लक्ष्य था। इस दौरान विधानसभा संयोजक बंशलाल कटियार, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष परवेश कटियार उपाध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष फूलचंद कठेरिया, महिला मोर्चा रागिनी भदौरिया, महेश भदौरिया, दिनेश मिश्रा, मनोज शुक्ल, विनय तिवारी, बउवा शुक्ला, नीलम पाल, रजत मिश्रा आदि मौजूद रहे।


पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर सांसद सुब्रत पाठक को भगवान श्रीराम की प्रतिमा भेंट करते हुए। अमृत विचार

### निर्माण कार्य जल्द पूरा कराएं: जिलाधिकारी

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सीएमआईएस पोर्टल पर प्रदर्शित निर्माण कार्यों की माह जनवरी तक की प्रगति की समीक्षा बैठक मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में की गई। गुरुवार को डीएम आलोक सिंह ने सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाओं से प्रति सप्ताह अद्यतन प्रगति की रिपोर्ट ली जाए। कार्यदायी संस्थाएं निर्धारित अवधि में कार्यों को पूर्ण कराएं, जो कार्य अंतिम चरण में हैं। उसपर अतिरिक्त बल देते हुए शीघ्र पूर्ण लें। जिससे उसका लोकार्पण आने वाले माह में कराया जा सके। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को मानक व गुणवत्ताका विशेष ध्यान रखने के भी निर्देश दिए। डीएम ने प्रत्येक कार्यदायी संस्था के कराए जा रहे निर्माण कार्यों की भौतिक प्रगति को भी पीपीटी पर देखा। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही वह स्वयं या जनपद स्तरीय अधिकारियों से निर्माण कार्यों का भौतिक सत्यापन भी कराएंगे। इस दौरान यदि किसी भी कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत की गई प्रगति रिपोर्ट के अनुरूप निर्माण कार्य की प्रगति नहीं पाई जाती है। तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन, सीएमओ डॉ. एके सिंह, डीएसटीओ शीश कुमार समेत कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस ने वारंटी को भेजा जेल

**रसूलाबाद।** थाना पुलिस नें पाक्सो सहित विभिन्न धाराओं में वारंटी ग्राम गुदैला निवासी विकास कुशवाहा को बृहस्पतिवार को मुखबिर की सूचना पर शहबाजपुर नहर पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार दो घायल

**सिकंदरा।** जगन्नाथपुर के पेट्रोल पंप के पास बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दो लोग घायल हो गए। सधवापुर निवासी दीप सिंह (30) व देवेंद्र कुमार (40) गुरुवार को बाइक पर सवार होकर सामान खरीदने सिकंदरा आ रहे थे। तभी जगन्नाथपुर पेट्रोल पंप के पास बोलेरो कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिकंदरा लाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। थाना प्रभारी दिलीप कुमार बिंद ने बताया कि तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। बोलेरो को पकड़ लिया गया है।

अमृत विचार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजनीतिक दल पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के नाम से रजिस्ट्रीकृत होना प्रस्तावित है। पार्टी कार्यालय–4–सी0, ऐ0आई0 आपर्टमेन्ट वजीरहसन रोड लखनऊ में स्थित है। इस दल ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 29 के अधीन राजनीतिक दल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली को आवेदन प्रस्तुत किया है।

पार्टी के पदाधिकारियों के नाम /पता नीचे दिए गये हैं :–अध्यक्ष: मंसूर आलम, 55 कैथाना फूलपुर प्रयागराज। उपाध्यक्ष:–मो0 नोमान सिद्दीकी हल्दी खुर्द मुंगारी करछना प्रयागराज। महासचिव: मो0 शायबा हम्फी ऐ–504/1–बी, जीटीबी नगर करेली प्रयागराज। कोषाध्यक्ष: मसरूर अहमद, हल्दी खुर्द करछना प्रयागराज। यदि किसी को पोलिटिकल शोषित मानवतावादी नेशनल दल के रजिस्ट्रीकरण में कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति इसके कारणों सहित सचिव (राजनीतिक दल), भारत निर्वाचन आयोग निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली–110001 को, इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर भेजें।

सूचना

सूचित हो कि मैं **रागिनी पत्नी रघुवीर, निवासी–ग्राम परसेहरा नाथ, थाना–हरगांव, जिला–सीतापुर,** मेरे पुत्र प्रदीप कश्यप एवं पुत्रवधू नीलू कश्यप का चाल–चलन ठीक नहीं है वह आये दिन मारपीट तथा मुझे तंग करते है मना करने पर भी नहीं मानते हैं वह लोगों से पैसा लेकर उन्हें वापस नहीं करते है। उनके इन हरकतों से तंग आकर उन्हें अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा उनसे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

NOTICE

Please be informed that I completed my high school education from Saint Norbert School under the ICSE Board in the year 2020. My unique ID number is 7202308. Unfortunately, the ID card with this ID number was actually lost on January 15, 2024. Samrat Bishwas, son of Shivnath BishwasResident of Aasaam Chowraha Mohalla Salarpur, Police Station Dargah, Bahraich.

बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 बैजामऊ सिकंदरा की एक आवश्यक बैठक कल दिनांक– 16/02/2024 को ग्राम सभा बैजामऊ के पंचायत भवन परिसर में समय 3.00 बजे प्रस्तावित की गयी। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनायें।

आज्ञा से
मुख्य प्रवर्तक

बैठक सूचना

प्रस्तावित मत्स्य जीवी सहकारी समिति लि0 भुपैयापुर सिकंदरा की एक आवश्यक बैठक कल दिनांक– 16/02/2024 को ग्राम सभा भुपैयापुर के पंचायत भवन परिसर में समय 12.00 बजे प्रस्तावित की गयी। जिसमें इच्छुक मछुआ समुदाय व मछली शिकार से जुड़े व्यक्ति प्रतिभाग कर बैठक को सफल बनायें।

आज्ञा से
मुख्य प्रवर्तक

**कार्यकर्ता समागम** कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक की मौजूदगी में ढाई सौ लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की

# देश की गरीब जनता के लिए काम कर रहे पीएम व सीएम

संवाददाता, रसूलाबाद



कार्यक्रम में मौजूद कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक व अन्य भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** परिवारवादी पार्टियां केवल अपने हित के बारे में सोचती हैं। जबकि पीएम मोदी व सीएम योगी दिन-रात काम करके राष्ट्रहित में और देश की गरीब जनता के लिए काम कर रहे हैं। यह बात कन्नौज सांसद सुब्रत पाठक ने कार्यकर्ता सम्मेलन में कही।

गुरुवार को रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा के चौहान गेस्ट हाउस में विधानसभा कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां करीब 250 जिम्मेदार गैर दलों से आए कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर की अगुवाई में भाजपा की सदस्यता ली। सभी को सांसद सुब्रत पाठक व पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर ने पटका पहनाकर स्वागत किया।

सांसद ने कहा कि धारा 370 की जब बात आई थी तो उन्होंने उसे हटाने के पक्ष में वोट डाला था। पूर्व विधायक कमलेश चंद्र दिवाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत देश ही नहीं पूरी दुनिया में धूम मचा रहे हैं।

जबकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शासन में कानून व्यवस्था बेहतर है और नारियों का सम्मान है। इससे प्रभावित होकर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष ओमशंकर सिंह व कार्यक्रम का संचालन सदस्य जिला पंचायत जनार्दन सिंह ऋषि ने किया। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी अरुण पाल, विधानसभा प्रभारी रवि शंकर दीक्षित, जिला मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी जीतू, नगर पंचायत अध्यक्ष रसूलाबाद देवशरण कमल, शिवम दिक्षित सोनू तिवारी, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष अर्जुन सिंह गौर, सुभाषचंद्र त्रिपाठी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अतुल यादव, केपी सिंह, संजय चौहान, विशाल तिवारी, दीपक चौहान आदि रहे। वहीं ग्राम प्रधान लालमन दिवाकर, हरिश्चंद्र दिवाकर, पप्पू दिवाकर, लल्लन दिवाकर, राजू दिवाकर, डॉ दिनेश दिवाकर, प्रमोद सिसोदिया, प्रभाकांत कमल, विजय दिवाकर, संदीप राजपूत, विनोद पाल, सभासद कमल नैय्यर, विजय पाल अददे, विनोद गुप्ता, मोनू यादव, अंकुर सिंह भदोरिया सहित करीब करीब 250 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली।

## एक नजर

### बाइक सवार की टक्कर से वृद्ध घायल

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के संवत गांव निवासी मैकू रैदास गुरुवार की रात घर के पास किसी काम से पैदल निकल था। तभी उसको तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दिया। बाइक की टक्कर से मैकू घायल हो गया जिसकी जानकारी उसके परिजनों को हुई तो उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### सीढ़ियों से गिरकर महिला गंभीर घायल

**फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के सोनवरसा गांव निवासी बलबीर की पत्नी आरती देवी छत से उतरते समय सीढियों से गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजन उसको इलाज के लिए गाजीपुर सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डाक्टर ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### युवक पर धारदार हथियार से हमला, घायल

**फतेहपुर।** यूकेलिप्टिस के पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिससे एक युवक घायल हो गया। कोतवाली क्षेत्र के सनगांव गांव निवासी मो. इस्लाम गुरुवार को अपने यूकेलिप्टिस के पेड़ काट रहा था। तभी गांव के दो लोग पहुंचे और इस्लाम पर धारदार हथियार से हमला कर दिया।

# परीक्षा के दिन नजदीक आते ही गरमाया कोचिंग का कारोबार

## बोर्ड परीक्षा की वैतरणी किसी तरह पार करने को छात्र ले रहे कोचिंग का सहारा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- कोचिंग संचालक शार्टकट बताने के नाम पर वसूल रहे मोटी रकम

**अमृत विचार।** बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आते ही कोचिंग सेंटर का कारोबार जोरों पर हैं। कॉलेजों में कोर्स पूरा न हो पाने से छात्र परीक्षा की वैतरणी पार करने के लिए कोचिंग सेंटरों का सहारा ले रहे हैं। कोचिंग सेंटर पर गाइडलाइन का पालन नहीं किया जा रहा है और मनमानी फीस वसूल की जा रही है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं। साल भर माध्यमिक विद्यालयों में कोर्स को आगे बढ़ाने के लिए माथापच्ची नहीं की गई। अब जबकि परीक्षाएं सिर पर आ गई हैं तो अंतिम समय में कोर्स को पूरा कराने की जद्दोजहद चल रही है। माध्यमिक विद्यालयों में इंटरमीडिएट के छात्रों का इस समय प्रैक्टिकल भी हो चुके हैं। परीक्षार्थी पूरी तौर पर कोचिंग के सहारे निर्भर हैं, क्योंकि स्कूलों में कोर्स को लेकर कोई काम नहीं किया गया। प्रैक्टिकल के साथ ही छात्र कोचिंग में पाठयक्रम पूरा करने में लगे हैं।

### शहर के हर क्षेत्र में स्थित हैं कोचिंग सेंटर

शहर के आईटीआई रोड वैसे तो कोचिंग का हब है। इसके अलावा आवास विकास कॉलोनी, राधानगर, पटेल नगर, सिविल लाइन आदि मोहल्लों में कई कोचिंग सेंटर संचालित किए जा रहे हैं। जहां पर छात्रों से मनमानी फीस ली जा रही है। कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण करने के लिए भी कोई नहीं पहुंच रहा है।

### परीक्षा की तैयारियों में आड़े आ रही बिजली आपूर्ति

बोर्ड परीक्षा के छात्र-छात्राएं बिजली की आंख मिचोली से हलकान हैं। तैयारियों में बिजली आपूर्ति बाधा बन रही है। ग्रामीणांचलों में फाल्ट आने पर फाल्टों को दुरुस्त करने के लिए की जा रही कटौती से कहीं 10 तो कहीं 14 घंटे की ही आपूर्ति मिल पा रही है। जोनिहा, बहुआ आदि फीडरों में जर्जर तार होने के कारण होने वाली फाल्ट से घंटों आपूर्ति बाधित रहती है। सुबह शाम पढ़ाई के वक्त परीक्षार्थियों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। जबकि शासन ने शहरी क्षेत्र में 22 तो ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम 18 घंटे की आपूर्ति दिए जाने का फरमान है।

### बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहीं कोचिंग

शिक्षा का व्यवसायीकरण करते हुए तमाम ऐसी कोचिंग संचालित हो रही हैं। जिनका माध्यमिक शिक्षा विभाग में रजिस्ट्रेशन तक नहीं है। जहां बच्चों से मनमानी फीस भी वसूली जा रही है। बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर तैयारी के उद्देश्य को पूरा करने के लिए छात्र-छात्राएं इन कोचिंग का सहारा ले रहे हैं। बनाई गई टीमें भी अर्से से कोचिंग सेंटरों का निरीक्षण नहीं किया गया।

### 195 विद्यालयों में प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न

शहर के 195 केन्द्रों में इंटरमीडियट की प्रयोगात्मक विषयों की परीक्षाएं सम्पन्न करा ली गई हैं। परिषद ने ऐसे छात्र-छात्राओं को, जिन्होंने किसी कारणवश प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं दे पाए हैं, एक और मौका देते हुए 16 फरवरी को समय निर्धारित किया है। राजकीय इंटर कालेज में ऐसे छात्र-छात्राएं छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षाएं दे सकते हैं।

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

**फतेहपुर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल-इंटरमीडिएट परीक्षा के लिए एक सैकड़ा से अधिक केंद्र निर्धारण व परीक्षा के दौरान केंद्रों पर कड़ी नजर रखने के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। बोर्ड से जिले के लिए दो लाख से अधिक कापियों का आवंटन हुआ है। शहर के स्काउट भवन में बने स्ट्रांग रूम में प्रश्नपत्रों को रखवाया गया है। सुरक्षा की दृष्टि से चौबीस घंटे के लिए अलग-अलग शिफ्टों में पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए शासन-प्रशासन युद्ध स्तर से जुटा है। जिले में 117 परीक्षा केंद्रों पर छात्र-छात्राएं आगामी 22 फरवरी से परीक्षा देंगे। परीक्षार्थियों पर निगरानी रखने के लिए 117 केंद्र व्यवस्थापक, इतने ही वाह्य केंद्र व्यवस्थापक बनाए गए हैं। इसके अलावा सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगाए गए हैं। स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा शुरू होने के पहले विद्यालय पहुंचेंगे और अपनी देखरेख में प्रश्नपत्रों के बंडलों को खुलवाएंगे। इसके बाद परीक्षा खत्म होने के बाद कापियों को बनाए गए नोडल सेंटर पर जमा करने के लिए भेजा जाएगा। डीआईओएस शिवपूजन द्विवेदी ने बताया कि यूपी बोर्ड से कापियों को सभी सेंटरों पर भेजा जा रहा है।

# 3558 सीबीएसई छात्र आज से चार सेंटरों पर देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- यूपी बोर्ड के साथ सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं का भी आगाज
- सभी केन्द्रों में तैयारियां पूरी सीसीटीवी से रहेगी निगरानी

**अमृत विचार।** सीबीएसई 10वीं व 12वीं की परीक्षाएं आज यानि शुक्रवार से शुरू हो रही हैं। यह परीक्षा जिले के 04 केंद्रों पर होंगी। इनमें बिंदकी नगर के एक विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया है। वहीं इस वर्ष शहर के एक विद्यालय को भी पहली बार परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। 10वीं में 1892 और 12वीं में 1666 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। परीक्षा पर ऑनलाइन एग्जाम सेंटर मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से निगाह रखी जाएगी। पेपर रीडिंग के लिए हल करने से पूर्व 15 मिनट का समय दिया जाएगा।

सीबीएसई नोडल अधिकारी प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि छात्र ब्ल्यू-ब्लैक बॉल प्वॉइंट पेन, जेल पेन, प्रवेश पत्र, स्कूल आइडेंटिटी कार्ड और पारदर्शी पानी की बोतल साथ ले जा सकेंगे। छात्र इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, मोबाइल, घड़ी, कैलकुलेटर, कैमरा, ब्लूटूथ आदि साथ नहीं ले जा सकेंगे।

परीक्षा केन्द्र के अंदर स्मोकिंग, गुटखा खाना या परीक्षा कक्ष में थूकना पूरी तरह प्रतिबंधित है। 10 बजे के बाद किसी भी छात्र को सेंटर में कतई प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सेंटरों पर मोबाइल रखने की सुविधा नहीं होगी।

### इन विद्यालयों को बनाया गया केन्द्र

नोडल अधिकारी ने बताया कि बोर्ड द्वारा इस बार कुल चार केन्द्र बनाए गए हैं। जिसमें महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल फतेहपुर, सेंट जेवियर्स हाईस्कूल एवं चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल बिंदकी शामिल हैं।

"बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी पूरी हो चुकी हैं। अपने जिले में शुक्रवार से परीक्षाएं शुरू हो रही हैं। परीक्षा केन्द्रों में गेट पर गहन तलाशी के बाद ही छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा।
-पीके त्रिपाठी, नोडल अधिकारी

# नवविवाहिता का कमरे में मिला शव

संवाददाता असोथर



पोस्टमार्टम हाउस में गुमसुम बैठे मृतका के परिजन। अमृत विचार

- मायके पक्ष की तहरीर पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज
- पति सहित ससुरालीजन फरार, मामला असोथर का

**अमृत विचार।** नवविवाहिता बेटी का फोन नही उठाने पर मां को शक होने पर परिवार के साथ थाने पहुंची और पुलिस के साथ बेटी के ससुराल पहुंची। जहां पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर देखा तो चरपाई पर उसका शव पड़ा था। मां ने दहेज के लिए बेटी की हत्या करने की तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए पति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

असोथर थाना क्षेत्र के कंधिया गांव के रहने वाले मोनू सिंह उर्फ रावेंद्र सिंह की 24 वर्षीय पत्नी पारुल उर्फ कौशिकी की बुधवार रात घर के अंदर चरपाई पर संदिग्ध परिस्थितियों में शव पड़ा था। मायके पक्ष के सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मां रेनू सिंह पत्नी वीर सिंह निवासी थवई थाना ललौली ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि बुधवार की रात बेटी को कई बार फोन करने पर जब नहीं उठा तो परिवार के साथ पुलिस को लेकर बेटी के ससुराल पहुंची तो पुलिस ने दरवाजा खोलकर अंदर जाकर देखा तो चरपाई पर बेटी का शव पड़ा था। उसने बताया कि बेटी की शादी 11 मार्च 2023 को मोनू सिंह उर्फ रावेंद्र सिंह के साथ की थी। शादी के कुछ माह बाद दामाद दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करने लगा। यह बात बेटी ने कई बार फोन पर बताया था। अभी कुछ दिन पहले बेटी के साथ मारपीट करने पर बेटी ने महिला थाना में शिकायत की थी।

# वीडियो वायरल कर रंगदारी मांगने पर रिपोर्ट

संवाददाता किशनपुर

- 50 हजार रुपये हर महीने व चार ट्राली मौरंग की थी मांग
- किशनपुर पुलिस ने दो लोगों पर दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** किशनपुर थाना क्षेत्र में संचालित गढ़ीवा मझिगवां मौरंग खदान में खनन का वीडियो वायरल कर रंगदारी मांगने के आरोप में दो युवकों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। खदान कर्मी ने आरोप लगाया कि भ्रामक वीडियो प्रसारित किया गया है। अधिकारियों की जांच में भी खनन की पुष्टि नहीं हुई। मौरंग खदान का संचालन 12 दिसंबर 2023 से हो रहा है। मौरंग खनन टेसमस ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड फर्म कर रही है।

हमीरपुर कलौलीतीर निवासी अनुरुद्ध तिवारी ने किशनपुर थाने में तहरीर दी। आरोप लगाया कि गुरवल गांव निवासी सौरभ यादव और अगलेहार मजरे रायपुर भसरौल निवासी दुर्गेश अवस्थी ने 22 नवंबर 2023 को एक्स पर भूखंड में खनन की सूचना पोस्ट कर हर माह 50 हजार रुपए व प्रतिदिन चार ट्रैक्टर मौरंग की मांग की थी, अधिकारियों की जांच में खदान में कोई कमी नहीं पाई। डीएम की कमेटी ने 5 फरवरी और नौ फरवरी को दोबारा जांच कराई। अवैध खनन की शिकायत गलत पाई। अनुरुद्ध तिवारी ने बताया कि पहले भी फर्जी खबर चलाने का दोनों के खिलाफ असोथर थाने में भी मामला दर्ज हो चुका है। कोतवाल जेपी शाही ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है।

# मातृत्व वंदन में दोआबा का तीसरा स्थान

**सफलता**

संवाददाता फतेहपुर

- सफलता से अधिकारी व कर्मचारी गदगद
- प्रदेश स्तर पर भी दोआबा की है मजबूत स्थिति

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में दोआबा ने सराहनीय प्रदर्शन किया है। मंडल में जिला तृतीय स्थान पर रहा है। प्रदेश स्तर पर भी दोआबा की मजबूत स्थिति है। स्वास्थ्य विभाग की इस कामयाबी से अधिकारी गदगद हैं।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का लाभ प्रसूताओं को पहले बच्चे के जन्म पर दिया जाता है। इस योजना के तहत महिलाओं को बच्चों की सही देखभाल के लिए पांच हजार रुपया दिया जाता है। यह रकम डीबीटी के माध्यम से महिलाओं के खाते में दी जाती है। शासन से रुपया भेजा जाता है। इस योजना में दोआबा ने प्रदेश के अन्य जनपदों की तुलना में बेहतर काम किया है। यह योजना वर्ष 2021-22 से शुरू हुई है। वर्ष 2023-24 में जिले की आशाओं ने हजारों की संख्या में पहले जन्म लेने वाले बच्चों का पंजीकरण कराया। इसके बाद इन बच्चों की माताओं को शासन की ओर से दी जाने वाली सहायता राशि खाते में भेजी गई। 80 फीसदी से ज्यादा लाभार्थियों को भुगतान किया जा चुका है।

एएनएम व आशाओं की मेहनत की वजह से जिले ने मंडल स्तर पर इस योजना में तृतीय स्थान हासिल किया है। एसीएमओ डा. इस्तियाक अहमद ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना में जिले के स्वास्थ्य कर्मियों की अहम भूमिका रही है। एएनएम व आशाओं के प्रयास का परिणाम है।

### सरकार से मिलने वाली रकम से बच्चों की देखभाल

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत सरकार पहले बच्चे के जन्म पर पांच हजार रुपये देती है। इस रकम से महिलाएं जहां अपने बच्चे की सही तरीके से देखभाल करती हैं, वहीं कामकाजी महिलाओं की मजदूरी की भरपाई भी हो जाती है। महिलाओं को आराम व बच्चों को पोषण भी मिलता है।

### दूसरे बच्चे पर मिलता है छह हजार रुपये

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का सीधा लाभ गर्भवती महिलाओं को मिल रहा है। इस योजना के तहत पहले बच्चे के जन्म पर दो किस्तों में पांच हजार रुपया दिया जाता है। दूसरा बच्चा यदि लड़की जन्म लेती है तो महिला को एक मुश्त छह हजार रुपया डीबीटी के माध्यम से दिया जाता है। आशा व एएनएम इसका पंजीकरण कराती है। एएनएम ही आवेदन पत्र को फारवर्ड करती हैं।

# दुष्कर्म के बाद युवती के जान देने में रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर हुसेनगंज पुलिस ने दर्ज किया मामला
- 23 नवम्बर 2023 को युवती ने खाया था जहर

**अमृत विचार।** दुष्कर्म से आहत होकर तीन माह पूर्व एक युवती ने जहर खाकर जान दे दी थी। युवती के भाई की तहरीर पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। जिसके बाद कोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर हुसेनगंज पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

हुसेनगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले युवक ने बताया कि वह अपनी बहन के साथ घर पर रहता था। गांव का रवी हमेशा बहन के साथ छेड़खानी करता था। बहन के बताने पर वह आरोपी के घर जाकर उलाहना दिया तो आरोपी ने गाली गलौज कर भगा दिया। युवक ने बताया कि 23 नवम्बर 2023 को वह एक निमंत्रण में गया था। रात को वापस घर आया तो उसकी बहन घर में तड़प रही थी। बहन ने रवी के घर आकर दुष्कर्म करने और आहत होकर जहर खाने की बात बताई। पड़ोसियों के सहयोग से बहन को अस्पताल लेकर जाने लगे तभी उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। जिसके बाद पीड़ित ने कोर्ट की शरण ली। थानाध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज किया गया है।

# दुष्कर्म के बाद किशोरी का वीडियो किया वायरल, रिपोर्ट

**फतेहपुर।** दुष्कर्म के बाद किशोरी का युवक ने वीडियो वायरल कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

कल्यानपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी का वीडियो वायरल हुआ है। किशोरी के मामा ने बताया गांव के विजय सिंह ने उसके साथ दुष्कर्म कर वीडियो बना लिया। वीडियो वायरल की धमकी देकर भांजी के साथ कई बार शारीरिक शोषण किया। भांजी ने आपबीती घर में बताई तो वह भांजी को घर लेकर आ गए। विजय सिंह ने धमकी दी कि उसकी भांजी की शादी नहीं होने देगा। प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर सरोज ने बताया कि दुष्कर्म आदि धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

# सूने घर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

संवाददाता जहानाबाद



चोरी के बाद घर में बिखरा पड़ा सामान दिखाता पीड़ित। अमृत विचार

- 90 हजार की नगदी व सोने चांदी के जेवरात चोरी
- शादी समारोह में शामिल होने गया था परिवार

**अमृत विचार।** सूने घर को बुधवार की रात चोरों ने अपना निशाना बना लिया और ताला तोड़कर हजारों की नगदी व जेवरात पार कर दिए। देर रात शादी समारोह से वापस लौटे परिवार को घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बे के औरंगाबाद मोहल्ला निवासी पंकज गुप्ता ने बताया कि वह बुधवार की रात करीब साढ़े आठ बजे अपने परिवार के साथ शादी समारोह में शामिल होने घाटमपुर गया हुआ था। शादी समारोह से देर रात घर वापस लौटा तो देखा कि घर के मेन गेट का ताला टूटा पड़ा है। अंदर जाने पर कमरे का ताला और कमरे में रखी अलमारी का लाक भी टूटा हुआ था। देखा तो अलमारी में रखी 90 हजार रुपये की नगदी के साथ सोने की जंजीर, सोने की अंगूठी, मंगलसूत्र, कई सोने के लाकेट और करीब एक किलो चांदी के जेवरात चोरी हो चुके थे। मामले की सूचना उसने पुलिस को दी तो पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की तहरीर सौंपी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध दुबे ने बताया कि तहरीर मिली है, पुलिस को मौके पर भेजकर जांच पड़ताल की गई है। जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# महिला की अश्लील फोटो बना कर किया वायरल

संवाददाता थरियांव

- वायरल करने से पहले की दो लाख रुपये की मांग
- पुलिस ने तीन लोगों पर दर्ज किया मामला

**अमृत विचार।** महिला से रुपये की मांग पूरी न होने पर एक युवक ने महिला की अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दिया। मामले की जानकारी पर महिला ने पुलिस को तहरीर दी। मामला संज्ञान में लेकर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।


महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि टेकसारी बुजुर्ग थाना थरियांव गांव का रहने वाला सोनू पुत्र बाबू रैदास पर गंभीर आरोप लगाए हैं। महिला ने ब्लैकमेल कि जाने की बात कहते हुए बताया कि सोनू व उसके दो रिश्तेदार दो लाख रुपए की मांग कर रहे हैं और मांग पूरी नहीं होने पर अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी दे रहे हैं। बताया कि उसी के गांव के रहने वाले युवक ने उसका अश्लील वीडियो बना लिया और वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेल कर रहा है। युवक ने दो लाख रुपये की मांग की थी।

मांग पूरी न होने पर उसकी अश्लील फोटो बनाकर वायरल कर दिया है। मामले को संज्ञान में लेते हुए थरियांव पुलिस ने सोनू पुत्र बाबू रैदास व उसके दो रिश्तेदारों पर सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच व तलाश शुरू कर दी है।

**मौसम का मिजाज** — दो दिन बारिश के बाद तीसरे दिन भी नहीं खुला मौसम, सर्दी बढ़ने की संभावना

# घने कोहरे से थम गई वाहनों की रफ्तार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



गुरुवार सुबह छाया रहा घना कोहरा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फरवरी माह में एक बार फिर घने कोहरे से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बुधवार की रात से शुरू हुए घना कोहरा गुरुवार को दोपहर तक छाया रहा। जिससे नेशनल हाईवे में वाहनों के चक्के थमे नजर आए तो वहीं तमाम ट्रेनें अपने निर्धारित समय से घंटो विलंब से रेलवे स्टेशन पहुंची। जिससे यात्रियों को इंतजार करना पड़ा।

एक दिन पूर्व बुधवार को जहां सूर्य देवता आंख मिचौली करते रहे। इससे लोगों को सुबह से ही बारिश जैसे हालात नजर आए। दूसरे दिन गुरुवार को भी मौसम साफ नहीं रहा। सुबह से ही घना कोहरे छाया रहा और धूप भी नहीं निकली। दोपहर बाद सूर्य के दर्शन हुए तो लोगों को राहत महसूस हुई। मौसम साफ न होने के कारण फसलों को हो रहे नुकसान को देखते हुए किसान चिंतित नजर आ रहे हैं। तापमान में गिरावट से सर्दी भी बढ़ी है। एक दिन पहले ही रात को बारिश के साथ कहीं कहीं ओले भी गिरे थे। जिससे फसलों को नुकसान हुआ है। लगातार दूसरे दिन भी मौसम साफ नहीं रहा। सुबह से ही आसमान में कोहरा छाया रहा। दोपहर बाद कुछ देर के लिए हल्की धूप निकली। लेकिन शाम पहर सर्दी में इजाफा देखा गया। किसानों की गेहूं, सरसों, चना, मसूर, अलसी व अरहर के फसल को नुकसान पहुंच रहा है।

### कोहरा और बादलों से तापमान गिरा

बीते दो दिनों से बिगड़ा मौसम का मिजाज और खराब हो रहा है। गुरुवार को कोहरे एवं बादलों के बीच सुबह हुई तो दिन भर सर्दीली हवाएं सताती रहीं। जिससे न्यूनतम तापमान करीब 2 डिग्री नीचे खिसक कर 13 डिग्री सेल्सियस से 11 डिग्री पर टिक गया। वहीं अधिकतम पारा 26 डिग्री दर्ज किया गया। शाम होते ही सर्दी ने जोरदारी से झटका दिया। जिससे शहरी कांपने को मजबूर हुए। वहीं आने वाले दिनों में सर्दी से राहत की उम्मीद नहीं है।

### बाजारों की छिनी रौनक

दो दिन बारिश और गुरुवार को दिन भर छाए रहे घने कोहरे का असर बाजारों में भी देखने को मिला। प्रमुख बाजारों में भी रौनक नहीं देखने को मिली। दुकानदार मायूस नजर आए।

# ट्रेन में अचेत मिले यात्री को अस्पताल में कराया भर्ती

**फतेहपुर।** आरपीएफ को यात्रियों द्वारा सूचना मिलने पर स्टेशन पर ट्रेन को रोक कर अचेत यात्री को उतार कर उसको उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

बिहार के जयनगर से चलकर दिल्ली को जाने वाली यात्री ट्रेन पर सवार यात्रियों द्वारा फतेहपुर रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ को फोन से सूचना दी कि स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस में एक यात्री अचेतावस्था मे पड़ा है। सूचना पर फतेहपुर स्टेशन पर ट्रेन से अचेत यात्री को उतारा गया। उसको इलाज के लिए आरपीएफ का जवान भारत पटेल जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां उसका इलाज कर रहे है। आरपीएफ जवान भरत पटेल ने बताया कि यह ट्रेन में अचेत हो गया था। अस्पताल लाने पर डाक्टर इलाज कर रहे है। जिला अस्पताल के डाक्टर ने बताया कि अभी अचेत होने बारे में कुछ कहा नहीं जा सकता।

# श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर बैठक में किया मंथन

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर




श्रीमदभागवत कथा को लेकर सनातनियों ने की बैठक। अमृत विचार

- सनातन धर्म प्रचार मंच की बैठक, 18 मार्च से 24 मार्च तक होगा आयोजन

**अमृत विचार।** श्रीमद् भागवत कथा के आयोजन को लेकर गुरुवार को सनातन धर्म प्रचार मंच ने पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा को लेकर चर्चा की गई।

सिविल लाइंस में मंच के सक्रिय सदस्य भाजपा नेता सन्तोष सिंह राजू के आवास पर आयोजित बैठक की अध्यक्षता मंच के संस्थापक सदस्य बीपी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का संचालन सनातन धर्म प्रचार मंच के मीडिया प्रभारी अजय सिंह चौहान द्वारा किया गया। मंच के प्रवक्ता प्रेम शंकर मिश्र ने बताया कि आगामी मार्च की 18 से 24 मार्च तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कथा व्यास के रूप में स्वात्मानंद जी महाराज दिगम्बर आश्रम असनी होंगे। कथा का आयोजन शहर के श्रीमोटेश्वर महादेव मंदिर कृष्ण बिहारी नगर में किया जाएगा। इस मौके पर राजकिशोर अग्निहोत्री, रविशंकर मिश्र, केशव राम त्रिपाठी, विवेक दीक्षित, पुत्तन बाजपेई, करुणा शंकर मिश्र, प्रमोद दिवेदी सहित अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद की अनदेखी से नगर में बढ़ता जा रहा अतिक्रमण

## तमाम प्रयासों के बाद भी अतिक्रमणकारियों पर नहीं लग पा रहा अंकुश

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- अतिक्रमण हटवाने के दूसरे दिन ही फिर फैल जाता संजाल

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद बिंदकी प्रशासन की अनदेखी के कारण नगर के बाजारों में अतिक्रमण बढ़ रहा है। मुख्य बाजार, फाटक बाजार, लोहायी बाजार, जूताही बाजार, बतासा गली व खोया मंडी समेत अन्य जगहों पर दुकानदारों ने दुकानों के सामने सड़क पर कई-कई फिट अतिक्रमण किया हुआ है। इसके चलते नगर के मुख्य बाजार से पैदल निकलना भी दूभर हो गया है।

नगर के व्यापारियों की हठधर्मिता व प्रशासन की लापरवाही के चलते नगर के बाजारों में अतिक्रमण से पूरी तरह से अपने पैर पसार लिए हैं। दुकानदारों ने अपने पटरों के सामने लकड़ी की बैंच लगाकर दुकान का सामान बाहर तक निकाल लिया है। कुछ दुकानदारों ने तो सरकारी नाली को ही बंद कर दिया है। बिंदकी नगर का मुख्य बाजार वैसे ही बहुत तंग है। अतिक्रमण के कारण बाजार में मार्ग की चौड़ाई घटकर मात्र 5 से 6 फिट रह गई है। मुख्य बाजार के दुकानदारों के अतिक्रमण को हटाने में प्रशासन पूरी तरह से बेबस नजर आता है। अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन पर दबाव पड़ता है तो कुछ समय के लिए अभियान चलाकर मेन रोड पर थोड़ा-बहुत अतिक्रमण हटा देते हैं लेकिन टीम के जाते ही फिर अतिक्रमण हो जाता है।

**प्रशासन के वापस लौटते स्थिति जस की तस:** नगर के चौराहों तथा बाजारों के साथ अनाज मंडी के आसपास के इलाके पर तो अतिक्रमणकारियों का पूरा कब्जा है। कुंवरपुर रोड गल्ला मंडी के आसपास कई तौल कांटे हैं, जिनके आसपास आड़े-तिरछे वाहनों को खड़ा करके जाम की समस्या पैदा की जाती है।

बिंदकी प्रशासन सोमवार को पालिका टीम के साथ गल्ला मंडी क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया और अतिक्रमण करने वालों को हिदायत भी दी गई लेकिन प्रशासन के वापस लौटते ही स्थिति जस की तस हो गई।

### खाकी की चेतावनी की निकली हवा

पुलिस प्रशासन दुकानदारों को चेतावनी देते रहते हैं। वहीं नगर पालिका प्रशासन ने अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार व्यापारियों से अपील की लेकिन इसका असर नहीं दिखता है। इस मामले में नगर का व्यापार मंडल भी चुप्पी साधे हुए है।

### दावा, हटेगा अतिक्रमण

पालिका के जिम्मेदारों का कहना है कि पूर्व में भी कई बार पालिका की टीम व्यापारियों से अतिक्रमण हटाने की अपील कर चुकी है। जल्द ही पुलिस प्रशासन के सहयोग से मुख्य बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जायेगा। जो व्यापारी नहीं मानेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### विरोध के सामने प्रशासन नाकाम

जब-जब पालिका प्रशासन की टीम मुख्य बाजार अतिक्रमण हटवाने पहुंची, कई व्यापारी अपनी दुकानें बंद कर सड़क पर आ गए, उनके विरोध के चलते पालिका प्रशासन को बैरंग वापस लौटना पड़ा। मंगलवार व शुक्रवार को मुख्य बाजार क्षेत्रीय ग्रामीण सामान की खरीदारी करने के लिए आते हैं। खासी भीड़ के चलते लोगों का पैदल निकलना दूभर हो रहा है।



नगर के विभिन्न रोड में अतिक्रमण हटवाने के लिए अभियान भी चला। इसके बावजूद जाम में फंसने वाले राहगीर सिर्फ परेशान होकर यही कहते हैं, जरा इधर भी नजरें इनायत करें हुजूर।

–अमन अग्रवाल



मेन रोड में लगने वाले जाम, पुलिस की यह जिम्मेदारी है कि सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराए। रोड में खड़ी होती बाइक, चौराहों पर डग्गामार वाहन जिससे वहां से निकलने वालों को बहुत ही दिक्कत होती है।

–श्रवण कुमार

## एक नजर

### ताला तोड़ कर विद्यालय में गेहूं, चावल चोरी

**जाफरगंज।** थाना क्षेत्र के चरई गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक दीपक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गुरूवार को वह रोज की तरह विद्यालय पहुंचे थे। पहुंचने पर देखा तो किचन व स्टोर रूम का ताला टूटा पड़ा था। अंदर रखा करीब 50 किलो गेहूं व 50 किलो चावल, ब्लूटूथ और खेलकूद का सामान चोरी हो गया था। थाना प्रभारी सत्यपाल सिंह ने बताया मामले की जांच की जा रही है।

### भागवत कथा के समापन पर भंडारे का आयोजन

**बिंदकी।** साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। खजुहा ब्लॉक क्षेत्र के छीछा गांव स्थित अखंडेश्वर अखंड धाम में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत कथा का समापन गुरुवार को हुआ। विशाल भंडारे में छीछा, कोरवां, मंडराव, भवानीपुर, अमेना, जबरापुर, जोनिहां, दरियापुर, डेहरिया सहित तमाम गांव के लोगों ने प्रसाद लिया। विनोद बाबा, राम बहादुर यादव, प्रेम नारायण सिंह, वेद प्रकाश सिंह, बलराम सिंह, फतेहबहादुर यादव, प्रवेश सिंह सोनू आदि मौजूद रहे।

### 35 वाहनों का हुआ चालान

**फतेहपुर।** एसपी के निर्देश पर गुरूवार को चलाए गए चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने 35 वाहनों का चालान करते हुए एक वाहन से एक हजार रुपये का शमन शुल्क वसूला है। वहीं सात लोगों पर शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# बिना तलाक युवक कर रहा दूसरी शादी, शिकायत

संवाददाता फतेहपुर

- कोतवाली पुलिस ने नहीं की सुनवाई
- पीड़िता ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार



**अमृत विचार।** बिना तलाक दिए एक युवक दूसरी शादी की तैयारी कर रहा है। जब पत्नी को जानकारी हुई तो शादी रोकने के लिए अधिकारियों के चक्कर लगा रही है। पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि पति दूसरी जगह शादी करने जा रहा है और कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई के बजाय थाना से भगा दिया। पीड़ित महिला ने न्याय की गुहार लगाते हुए कहा कि पुलिस इंसाफ नहीं कर रही है।

खागा कोतवाली क्षेत्र के चकबबुल्लापुर भभूती गांव की रहनी वाली महिला बबली पुत्री दशरथ सिंह ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देते हुए आरोप लगाया कि उसकी शादी पहले परिवार के लोगों ने राधेश्याम पुत्र रामप्रताप के साथ की थी। हम दोनों से दो बच्चे अनिकेश सिंह और शनि सिंह हुए। 2015 में एक सड़क हादसे में पति की मौत के बाद बीमा की रकम के 24 लाख मिले थे। जिसमें दोनों बच्चों के नाम कुछ पैसा जमा हो गया। इसी बीच मेरे परिवार ने उसकी शादी अशोक सिंह से 2019 में हिन्दू रीति रिवाज से कर दी। विवाह का रजिस्ट्रेशन भी कराया गया था। शादी के बाद पति ने सारे जेवर और पूर्व में मृतक पति के समय मिले पैसों को अपने खाते में जमकर मुझे घर और मेरे दोनों बच्चों को घर से निकाल दिया। मायके में रहकर हमने गुजारा भत्ता के लिए कोर्ट में मुकदमा दायर किया। इसी बीच मेरे पति अशोक सिंह ने दूसरी जगह अपनी शादी तय कर ली। 17 फरवरी के दिन बारात लेकर जा रहा है। खागा कोतवाली पुलिस से प्रार्थना पत्र देकर शादी रोकने की मांग की तो पुलिस ने कोतवाली से भगा दिया। पीड़ित महिला ने आरोप लगाया कि जब किसी अधिकारी ने सुनवाई नहीं किया तो पुलिस अधीक्षक से मिलकर न्याय की गुहार लगाई। 17 फरवरी को शादी रोकते हुए न्याय दिलाया जाए।

# नलकूप खंड के इकट्ठा कबाड़ की नीलामी की गई

**फतेहपुर।** नगर विभाग के नलकूप खंड में जमा हुए कबाड़ की गुरुवार को नीलामी की गई। बोली लगाने के लिए जिले समेत गैर जिलों से भी ठेकेदारों ने प्रतिभाग किया। एक से बढ़ कर एक बोली लगाई। जिसमें विभाग को खासा राजस्व मिला।

शहर के नहर कॉलोनी में स्थित नलकूप खंड में गुरुवार को नीलामी प्रक्रिया की गई। अधिशासी अभियंता नलकूप खंड प्रशांत सिंह ने बताया कि यह नीलामी प्रक्रिया वित्त लेखा अधिकारी लखनऊ एवं खंडीय लेखाधिकारी सहायक अभियंता प्रथम वृत्ति की देखरेख में संपन्न हुआ। नलकूप खंड में कबाड़ खरीदने मथुरा, आगरा, इलाहाबाद, कानपुर, इटावा समेत अन्य जगह से बड़े-बड़े ठेकेदार आए थे। जिन्होंने अपनी अपनी बोली लगाई। शासन से संतुष्टि बोली का रेट 449 रुपए प्रति किलो कॉपर जले हुए तार का था। आज बोली में कॉपर के जले हुए तारों की बोली लगाई गई। सभी ठेकेदारों ने 449 रुपए प्रति किलो से शुरू होकर के 583 रुपए प्रति किलो पर समाप्त हुई। बोली में कानपुर के आरके ठेकेदार को 583 रुपए प्रति किलो के हिसाब से जले हुए कॉपर के तार की बोली मिली। अधिशासी अभियंता ने बताया कि आज की बोली में सरकार को बहुत राजस्व प्राप्त हुआ है।

# फर्जी कागज से नौकरी पाए बर्खास्त सिपाही पर रिपोर्ट

संवाददाता फतेहपुर

- पुलिस भर्ती में लगाए थे कूटरचित दस्तावेज

**अमृत विचार।** पुलिस भर्ती में कूटरचित दस्तावेज लगाने वाले पीएसी के बर्खास्त सिपाही के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में विभाग की ओर से मामला दर्ज कराया गया है। सिपाही ने फर्जी दस्तावेजों के सहारे करीब पांच साल नौकरी की है।

12वीं वाहिनी पीएसी के शिविरपाल महेंद्र सिंह ने बताया कि बलिया जिला रानीगंज कोटवां गांव के संजीत सिंह 2018 पुलिस भर्ती प्रक्रिया के तहत विभाग में नियुक्ति पाई थी। शिकायत पर सेनानायक की ओर से संजीत सिंह के दस्तावेजों की जांच शुरू हुई। जांच में संजीत की जन्मतिथि और नाम में कूटरचित पाई गई। प्रारंभिक और विभागीय जांच में दोषी मानकर 21 जून 2023 को बर्खास्त किया गया था। बर्खास्त सिपाही के खिलाफ कूटरचना और धोखाधड़ी का आरोप सही पाए जाने पर राधानगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। प्रभारी निरीक्षक आरके पटेल ने बताया कि बर्खास्त सिपाही के खिलाफ जांच कर जल्द चार्जशीट दाखिल की जाएगी। धाराएं गैरजमानती है। उसकी गिरफ्तारी भी होगी।

# सीएचसी सरांय खालिश में इलाज रामभरोसे

संवाददाता असोथर

**अमृत विचार।** असोथर ब्लाक के सराय खालिस में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का हाल गुरुवार को देखते ही बना। यहां दोपहर 12 तक कोई भी डाक्टर और स्टाफ मौजूद नहीं था। सीएचसी में इलाज के लिए पहुंचे मरीजों के साथ तीमारदार डाक्टर के न होने पर इलाज के लिए भटकते रहे।

सराय खालिस सीएचसी में गुरूवार सुबह तीमारदार अपने मरीज को लेकर पहुंचे तो 12 बजे तक कोई भी डाक्टर मौजूद नहीं था। यहां तक की पर्चा काउंटर पर तैनात कर्मी भी गायब रहे। जो लोग पहले का पर्चा लेकर गए थे, वह लोग डाक्टर को खोजते नजर आए। डाक्टर के कक्ष में ताला लगा देखकर कुछ लोगों ने सीएमओ को फोन पर जानकारी दी।

सीएचचसी पहुंचे मरीजों में मोहन मिश्रा, जितेंद्र सिंह और पुत्तन ने आरोप लगाया कि वह सुबह से डाक्टर को दिखाने के लिए अस्पताल पहुंचे तो यहां पर डाक्टर तो दूर पर्चा बनाने वाले कर्मी गायब रहे। अस्पताल में एक एलटी कर्मी से जब पूछा गया तो उसने बताया कि जब डाक्टर को आना होगा तब आ जाएंगे। पीड़ित मरीजों ने कहा कि एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्र में बने सीएचसी और पीएचसी में 24 घंटे डाक्टर सहित पूरे स्टाफ को रुकने का फरमान जारी कर रही है।





दोपहर 12 बजे पर्चा काउन्टर में नहीं दिखा कोई कर्मी, डॉक्टरों के केबिन में ताला।

एक डाक्टर के अवकाश पर होने के बाद दूसरे को समय से अस्पताल पहुंचने के निर्देश हैं। अगर इस पर कोई भी कर्मचारी लापरवाही करता है तो जांच के बाद कार्यवाही की जाएगी। –डा. इस्तियाक अहमद, एसीएमओ

### झोलाछाप काट रहे चांदी

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय खालिस के हालात दिन प्रतिदिन बद से बदतर होते जा रहे हैं। यह अस्पताल दो डाक्टरों के सहारे चल रहा है। जिसमें से एक डाक्टर अवकाश पर चल रहे हैं। वहीं महिला डाक्टर गुरुवार दोपहर 12 बजे तक अस्पताल नहीं पहुंची। मजबूरन लोगों को निजी अस्पताल और झोलाछाप डाक्टरों के पास जाना पड़ता है, जिससे उनकी चांदी कट रही है।

### अभी तक नहीं भर्ती हुआ एक भी मरीज

एक तरफ स्वास्थ मंत्री ब्रजेश पाठक स्वास्थ विभाग के अफसरों पर नकेल कस रहे है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सराय खालिस के डाक्टर आदेश पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# शुगर से हो रही दांत की कई बीमारियां

संवाददाता फतेहपुर

- शुगर पीड़ित एक तिहाई मरीज पहुंच रहे ओपीडी में
- दांत खराब होने के साथ मुंह की कई बीमारियां ले रहीं जन्म

**अमृत विचार।** शुगर के मरीजों को पता ही नहीं कि उनके दांत की बीमारी की वजह भी शुगर ही है। जिला अस्पताल के दांत विभाग की ओपीडी में आने वाले मरीजों में एक तिहाई मरीज शुगर से पीड़ित हैं। हैरानी की बात यह है कि शुगर के मरीजों को पता ही नहीं कि शुगर से दांत खराब होते हैं। ऐसे मरीजों को डॉक्टर दांतों की सफाई के साथ शुगर नियंत्रित रखना जरूरी बता रहे हैं।

जब शरीर में ग्लूकोज का लेवल बढ़ता है तो लार में भी शुगर की मात्रा बढ़ जाती है। मुंह में बैक्टीरिया जब लार में मौजूद शुगर को खाने के लिए तोड़ता है तो उसमें से निकलने वाली एसिड दांतों की इनेमल को नुकसान पहुंचाती है। लगातार ऐसा होने से इनेमल की परत टूट जाती है और दांत खराब हो रहे हैं।

ओपीडी में आने वाले दांत के कुल मरीजों में एक तिहाई से अधिक मरीज शुगर से पीड़ित हैं। शुगर की वजह से उनके दांतों व मुंह को सफाई की अधिक जरूरत है। ऐसा न करने वाले शुगर के मरीजों के दांत बैक्टीरिएल हमले का शिकार होकर खराब हो रहे हैं। ओपीडी में डाक्टरों की टीम दवा के साथ मरीजों को जागरूक भी कर रही है।

डा. एसके सिंह, दांत रोग विभाग

दंत रोग विशेषज्ञ डा. एसके सिंह का कहना है कि शुगर के मरीजों की हड्डियां गलने से उनके दांत की जड़ के पास हड्डी में बैक्टीरियल इंफेक्शन होने की कई शिकायतें आ रही हैं। इससे दांत खराब होने के साथ मुंह में और कई समस्याएं बढ़ रही हैं। ओपीडी में आने वाले मरीजों से सबसे पहला सवाल यही करते हैं कि शुगर की बीमारी तो नहीं है।

### शुगर के मरीज बरतें सावधानी

- रोज दो बार अच्छी क्वालिटी का मुलायम ब्रश करें
- मुंह में घाव, सफेद या लाल निशान दिखने पर डॉक्टर से मिलें
- धूम्रपान व शराब का सेवन बिल्कुल न करें
- मुंह व दांतों की सफाई पर विशेष ध्यान दें।

### शुगर के लक्षण

- बार-बार पेशाब लगना
- बहुत भूख व प्यास लगना
- वजन तेजी से घटना बढ़ना
- थकान, चिड़चिड़ापन व धुंधला दिखना
- घाव देर से भरना, त्वचा में इंफेक्शन

# छह ओवरलोड ट्रक पकडे, 3.22 लाख का जुर्माना

**फतेहपुर।** बिंदकी कस्बे में प्रशासन ने ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ कार्रवाई की। नायब तहसीलदार ने छह ओवरलोड ट्रक पकड़े। मामले की सूचना एआरटीओ को दी गई। सूचना पर पहुंचे परिवहन विभाग के अधिकारियों ने तीन लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

बुधवार सुबह नगर के कुंवरपुर रोड में नायब तहसीलदार सुरेश कुमार ने गिट्टी और मौरंग लदे छह ओवरलोड ट्रक पकड़े। मामले की सूचना पीटीओ सुरेंद्र सिंह को दी गई। उन्होंने मौके पर पहुंच कर सभी छह ट्रक में कुल तीन लाख 22 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। पकड़े गए ओवरलोड ट्रकों की नंबर प्लेट गायब मिली। ट्रक चालक ने नंबर प्लेट निकाल कर अंदर रख लिया था। कुछ ट्रकों की नंबर प्लेट पर कालिख पोत दी गई थी।

# हत्या की सुई अपनों पर घूमी परिजनों से पूछताछ शुरू

**फालोअप**

संवाददाता जहानाबाद

- बुधवार को नलकूप में मिला था किसान का शव
- पुलिस की मानें तो घटना के पीछे हो सकते हैं अपने

**अमृत विचार।** बुधवार भोर पहर थाना जहानाबाद क्षेत्र के रोशनपुर गांव में किसान की हुई हत्या के मामले में पुलिस को कुछ सुराग हाथ लगे हैं। पुलिस की जांच की सुई अब अपनों पर ही घूम रही है। जिसके तहत पुलिस ने अब मृतक के परिजनों से ही पूछताछ शुरू कर दी है।

जहानाबाद थाना क्षेत्र के रोशनपुर गांव निवासी किसान हरिश्चंद्र का शव उसके नलकूप में बुधवार को रक्तरंजित अवस्था में पाया गया था। मामले में पुलिस अधीक्षक ने घटना के खुलासा के जल्द से जल्द दिशा निर्देश दिए थे। जिस पर ग्रामीणों व परिजन से पुलिस ने काफी देर तक जानकारी हासिल की थी। फारेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्रित किए थे। पुलिस ने बताया था कि घटनास्थल का निरीक्षण करने पर यह प्रतीत हुआ कि मृतक व हत्यारों के बीच संघर्ष की भी स्थिति रही है। जिससे यह प्रतीत होता है हत्या किसी करीबी शख्सों द्वारा की गई है, हत्या में कई लोगों के शामिल होने की भी पुलिस को आशंका है। पुलिस की टीम ने पति-पत्नी व पुत्रों के पूर्व में हुए विवाद को भी जांच पर प्रथम दृष्टया केंद्र बिंदु बनाए हुए है।

# मीना मंच में शामिल की गई नई एक्टिविटी बुक

संवाददाता, खागा फतेहपुर

- तीन दिवसीय प्रशिक्षण में दक्ष किए गए सुगमकर्ता
- स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत हुआ प्रशिक्षण

**अमृत विचार।** बीआरसी धाता में गुरुवार को यूनिसेफ द्वारा स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजेल्स की सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए सुगमकर्ताओं का ब्लॉक स्तरीय तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। धाता खंड शिक्षा अधिकारी राम पूजन पटेल की देखरेख में संपन्न हुए कार्यक्रम में डॉ. विवेक शुक्ला, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा के मार्गदर्शन में संदर्भदाता प्रदीप कुमार वर्मा और इला सिंह द्वारा सुगमकर्ताओं का उन्मुखीकरण किया गया। संदर्भदाता द्वारा मीना गीत, मीना मंच का गठन व माहवारी प्रबंधन पर चर्चा की गई। समाज में लिंग भेद को मिटाने को प्रेरणादायक वीडियो और माहवारी प्रबंधन आधारित फिल्म पहेली की सहेली दिखाई। लीडरशिप का विकास करने व पावर एंजिल्स के सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा की गई। आधा फुल कॉमिक बुक के पत्र किट्टी, अदरक और तारा के माध्यम से वर्तमान बाल समस्याओं व समाधान की चर्चा की। जीवन कौशल की दक्षताओं, सेल्फ एस्टीम आई कैन डू, लीव इट जैसी महत्वपूर्ण विषयों को सुगमकर्ताओं को बताया गया।

**गलत बात** हाईवे चौड़ीकरण में मुआवजा मिलने के बाद भी उन जमीनों पर किया जा रहा अवैध कार्य

# हाईवे की जमीन में कब्जे पर एसडीएम सख्त

संवाददाता औंग, फतेहपुर

- अस्थाई रूप से अतिक्रमण कर जमीन में कब्जा करने का प्रयास

**अमृत विचार।** कस्बे स्थित प्रयागराज से कानपुर की ओर नेशनल हाईवे की जमीन पर गुरुवार को टीन डालकर कब्जा करने का प्रयास किया गया। जिसकी जानकारी उपजिलाधिकारी बिन्दकी को लगी तो उन्होंने सख्ती दिखाते हुए तत्काल काम पर रोक लगा दी। वहीं कब्जाधारक व लेखपाल को तहसील मुख्यालय में तलब कर लिया।

ज्ञात हो कि कस्बे में सिक्स लेन निर्माण के दौरान 25 मीटर तक की भूमि का अधिग्रहण हुआ था। जिसमें अवैध कब्जा कर रहे व्यक्ति को सौ फीसदी बिल्डिंग का भुगतान हाईवे प्रशासन द्वारा किया जा चुका है। इसके बावजूद फुटपाथ बनने वाली भूमि पर टीन शेड डालकर कब्जा किया जा रहा था। जब एसडीएम बिन्दकी से हो रहे अवैध कब्जे के सम्बन्ध में बात की गई तो उन्होंने तत्काल नायब तहसीलदार अमरेश कुमार व लेखपाल अभिषेक शिवहरे को भेजकर काम बन्द कराया। इस कस्बे में सब्जी बाजार से लेकर चौराहे तक हाईवे द्वारा बना फुटपाथ अभी तक पूरा नहीं किया गया और उस पर लोग कब्जे की कोशिश कर रहे हैं। ग्रामीणों ने फुटपाथ से अवैध कब्जा हटवाने तथा अधूरे फुटपाथ को पूरा किए जाने की मांग की है।




अवैध कब्जे के तहत रखी गई फुटपाथ में टीन। अमृत विचार

अवैध कब्जे के बारे में जानकारी मिलने पर नायब तहसीलदार तथा लेखपाल को भेजकर काम रोक दिया गया है। शीघ्र ही अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

–अनिल कुमार यादव, एसडीएम बिन्दकी

## सार-संक्षेप




भाजपा किसान मोर्चा की ग्राम परिक्रमा में शामिल भाजपाई। अमृत विचार

### कौंडर गांव की भाजपाइयों ने की परिक्रमा

**असोथर फतेहपुर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा चलाए जा रहे ग्राम परिक्रमा अभियान के तहत क्षेत्र के कौंडर गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का कुशल नेतृत्व विजय प्रताप सिंह जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा के आह्वान पर गुरुवार को मंडल असोथर के ग्राम पंचायत कौंडर मे मंडल उपाध्यक्ष बछराज सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पीके गुप्ता, विहान सिंह, नीरज गुप्ता, रिंकू गुप्ता, मनोज गुप्ता समेत किसान शामिल हुए। अभियान के जिला संयोजक जयदेव सिंह ने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जैसे किसान सम्मान निधि, समर्थन मूल्य, किसानों की आय दुगुना करने, विद्युत, पेयजल, नलकूप के लिए अलग लाइन, सौर ऊर्जा से सोलर पंप अनुदान, कृषि यंत्र अनुदान समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी।



विभिन्न समस्याओं को लेकर किसानों ने किया चक्का जाम। अमृत विचार

### समस्याओं को लेकर भाकियू ने किया चक्का जाम

**बिंदकी फतेहपुर।** विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक गुट ने तहसील के सामने रोड में बैठकर चक्का जाम कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे और समझा कर जाम खुलवाया। लगभग 15 मिनट तक मार्ग जाम रहा। जिससे आवागमन प्रभावित हुआ। गुरुवार को तहसील परिसर में बैठक कर समस्याएं हल न करने पर नाराजगी जाहिर की गई। उसके बाद यूनियन के लोग तहसील गेट के सामने बांदा सागर मार्ग में बीच रोड में बैठकर जाम लगा दिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी सुशील कुमार द्विवेदी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने यूनियन के लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी मांगे पूरी होंगी। तब जाकर लगभग 15 मिनट बाद यातायात बहाल हो सका। इस मौके पर यूनियन के तहसील अध्यक्ष बबलू सिंह, तहसील उपाध्यक्ष रज्जन सिंह, जिला प्रचार मंत्री धर्मपाल सिंह, सुखीराम, शैलेंद्र सिंह, अंगद सिंह, रामनरेश आदि मौजूद रहे।

### सीओ ने कोतवाली का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

**बिंदकी।** पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कोतवाली का निरीक्षण किया। उन्होंने दफ्तर के कामकाज को देखा और मेस की व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। वहीं कोतवाली में रखे कबाड़ और सीज की गई बाइकों के बारे में जानकारी ली। गुरुवार को सीओ बिन्दकी सुशील कुमार दुबे ने कोतवाली बिंदकी का निरीक्षण किया। उन्होंने दफ्तर का निरीक्षण किया, दफ्तर में कार्य कर रहे लोगों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि सभी लोग बेहतर ढंग से कम करें कोई लापरवाही मत करें। आने वाले फरियादियों की समस्या सुनी जाए और उसका निराकरण भी कराया जाए। उन्होंने मेस का भी निरीक्षण कर निर्देश दिए। कहा कि भोजन साफ सफाई से बनाया जाए किसी प्रकार की कोई आवश्यकता फैलने न पाए। इसके बाद उन्होंने कोतवाली परिषद में रखे कबाड़ और दोपहिया वाहनों के बारे में भी जानकारी लिया। इस मौके पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह, सीनियर सब इंस्पेक्टर सत्यदेव गौतम आदि मौजूद रहे।



भाजपा में शामिल हुए विभिन्न पार्टी के पदाधिकारी। अमृत विचार

### 250 लोगों ने विभिन्न पार्टी छोड़ थामा भाजपा का दामन

**जहानाबाद, फतेहपुर।** कस्बे के अमौली रोड स्थित एक गेस्ट हाउस में गुरुवार को विधायक राजेंद्र पटेल, ज्वायनिंग कमेटी के संयोजक गौरीशंकर की उपस्थिति में सपा वरिष्ठ नेता गंगाराम निषाद, राजू राजपूत, पहलवान सिंह यादव, बलवंत सिंह तोमर, बसपा के देवी प्रसाद, अनुराग पटेल, सुमित सेन, मूलचंद कुशवाहा, अनिल गुप्ता, नीरज निषाद, कामनी चौहान, रेशू सिंह सहित 250 लोगों ने भाजपा में शामिल होकर पार्टी के प्रति आस्था जताई। ज्वायनिंग कमेटी के संयोजक गौरीशंकर अवस्थी ने शामिल हुए लोगों को पार्टी का पटका पहनाईं। विधायक राजेंद्र पटेल ने शपथ दिलाते हुए कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों का ही परिणाम है कि दूसरे दलों के कार्यकर्ता समाज सेवा के लिए दल छोड़कर भाजपा में आ रहे हैं। पार्टी में शामिल हुए सभी का स्वागत किया। इस मौके पर विधानसभा प्रभारी विवेक द्विवेदी, विस्तारक विमल गुप्ता, जिला मंत्री रामभगत वर्मा, नितिन ओमर, सन्तोष गुप्ता, राजभान सिंह, लाल सिंह सूर्यवंशी, शिवाकांत, रामकरण सिंह, जालेन्द्री गिहार आदि मौजूद रहे।

# कल से पुलिस भर्ती परीक्षा, पहले समझ लें नियम

## 17 व 18 फरवरी को 10 केंद्रों पर दो-दो पालियों में होगी लिखित परीक्षा, एक पाली में होंगे 4872 परीक्षार्थी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● दो दिनों में कुल 19,488 अभ्यर्थी शामिल होंगे

**अमृत विचार।** जिले में 17 व 18 फरवरी को दो दिनों तक दो-दो पालियों में यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती की लिखित परीक्षा होगी। एक पाली में 4872 परीक्षार्थी शामिल होंगे। दो दिनों तक 10 परीक्षा केंद्रों पर कुल 19,488 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। परीक्षा में शामिल होने से पहले इसके नियमों की जानकारी जरूरी है। जानकारी के अभाव में आपका अभ्यर्थन निरस्त किया जा सकता है।

डीएम शुभ्रान्त शुक्ल ने बताया कि परीक्षा कक्ष के अंदर किसी प्रकार की मुद्रित या लिखित सामग्री, कागज के टुकड़े, ज्यामितीय, पेंसिल बॉक्स, प्लास्टिक पाउच, कैलकुलेटर, क्रेडिट/डेबिट कार्ड व स्केल ले जाने पर पूरी तरह से मनाही है।

उन्होंने बताया कि कॉपी, पेन ड्राइव, इरेजर, लॉग टेबिल/इलेक्ट्रानिक पेन/स्कैनर, इलेक्ट्रानिक गैजेट जैसे मोबाइल, कैमरा, किसी प्रकार की घड़ी, स्मार्ट वॉच, ब्लूटूथ डिवाइस, इयरफोन व माइक्रो फोन भी कोई अभ्यर्थी व अन्य लोग नहीं ले जा सकेंगे। इसके अलावा पेजर, हेल्थ बैंड, बटुआ, काला चश्मा, हैंड बैग, टोपी, खुला या पैक किया हुआ खाने का सामान, सिगरेट, गुटखा लाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध है।

इसका उल्लंघन करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से शुरू होगी। परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का समय सुबह आठ से साढ़े नौ बजे तक रहेगा। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शुरू होगी। उसके लिए एक से ढाई बजे तक प्रवेश मिलेगा। परीक्षा दो-दो घंटे की होगी। डीएम ने बताया कि परीक्षा केंद्र के प्रवेश द्वार पर ड्यूटीकर्मी व सुरक्षा कर्मी अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र व मूल पहचान पत्र की जांच करेंगे। बायोमैट्रिइनरोलमेंट के बाद ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा।

### एक से अधिक भरा गोला तो मूल्यांकन नहीं

बताया गया है कि ओएमआर उत्तर पत्रक पर निर्दिष्ट प्रविष्टि न करने पर उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार किसी प्रश्न के उत्तर के लिए दिए गए विकल्प गोलों में से एक ही गोला भरा जाएगा। एक से अधिक गोलों को भरने पर उस प्रश्न का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।


पुलिस भर्ती परीक्षा के संबंध में बैठक के दौरान मौजूद पुलिस अधिकारी, कर्मचारी। अमृत विचार

### बने 10 परीक्षा केंद्र, 19,488 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक ने उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें एसपी ने आवश्यक निर्देश दिये। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने पुलिस लाइन की बहुउद्देश्यीय हॉल में 17 व 18 फरवरी को उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा 2023 के संबंध में गोष्ठी की। इसमें बताया कि जिले में 10 केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा प्रात: 10 से दोपहर 12 बजे तक व अपरान्ह तीन से सायं पांच बजे तक होनी है, जिसमें कुल 19,488 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कहा कि परीक्षा के दौरान शासन के दिशा निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराएं। समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना कोतवाली प्रभारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### ड्यूटी में एक पाली का इतना मिलेगा मेहनताना

- 945 रुपये केंद्र व्यवस्थापक के लिए
- 750 रुपये सहायक केंद्र व्यवस्थापक के लिए
- 750 रुपये स्टेटिक मजिस्ट्रेट/केंद्र पर्यवेक्षक (पुलिस)
- 600 रुपये अंतरीक्षक
- 600 रुपये सहयोगी अंतरीक्षक
- 510 रुपये परीक्षा सहायक प्रथम व द्वितीय
- 510 रुपये बाबू के लिए
- 225 रुपये चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का

### तीन पत्रक में एक अभ्यर्थी को मिलेगा

उत्तर पत्रक कुल तीन प्रतियों में है जिसमें मूल उत्तर पत्रक का उपयोग परीक्षार्थी के उत्तरों का मूल्यांकन करने के लिए किया जाएगा। दूसरी प्रति बोर्ड को जाएगी। तीसरे प्रति अभ्यर्थी को मिलेगी। परीक्षा के बाद अंतरीक्षक की ओर से अभ्यर्थी प्रति अलग कर उसे प्रति देगा।

### निर्धारित स्थान पर ही रफ कार्य करें

ओएमआर उत्तर पत्रक महत्वपूर्ण अभिलेख है। परीक्षार्थी इन ओएमआर उत्तर पत्रकों को किसी भी रूप में कटने या फटने नहीं देंगे। न ही इसे मोड़ेंगे। परीक्षार्थी प्रश्न पुस्तिका के कवर पेज पर निर्धारित स्थान पर ही रफ कार्य करेंगे। अंदर किसी भी जगह कुछ नहीं लिखेंगे।

# बकायेदारों के कनेक्शन काटें, करें वसूली

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


समीक्षा बैठक लेते चीफ इंजीनियर राम प्रकाश व अन्य विभागीय अधिकारी।

● चीफ इंजीनियर ने ली बिजली विभाग की बैठक, दिए निर्देश

**अमृत विचार।** वर्ष 2024 में बिजली विभाग की ओर से किये गये कार्यों की समीक्षा बैठक मुख्य अभियंता ने ली। इस दौरान बकाया वसूली तेज करने के निर्देश दिये गये। जिले में कराये जा रहे कार्यों पर निगरानी करने को कहा गया।

शहर के सिंह वाहिनी मंदिर रोड स्थिति निजी गेस्ट हाउस में बिजली विभाग की समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर मुख्य अभियंता राम प्रकाश ने अधीक्षण अभियंता व अधिशाषी अभियंता कन्नौज मगन सिंह व छिबरामऊ रविंद्र कुमार के साथ समीक्षा की। इस दौरान मुख्य अभियंता ने कहा कि फरवरी में उपकेंद्र के अनुसार वसूली में तेजी लाई जाये। जो उपभोक्ता बकाया बिल का भुगतान नहीं कर रहा है उसका कनेक्शन काट दिया जाये। दोबारा जुड़ा मिलने पर संबंधित के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई जाये।

इसी तरह उन्होंने बदले गये ट्रांसफार्मर व लाइनों की समीक्षा की। इस दौरान पाया कि कई स्थानों पर क्षमता बढ़ाने के लिये ट्रांसफार्मर बदले जा चुके हैं तो कहीं काम चल रहा है। लाइनों को भी बदला जा रहा है। गर्मी में बिजली व्यवस्था की समीक्षा में पाया कि मुख्य बिजली घर में अभी तक क्षमता बढ़ाने के लिये रखे ट्रांसफार्मर को नहीं लगाया गया है। उसे लगाने को कहा गया। इसी तरह उपकेंद्रों की मैकेनिकल समीक्षा की गई। इस दौरान जर्जर उपकरण बदले को कहा गया। इस मौके पर अधीक्षण अभिंयता मधुप श्रीवास्तव के अलावा जेई व टीजीटू के अलावा अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## पुत्र के साथ बाजार गई महिला लापता

**गुरसहायगंज।** आजाद नगर निवासी मनोज राजपूत का कहना है कि 03 फरवरी की दोपहर 11 बजे उसकी पुत्री 03 वर्षीय पुत्र सुंदरम के साथ बाजार गई थी। जब महिला देर शाम तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने उसकी खोजबीन की। लेकिन कोई पता नहीं लग सका।

## सार-संक्षेप

### सड़क हादसे में एक की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** औरैया जनपद के थाना बेला के गांव छैरी निवासी सौरभ पुत्र रविंद्र सिंह (22) अपनी रिश्तेदारी सौरिख थाना क्षेत्र के गांव नगला तेज में दावत में शामिल होने के लिए साथी रोहित पुत्र राजू (20) के साथ ओमनी कार से आए थे। किसी कार्य से सौरिख आते समय नादेमऊ सौरिख मार्ग पर ग्राम गढ़िया के पास विपरीत दिशा से आ रहे टैक्टर से जोरदार टक्कर हो गई। इसमें रोहित व सौरभ गम्भीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचा, जहां डॉक्टर ने रोहित को मृत घोषित कर दिया तथा सौरभ को तिर्वा मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

### दिव्यांगों के साथ मनाया पूर्व शिक्षामंत्री का जन्मदिन

**गुरसहायगंज।** आजाद नगर स्थित लकी मानसिक मंदित एवं अनाथ आश्रय गृह में गुरुवार को अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार शर्मा के नेतृत्व में सपा के पूर्व शिक्षामंत्री रामआसरे विश्वकर्मा का जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। इस दौरान सपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दिव्यांगों को फल व मिठाई बांटी। इस दौरान प्रबंधक डॉ. वाईपी सिंह, अमित शर्मा, लकी गुप्ता, नितिन शर्मा, मोहित शर्मा, पवन, अंकित, लक्ष्मी, माया, नीतू आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से नगर में निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**गुरसहायगंज।** श्री रामकथा से पहले गुरुवार को नगर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। भक्तों ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। नगर के तिर्वा रोड से विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो तिर्वा रोड, जीटी रोड, रामगंज, चकोर गली होती हुई कथा स्थल पर पहुंची। यहां समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता व पालिकाध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता सहित सैकड़ों भक्तों ने पूजा अर्चना की। हवन पूजन के बाद श्रीराम कथा शुरू हुई। दोपहर 01 से शाम 05 बजे तक मानस मंजरी रत्नीश द्विवेदी के द्वारा कथा कही जाएगी। समापन 23 फरवरी को और 24 को विशाल भंडारा होगा।

### युवक से मारपीट कर 12 हजार रुपये छीने

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के मोहल्ला बजरिया शेखाना निवासी सलमान पुत्र फिरोज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि वह चाचा मुफीम अहमद पुत्र इदरीश हुसैन को देने के लिए 12,000 रुपये लेकर जा रहा था। इसी बीच मोहल्ला मीराटोला निवासी युवक दो अन्य साथियों के साथ मिला और गालीगलौज व मारपीट कर रुपये छीन लिये।

### घायल अवस्था में मिले किसान की मौत

**गुरसहायगंज।** बुधवार की देर शाम ग्राम गुलरिया निवासी किसान विश्वनाथ (65) वर्ष नरूइया रोड स्थित खेत में आलू की फसल की रखवाली कर रहा था, तभी पास में जुआ खेल रहे लोगों में पुलिस आने की खबर से भगदड़ मच गई। इससे किसान घायल होकर खेत में गिर गया। परिजनों ने घायल किसान को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। इससे परिजनों में चीख पुकार मच गई। परिजनों ने बताया कि किसान हृदय व मधुमेह पीड़ित था।

### जेएनवी में इंटर के छात्रों को दी गई विदाई

**जलालाबाद।** जवाहर नवोदय विद्यालय अनौगी में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 11वीं के छात्रों ने 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को यादगार विदाई दी। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुती देकर सबका मन मोह लिया। प्राचार्य एसके पांडेय ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शिक्षक डॉ. संतोष कुमार सिंह ने कविता सुनाकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में 57 छात्र-छात्राओं को विदाई दी गई। इस दौरान उप प्राचार्य फिरोज अहमद, सीपी राम, ब्रजमंगल, अवनीश राजपूत, हेमंत बाजपेई, संजय यादव, डीके कनौजिया, आरके शर्मा, विपिन कुमार, सोमा चैरसिया, एकता शाक्य, प्रीति यादव, भावना शर्मा मौजूद रहे।

### सीसीए का छात्र इंस्पयार अवॉर्ड में चयनित


छात्र कार्तिकेय। अमृत विचार

**छिबरामऊ।** सिटी चिल्ड्रेंस अकादमी के छात्र कार्तिकेय ने भारत सरकार के इंस्पयार अवार्ड मानक में चयनित होकर यह साबित कर दिया है कि अपनी प्रतिभा और लगन के द्वारा कठिन लक्ष्य को भी प्राप्त किया जा सकता है। इस सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक प्रदीप प्रधान, प्रशासिका सुधा प्रधान, सीईओ विश्वास प्रधान एवं प्रधानाचार्य बलराज कपूर ने बधाई दी। प्रधानाचार्य ने छात्र की सफलता पर विद्यालय के शिक्षक वैभव भाटिया की सराहना की। इंस्पयार अवॉर्ड मानक में चयनित छात्र मण्डल, राज्य व राष्ट्रीय स्तर के आयोजनों में हिस्सा लेकर अपना प्रोजेक्ट प्रस्तुत करेंगे।

### विधि प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष बने रवि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रजीत यादव ने रवि मिश्रा उर्फ हैप्पी मिश्रा को मंडल अध्यक्ष कानपुर विधि प्रकोष्ठ नियुक्त किया है। इस अवसर पर विधि प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव अभिषेक दुबे एवं जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार, जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव, अजय यादव, मोहित पांडेय, मोहम्मद अरशद जमील व यादवेन्द्र प्रताप सिंह मौजूद थे।

### घर में घुसकर महिला से छेड़खानी

**छिबरामऊ।** विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि सोमवार को उनके घर पर कथा का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद प्रसाद वितरित हो गया था और वह अपने घर में थी। गांव का महेश उनके घर में घुस आया और छेड़खानी करने लगा। महिला के चिल्लाने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने लगा।


रामनगरिया में हिमांशु सक्सेना को सम्मानित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## रामनगरिया में स्वतंत्रता सेनानी के पौत्र सम्मानित

संवाददाता, छिबरामऊ, कन्नौज

**अमृत विचार।** फर्रुखाबाद के मेला रामनगरिया में सांस्कृतिक पंडाल के अंदर आयोजित राज्य स्तरीय स्वतंत्रता संग्राम एवं उत्तराधिकारी सम्मेलन में नगर के ख्याति प्राप्त स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जुगल किशोर सक्सेना के पौत्र हिमांशु सक्सेना को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बॉबी दुबे आजाद तथा आयोजक रितेश शुक्ला द्वारा हिमांशु सक्सेना को शॉल उढ़ाकर तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मैनपुरी, फिरोजाबाद, इटावा व कन्नौज सहित प्रदेश के दो दर्जन से अधिक जनपदों से सेनानी तथा उनके वंशज पहुंचे।

## सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, दो घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दो अन्य घटनाओं में महिला सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कस्बा सिकंदरपुर निवासी 38 वर्षीय सलीम पुत्र अख्तर एन एच 34 जीटी रोड से पैदल कहीं जा रहे थे। तभी किसी वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को सौ शैया अस्पताल की मोर्चरी में पहुंचकर उनके परिजनों को सूचित कर दिया। जानकारी होते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने पंचनामा भरवा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, अन्य दो घटनाओं में गुरसहायगंज निवासी दिलीप की 22 वर्षीय पत्नी शिवानी तथा ग्राम दीपकपुर निवासी 24 वर्षीय मोनू पुत्र श्याम बाबू घायल हो गए।

# संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाएं शुरू

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


डीआईओएस कार्यालय में बने कंट्रोल रूप से सीसीटीवी कैमरे से होती परीक्षा की निगरानी। अमृत विचार

● दो केंद्रों पर 29 तक चलेंगी पूर्व मध्यमा द्वितीय, उत्तर मध्यमा प्रथम व द्वितीय की परीक्षाएं

**अमृत विचार।** जनपद के दो विद्यालयों में माध्यमिक शिक्षा संस्कृत शिक्षा परिषद की परीक्षाएं शुरू हो गईं। इसमें कुल 305 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। 15 से 29 फरवरी तक चलने वाली परीक्षाओं में पहले दिन अनिवार्य विषय संस्कृत का प्रश्न पत्र आया। आज यानि 16 फरवरी को चित्रकला व इतिहासपुराण एवं सस्कृति कंठ संगीत वाद्य संगीत सितार और तबला विषय की परीक्षाएं होंगी।

जनपद में पांच संस्कृत विद्यालय हैं। इनके परीक्षार्थी दो स्थानों पर परीक्षा दे रहे हैं। स्वामी प्रेमाश्रम संस्कृत उ.मा.विद्यालय तिर्वा में इस विद्यालय के अलावा मुकुंद संस्कृत उ.मा. विद्यालय कन्नौज और लोमशऋषि संस्कृत उ.वि. कन्नौज के 131 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में 55, उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष में 41 और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष में 35 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

इसी तरह दूसरे परीक्षा केंद्र राधा देवी आदर्श संस्कृत उ.मा. विद्यालय गुरसहायगंज में इस विद्यालय के अलावा च्यवनाश्रम संस्कृत उ.मा. विद्यालय चियासर व स्वामी प्रेमाश्रम विद्यालय तिर्वा के 174 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इसमें पूर्व मध्यमा द्वितीय वर्ष में 64, उत्तर मध्यमा प्रथम वर्ष में 76 और उत्तर मध्यमा द्वितीय वर्ष में 34 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इन परीक्षार्थियों की निगरानी डीआईओएस कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरे से की जा रही है। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि उन्होंने संस्कृत और मदरसा के कुल पांच परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सभी जगह शांतिपूर्वक परीक्षाएं चल रहीं हैं।

# 11 विद्यालय नहीं ले गए बोर्ड परीक्षा के प्रवेश पत्र

**कन्नौज।** डीआईओएस कार्यालय से यूपी बोर्ड परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र व ओएमआर शीट का वितरण किया जा रहा है। गुरुवार को दोपहर तक 11 विद्यालय हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों के लिए आई यह सामग्री नहीं ले गए।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से नौ मार्च तक चलेंगी। डीआईओएस कार्यालय के मुताबिक जिले में 365 माध्यमिक स्कूल हैं। इसमें 197 विद्यालयों में इंटरमीडिएट की सुविधा है। डीआईओएस कार्यालय में माध्यमिक विद्यालयों के प्रतिनिधि प्रवेश पत्र के लिफाफे ले गए। उनसे कॉलेज के जिम्मेदारों की ओर से भेजा गया लैटर पैड भी लिया गया। इसके अलावा हाईस्कूल के परीक्षार्थियों के लिए ओएमआर शीट भी दी गईं। सभी विषयों के लिए 30-30 नंबर की ओएमआर शीट भी कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को दी जाएंगी।


डीआईओएस कार्यालय में रखे प्रवेश पत्र व ओएमआर शीट। अमृत विचार

### प्रैक्टिकल से वंचित परीक्षार्थियों को आज मौका

डीआईओएस ने बताया कि जनपद में दो से नौ फरवरी तक इंटरमीडिएट परीक्षार्थियों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं चलीं थीं। जो परीक्षार्थी प्रैक्टिकल देने से वंचित रह गए हैं वह 16 फरवरी यानि आज सुबह आठ बजे से हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज छिबरामऊ में शामिल हो सकते हैं। यहां सभी विषयों की प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। यह छात्र-छात्राओं के लिए अंतिम अवसर है। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षक पूरी प्रक्रिया संपन्न कराएंगे। डीआईओएस का कहना है कि पूर्व में गैरहाजिर रहने वाले सभी विषयों के 225 से अधिक परीक्षार्थी इसमें शामिल हो सकते हैं।

# एसपी ने सदर कोतवाली का किया वार्षिक निरीक्षण

**कन्नौज।** एसपी ने सदर कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान मिली खामियों को दूर करने के निर्देश कोतवाली प्रभारी को दिये। बाद में चौकीदारों के साथ बैठक कर उनको कार्य करने के तौर तरीके बताये और उनको कंबल बांटे।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने गुरुवार को तीन बजे के बाद सदर कोतवाली का निरीक्षण किया। करते हुए महिला हेल्प डेस्क, थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, मेस, आरक्षी बैरक के साथ-साथ सम्पूर्ण थाना परिसर का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय के अभिलेखों का निरीक्षण कर बेहतर रख-रखाव व उनको पूरी तरह से तैयार कर रखने के निर्देश दिये। कई मामलों की जांचें बाकी होने पर एसपी ने दरोगा व इंसपेक्टर को समय से पूरी करने के निर्देश दिये। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण की समीक्षा करते हुए समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने को कहा गया।

धर्म अध्यात्म | जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी के साथ श्रीराम कथा का करा रहे रसपान

# अयोध्याधाम में रामनाम की गंगा बहा रहे कन्नौज के 'चंदन'

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज


आचार्य प्रशांतानंद तिवारी चंदन।

● मनरेगा में रोजगार सेवक के रूप में किया कार्य, अब कर रहे भगवान की सेवा

**अमृत विचार।** अयोध्या धाम में श्रीराम मंदिर के शुभारंभ के बाद वहां रामलला के दर्शनों के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। दर्शन के बाद भक्तों को रामनाम की गंगा में डुबकी लगवाने वाले कन्नौज के 'चंदन' की अब सोशल मीडिया पर धूम है। जगद्गुरु स्वामी रामस्वरूपाचार्य जी के साथ मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान कर इत्र और इतिहास की पावन धरा का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है।

श्रीराम कथावाचक आचार्य प्रशांतानंद तिवारी 'चंदन' इस समय सरयू तीरे पावन अवधपुरी में रामनाम की स्वरलहरियां बिखेर रहे हैं और उनके वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। साकेत वासी रघुवंशी संत शिरोमणि महामंडलेश्वर स्वामी कनक बिहारी दास जी महाराज ने संकल्प लिया था कि जब अयोध्या जी में श्रीरामलला का भव्य मंदिर बन जाएगा तो वह श्रीराम कथा का वाचन कराएंगे। इसके लिए उन्होंने स्वामी रामस्वरूपाचार्य व उनके शिष्य आचार्य प्रशांतानंद को आमंत्रित किया है। छिबरामऊ क्षेत्र के ग्राम जसुआमई में आनंद प्रकाश तिवारी एवं मीरा तिवारी के सबसे छोटे पुत्र प्रशांतानंद मनरेगा में रोजगार सेवक के पद पर काम कर चुके हैं और ग्राम प्रधान भी हैं। श्रीराम के प्रति उनके अंदर ऐसा अनुराग उमड़ा कि वह अध्यात्म की ओर उन्मुख हो गए और श्रीराम कथा का सरस वाचन करने लगे। उनके बड़े भाई विक्कू तिवारी व्यापार और सिक्कू तिवारी ठेकेदारी कर रहे हैं। इससे पहले वह भजन मंडली बनाकर सुंदरकांड पाठ भी करते रहे हैं।

### बालाजी की प्राण-प्रतिष्ठा में लगाए गए जय श्रीराम के जयकारे


बालाजी धाम के भंडारे में प्रसाद ग्रहण करतीं महिलाएं। अमृत विचार

**उमर्दा, कन्नौज।** कस्बे में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धूमधाम से बालाजी की प्रतिमा की स्थापना की गई, जिसमें भक्तों ने जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारे लगाकर समूचे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। प्राण-प्रतिष्ठा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद छककर प्रभु की महिमा का गुणगान किया। गुरुवार को कस्बे के नवनिर्मित बालाजी धाम में श्री बालाजी की प्रतिमा की स्थापना के बाद प्राण-प्रतिष्ठा की गई। आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चारण से देवी-देवताओं का आह्वान किया। इस दौरान महिलाओं ने मंगलगीत भजन व कीर्तन गाए तो युवाओं ने जय श्रीराम के जयकारे लगाकर वातावरण को गुंजायमान कर दिया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें कस्बे सहित आसपास के गांवों से आए भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान की महिमा का गुणगान किया। तन्नू चौबे व लल्ला चौबे ने बालाजी महाराज का विधिवत पूजन किया। इस मौके पर भूरा दीक्षित, राजू चौहान, जितेन्द्र ठाकुर, नीलेश कुमार, राम सिंह, करुणाकर, लल्ला त्रिवेदी, आलोक दीक्षित, राजू दीक्षित, मानू ठाकुर, बउआ सिसौदिया, टंका राठौर, रविकर दीक्षित, ढुन्नू चौबे सहित कई भक्त मौजूद थे।


## गुमशुदा तलाश



सूचित हो कि मैं **कुसमा देवी पत्नी ओम प्रकाश** मेरे पति ओमप्रकाश राजपूत उम्र लगभग 55 वर्ष दिनाँक 16/11/2023 को सुबह लगभग 8 बजे घर में बिना किसी को जानकारी दिए कहीं चले गए है मैनें व अन्य परिवारीजनों ने पास-पड़ोस, पैतृक गाँव बगवा जनखत व नाते रिश्तेदारी में खोजबीन की परन्तु अब तक उनका कहीं पता नहीं चला है। उनकी दिमागी हालत ठीक नहीं है **उनका कद लगभग 5.8 फिट, रंग-गेहुऑ बदन - इकहरा, चेहरा लम्बा, सफेद बाल पैरों में चप्पल, नीली पैन्ट व सफेद चेक (पीली) शर्ट पहने हुए हैं। कुसमा देवी, नि0: दौलतपुर, ठठिया जि0 कन्नौज, मो0- 6306936863**

# कोचिंग पढ़ाने के बहाने घर बुला कर बालिका से दुष्कर्म, रिपोर्ट

## शादीशुदा युवक के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने शुरू की जांच, घटना के बाद से आरोपी फरार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** कोचिंग पढ़ाने के बहाने घर में बुला कर बालिका से युवक ने दुष्कर्म किया। किसी तरह चंगुल से छूटने के बाद उसने परिजनों को जानकारी दी। पीड़ित पिता ने शादीशुदा युवक के खिलाफ सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सदर कोतवाली के जलालपुर चौकी क्षेत्र के एक गांव की निवासी 11 वर्षीय बालिका कक्षा पांच में पढ़ती है। वह निकट के मकान में नियमित आरोपी ऋषभ पुत्र होरीलाल मूल निवासी सारोंतोप कोतवाली कन्नौज की बहन से कोचिंग पढ़ने जाती थी। बहन के न होने पर ऋषभ भी उसे पढ़ा देता था। घटना 13 फरवरी की शाम पांच बजे की है। जब आरोपी के परिजन निकट में ताऊ के घर गये थे। आरोप है कि इसी बीच आरोपी ने नाबालिग को कोचिंग पढ़ाने के बहाने अपने घर बुलाया। इसके बाद उसने बालिका को कमरे में बंधक बना कर उससे दुष्कर्म किया। धमकी दी कि यदि किसी को बताया तो जान से मार देगा। आरोपी के चंगुल से छूटने के बाद वह घर पहुंची, जहां उसने पहले तो घटना को छुपाने का प्रयास किया और गुमसुम रहने लगी। यह देख चाची ने जब उससे पूछा तो उसने खुद के साथ घटित घटना बताई। इसके बाद सभी परिजनों को जानकारी दी गई। पीड़ित पिता अन्य परिजनों के साथ बेटी को लेकर कोतवाली सदर पहुंचा, जहां से पुलिस ने मेडिकल परीक्षण के लिये जिला अस्पताल भेजा। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। बताया जाता है कि आरोपी शादीशुदा है। वह घर से फरार है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसकी तलाश तेज कर दी है। जलालपुर पनवारा चौकी प्रभारी सुभाष चंद्र ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। उधर, मामले में सीओ सदर कमलेश कुमार ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिये तीन टीमें बनाई गई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जायेगा।

- कक्षा पांच की छात्रा है पीड़िता जान से मारने की दी धमकी
- आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने बनाईं तीन टीमें

### छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों की दी जानकारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देश पर नगर के अमतुन्ना बानो महिला इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति के तहत कोतवाली पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। उपनिरीक्षक नीलम सिंह ने एंटी रोमियो के तहत शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान आदि की जानकारी दी और जागरूक किया। वीमेन पावर लाइन 1090 व यूपी 112, ऑपरेशन कवच व 181 महिला हेल्पलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड लाइन व 155260 साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर पंफ्लेट वितिरित किए। इस दौरान महिला होमगार्ड अलका देवी, सुखदेवी आदि मौजूद रहे।



छात्राओं को पंफ्लेट वितिरित करती महिला पुलिस। अमृत विचार

### हमको भी चाहिए आसरा ...






**कन्नौज।** भले ही जिलेभर में निराश्रित मवेशियों को पकड़ने का विशेष अभियान चल रहा हो, लेकिन अन्ना जानवरों से सरकारी दफ्तर व आवास भी सुरक्षित नहीं हैं। अफसरों व जनप्रतिनिधियों का दावा है कि टोल फ्री नंबर पर समस्या बताई जाती है तो टीम भेजकर जानवर पकड़े जा रहे हैं, लेकिन डीएम व सीडीओ के आवासों व विकास भवन के निकट का यह दृश्य कुछ और कह रहा है। गुरुवार को दोपहर में कई अन्ना मवेशी यहां घूमते दिखे। विकास भवन में ही सीवीओ का भी दफ्तर है। कागजों में भले ही मवेशी पकड़ने की संख्या बढ़ रही हो, लेकिन जमीन पर तो नहीं कम हो रही। ● अमृत विचार

## 17.80 लाख से पीले होंगे 89 कन्याओं के हाथ

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** 17 लाख 80 हजार रुपये के सहयोग से 89 कन्याओं के हाथ पीले कराए जाएंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से अन्य पिछड़े वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्री की शादी अनुदान योजना तहत 20-20 हजार भेज दिए गए हैं।

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अनुपम राय ने बताया कि जिलाधिकारी शुभ्रान्त शुक्ल ने 89 लाभार्थियों की सूची अनुमोदित कर दी है। प्रत्येक लाभार्थी को 20-20 हजार रुपये बैंक खाते में भेज दी गई है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में माह अप्रैल 2023 से अभी तक कुल 577 लाभार्थियों को 20-20 हजार रुपये भेजा जा चुका है। उन्होंने बताया कि इच्छुक लोग ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उसके बाद हार्डकॉपी जमा होती है। जांच में पात्र मिलने पर आवेदन के खाते में धनराशि भेजी जाती है। शादी से तीन महीने पहले और तीन माह बाद तक ऑनलाइन आवेदन किए जाते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी का कहना है कि शहरी क्षेत्र के निवासी की सालाना आय करीब 54 हजार से कम हो। ग्रामीण इलाकों वालों की आय 46 हजार रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

- पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की ओर से अभिभावकों के खातों में भेजे गए 20-20 हजार रुपये

## सतमोला कवियों की चौपाल में अरुण ने पढ़ी कविता



सम्मान प्राप्त करते कवि अरुण चक्रवर्ती।

**गुरसहायगंज।** नगर निवासी युवा कवि अरुण चक्रवर्ती को एक सुप्रसिद्ध टीवी चैनल पर संचालित सतमोला कवियों की चौपाल में कविता पढ़ने का अवसर मिला। उत्कृष्ट काव्य पाठ के लिए उन्हें सम्मानित किया गया।

नोएडा में आयोजित सतमोला कवियों की चौपाल में चेयरमैन अनिल कुमार मित्तल, संस्थापक प्रवीण कुमार आर्या, संचालक प्रशांत अवस्थी, राकेश मोहन कसेरा, मानद निर्देशक विनय विनम्र, ओज कवि प्रियंका राय, सुप्रसिद्ध कवयित्री मनोज मिश्रा, कप्तान राजेंद्र मानद निर्देशक ने युवा कवि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान लोक प्रवीण रंजन, भगवती जोशी, विश्वनाथ, संजीव निगम, अनाम नन्द किशोर जोशी, रोनू मावई, शालिनी शर्मा, मोहिनी रावत, मोहिनी भटनागर, रवि हरिदास, कानेकर, देवेंद्र मुसाफिर, वीना, अब्राहम सिंह, डॉ. विभा प्रकाश, प्रो. मुनिषा आदि मौजूद रहे।

## डिवाइडर तोड़कर गिरी कार चार लोग गंभीर रूप से घायल

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** लखनऊ से दिल्ली जाते समय चालक को झपकी आने से कार डिवाइडर तोड़कर नीचे जा गिरी। कार में सवार चार लोग घायल हो गए। दो लोगों को मिनी पीजीआई सैफई भेजा।

बुधवार रात 439 सनलाइट कॉलोनी सेकंड आश्रम, नई दिल्ली निवासी मुकेश पुत्र पीटर, पत्नी श्रीमती मधु मासी, बहन कोमल पत्नी नौबत मासी, बहनोई नौबत मासी पुत्र दिलावर मासी, लखनऊ से दिल्ली अपनी कार से जा रहे थे। गुरुवार सुबह नौ बजे आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे किलोमीटर 155 पर पहुंचे तभी कार चला रहे मुकेश को झपकी आ गई जिससे अनियंत्रित कार डिवाइडर तोड़कर नीचे जाकर पलट गई। सूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने घायलों को बाहर निकाल कर हाईवे एंबुलेंस से प्राथमिक उपचार कराया। इसमें गंभीर रूप से घायल मधु (50), कोमल (65) को मिनी पीजीआई सैफई भर्ती कराया गया तथा क्षतिग्रस्त वाहन को क्रेन की मदद से टोल प्लाजा 154 पर खड़ा कर दिया गया।

- लखनऊ से दिल्ली जाते समय हाईवे पर हुआ हादसा



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त हुई कार।

## अतिरिक्त दहेज की खातिर फंदा लगाकर हत्या का प्रयास

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता का उत्पीड़न करने के साथ फंदा लगाकर हत्या का प्रयास किया। इसके बाद घर से निकाल दिया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

नाजमा पुत्री स्व.गुलाम निवासी कानपुर देहात के थाना व गांव पुखरायां हाल निवासी तिर्वा के गांधीनगर ने एसपी को दिए शिकायती पत्र में उल्लेख किया कि उसके परिजनों ने अपनी सामर्थ्य के हिसाब से खूब दान दहेज देकर 6 नवंबर 2019 को सदर कोतवाली के बालापीर गांव निवासी अरसद पुत्र असद के साथ शादी की थी। शादी के कुछ दिन बाद उसका पति अरसद, सास जाकिया बेगम, ननद साजिया, आलम, खुलदून अतिरिक्त दहेज मे पांच लाख रुपये की मांग कर उसे प्रताड़ित करने लगे। जब मांग पूरी नहीं हुई तो उसे जान से मारने की नीयत से गला फंदे से कस दिया लेकिन वह किसी तरह से बच गई। इसके बाद उसे घर से बाहर निकाल दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

- पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

### बाइक व एक लाख न मिलने पर महिला को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** दहेज में बाइक व एक लाख रुपये न मिलने पर ससुरालियों ने गाली गलौज की और महिला को मारपीट कर धमकी दी। पीड़िता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम सुलनपुर निवासी पूनम देवी का कहना है कि उसकी शादी दो वर्ष पहले फर्रुखाबाद थाना शमशाबाद के मोहल्ला रावत टोला निवासी संजय से हुई थी। शादी के बाद पति संजय, जेठ शिवम, देवर आकाश, सास सन्नो देवी, ससुर रामकुमार, जेठानी वीर देवी ने दहेज में बाइक व एक लाख रुपये की मांग की। मांग पूरी न होने पर 03 फरवरी को मायके आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पति सहित छह ससुरालियों पर दहेज उत्पीड़न व मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है।

## प्रशिक्षण में बताए गए आपदा प्रबंधन के तौर तरीके

संवाददाता, सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** प्राकृतिक व मानव निर्मित आपदाओं से बचने के लिए एक दिवसीय जनजागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 460 प्रशिक्षणार्थियों को जिला आपदा विशेषज्ञ व मास्टर ट्रेनर ने किसी भी आपदा से बचाव के उपाय बताए गए।

नगर के ऋषिभूमि इण्टर कालेज में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा तहसील स्तरीय प्राकृतिक व मानव निर्मित दैवी आपदा से बचने के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। इसमें ग्राम प्रधान, प्रधानाचार्य, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत सेवकों को जिला आपदा विशेषज्ञ जयलक्ष्मी पांडेय ने बताया कि यदि आंधी-तूफान या ओलावृष्टि होती है तो ऐसे में बिजली उपकरण बन्द कर देना चाहिये। कार या वाहन में यात्रा कर रहे हैं तो सुरक्षित स्थान पर वाहन रोक लें।

जर्जर भवन मोबाईल टावर,पेड़ ,बिजली खंभे व हाइटेंशन लाइन से दूर रहें, टीन की छतें, धातु की चादर, होर्डिंग आदि से दूर रहकर अपना बचाव करें। कोविड के बाद हार्ट अटैक के मरीजों की संख्या बढ़ी जिससे बचने के उपाय भी बताए गए। मास्टर ट्रेनर संदीप यादव प्रशिक्षण के दौरान गर्म हवाओं( लू) से बचाव संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि वाहन के अन्दर बच्चों व पालतू जानवरों को न छोड़ें। खाना बनाते समय खिड़की व दरवाजा खुला रखें ताकि हवा मिलती रहे। गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर समय मकान के निचले स्तर में बिताए वही अन्य आपदाओं से बचने के लिए सुझाव दिए।

## पीएसएम पीजी कॉलेज में परीक्षाएं शुरू

**कन्नौज।** शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में एलएलबी के पहले व तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं शुरू हो गईं। दोनों पालियों में 71 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे।

गुरुवार को पहली पाली में सुबह साढ़े 11 से एक बजे तक एलएलबी पहले सेमेस्टर की एडमिनिस्ट्रेटिव ल विषय की परीक्षा चलीं। परीक्षा प्रभारी रेनू त्यागी ने बताया गया है कि पंजीकृत कुल 551 परीक्षार्थियों में से 486 उपस्थित रहे और 65 गैरहाजिर रहे। दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर दो से साढ़े तीन बजे तक संपन्न हुई। इसमें कांस्टीट्यूशन ल विषय का प्रश्न पत्र आया। पंजीकृत 274 में से 268 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी और छह नदारद रहे। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, शीश पाल, अमित सचान, सुरेन्द्र कुमार ने परीक्षाओं का जायजा लिया।

## जनरल स्टोर की दुकान को चोरों ने बनाया निशाना

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

**अमृत विचार।** चोरों ने चौराहे पर स्थित जनरल स्टोर की दुकान को निशाना बनाते हुए उसमें रखा सामान व नकदी पार कर दी। यह स्थिति तब है जब चौराहे पर 24 घंटे पुलिस गश्त करती है। सुबह घटना की जानकारी होते ही दुकानदार के होश उड़। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चोरों की तलाश शुरू कर दी।

अंबेडकरनगर निवासी नूर आलम पुत्र कल्लू की सौरिख में नादेमऊ चौराहे पर जनरल स्टोर की दुकान है। बुधवार रात 11 बजे नूर आलम दुकान बंद कर घर चला गया। रात 12 बजे के बाद चोरों ने दुकान का टट्टर व पालीथीन हटाकर अंदर रखा सामान सिगरेट, हल्दीराम की सोन पापड़ी, ड्राई फ्रूट, चाकलेट समेत करीब 35 हजार का सामान और गोलक में रखे दो हजार रुपए पार कर दिए और फरार हो गए। चौराहे पर लगी पिकेट और हाईमास्ट लाइट की रोशनी में आराम से फरार हो गए। सुबह नूर आलम जब दुकान पहुंचा तो सामान बिखरा देख चोरी का पता चला।

### सार्वजनिक जगह व दुकानों पर लगवाएं सीसीटीवी

**सौरिख।** थानाध्यक्ष सकरावा शशिकांत कनौजिया ने पीएसी कम्पनी के साथ कस्बे की गलियों में पैदल भ्रमण किया व दुकानदारों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की अपील की। कहा कि इससे आए दिन होने वाली चोरी जैसी घटनाओं पर अंकुश लग सकेगा। फिर भी कर चोरी का प्रयास करते हैं तो वह कैमरे की मदद से पकड़ में आ जाएंगे।

## छात्र-छात्राओं ने किया एक्सपोजर विजिट

**कन्नौज।** समेकित शिक्षा के तहत परिषदीय विद्यालयों के दिव्यांग छात्र-छात्राओं को एक्सपोजर विजिट कराई गई। इसके तहत कानपुर के बिठूर में नानाराव पार्क, सुधांशु आश्रम, साईं मंदिर ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों का भ्रमण कराया गया। जिला समन्वयक समेकित शिक्षा विश्वनाथ शर्मा ने बताया कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को ऐतिहासिक और धार्मिक स्थानों का भ्रमण कराया गया है। इसको लेकर राज्य परियोजना से गाइड लाइन जारी हुई है।

एक्सपोजर विजिट में कन्नौज नगर, कन्नौज, गुगरापुर, उमर्दा और हसेरन ब्लॉक क्षेत्र के कुल 50 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इन ब्लॉकों के स्पेशल एजूकेटर दिव्यांग बच्चों को लेकर गए।

## कोटेदारों के लिए आईं ई-पॉस, तौल मशीनें भी जल्द आएंगी

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** उचित दर दुकानों (कोटेदारों) के लिए नई ई-पॉस मशीनें आ गईं हैं। जल्द ही तौल मशीनें भी आएंगी। उसके बाद राशनकार्ड धारकों को खाद्यान्न कम नहीं मिलेगा। शासन ने नई व्यवस्था शुरू की है। इस वजह से सभी दुकानों पर तौल की ई-मशीनें ई-पॉस से लिंक होंगी। कार्ड में जितने यूनिट का बॉयोमैट्रिक सत्यापन होगा, उतने ही राशन की तौल की जा सकेगी।

वर्तमान में कोटेदारों के यहां निशुल्क खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है। ज्यादातर सरकारी राशन दुकानों पर कम तौल होने की शिकायतें हैं। इसे रोकने के लिए ही नई व्यवस्था लागू हो रही है। पूर्ति निरीक्षक मनोज गहराना ने बताया कि उमर्दा ब्लॉक क्षेत्र में कुल 121 दुकानें हैं जिसमें 58,997 कार्डधारकों में 2,27,418 यूनिट हैं। हसरेन ब्लॉक इलाके में 49 दुकानें हैं जिसमें 22,972 राशनकार्ड पंजीकृत हैं। इसमें 89,365 यूनिट हैं। ई-कांटे से तौल किए गए खाद्यान्न की सूचना सीधे वेबसाइट पर प्रदर्शित होगी। लाभार्थी को खाद्यान्न की पावती भी मिलेगी। ई-कांटे से लिंक ई-पास मशीनें फिंगर प्रिंट व आई स्कैनर से युक्त रहेंगी। बताया गया है कि राशन की कम मात्रा होने पर मशीन खाद्यान्न के तौल की स्वीकृति ही नहीं देगा। पूर्ति निरीक्षक ने बताया कि सरकार की नई व्यवस्था लागू होने के बाद अनाज वितरण के समय एक तरफ लाभार्थियों को प्राप्त होने वाले अनाज की व्यवस्था तय होगी वहीं, दूसरी तरफ विभाग को खाद्यान्न वितरण की सही स्थिति विभागीय वेबसाइट पर मिलेगी। इससे कोटेदारों की मनमानी पर रोक लगने के साथ अनाज वितरण में घटतौली की शिकायत पर भी अंकुश लग जाएगा।

- राशन की घटतौली रोकने के लिए ई-पॉस से लिंक होगा ई-कांटा
- तौल की सूचना सीधे वेबसाइट पर दिखेगी, जितने यूनिट होंगे उतना ही वजन मिलेगा



तहसील में रखे गत्तों के साथ खड़े पूर्ति निरीक्षक। अमृत विचार

**पुलिस ने बैंकों में चलाया चेकिंग अभियान :** गुरसहायगंज, कन्नौज। उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नीलम सिंह ने स्थानीय बैंकों में चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने नगर के तिर्वा रोड स्थित भारतीय स्टेट बैंक, आर्यावर्त ग्रामीण बैंक, जीटी रोड स्थित बैंक ऑफ इंडिया, रामगंज स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में चेकिंग कर मौजूद लोगों से पूछताछ की।

जानकारी | जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने पराविधिक स्वयंसेवकों को दिए निर्देश

## ट्रांसजेंडरों को दिलाएं योजनाओं का लाभ : एडीजे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ट्रांसजेंडर लोगों को कानूनी अधिकार मिलने के बाद उन्हें शासन की सभी योजनाओं का लाभ दिलाए जाने की आवश्यकता है। इस बार विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान के दौरान उनका नाम मतदाता सूची में भी जोड़े जाने से वे भी मताधिकार का प्रयोग करेंगे। गुरुवार को पराविधिक स्वयंसेवकों व पैरोकारों की बैठक में यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने दी।

न्यायालय परिसर में हुई बैठक में उन्होंने बताया कि ट्रांसजेंडर भी समाज का अंग हैं। उनसे घृणा नहीं करनी चाहिए।

प्रदेश सरकार ने किन्नर कल्याण बोर्ड गठित कर उनके पुनर्वास, शिक्षा, रोजगार, आवास एवं स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ दिलाने के आदेश दिए हैं। उन्हें मताधिकार भी प्रदान किया गया है। निर्देश दिए कि वह विधिक साक्षरता शिविर में ट्रांसजेंडरों को उनके अधिकारों के बारे में अवगत कराएं तथा उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं। बताया कि 9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने सभी पैराकारों का राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्मनों का जल्द तामीला कराए जाने के निर्देश दिए। इस वर्ष की यह पहली राष्ट्रीय लोक अदालत है, जिसमें अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करने की योजना है। इसके लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

राष्ट्रीय लोक अदालत में किसी भी प्रकार का शुल्क देना नहीं पड़ता है और दोनों पक्षों के मध्य आपसी सुलह के आधार पर विवादों का निस्तारण कराया जाता है। लोक अदालत में शमनीय वाद, स्टांप वाद, राजस्व वसूली, बैंक संबंधी बाद, भूमि अधिग्रहण वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, पारिवारिक वाद,श्रम वाद का निस्तारण किया जाएगा। पराविधिक स्वंयसेवक नितिन सक्सेना, जगदीश यादव समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे।



पराविधिक स्वयंसेवकों को जानकारी देतीं अपर जिला जज लवली जायसवाल।

- 9 मार्च को होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, अधिक मामले होंगे निस्तारित

## गैंगस्टर एक्ट में सात साल की जेल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गुरसहायगंज क्षेत्र के कुख्यात पांच भाई गिरोह के सरगना को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने साढ़े सात साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। दोष सिद्ध अपराधी जमानत पर बाहर था। सजा के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता संतकुमार दुबे ने बताया कि गुरसहायगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नैनापुर निवासी रामनिवास पुत्र पुलंदर ने अपने भाइयों जयवीर, सुनील, अनिल व जगदीश के साथ गिरोह बनाकर हत्या समेत कई संगीन वारदातों को अंजाम दिया था। उसने 30 जून 2012 को दिन के तीन बजे घर में घुसकर महेंद्र सिंह के बेटे रजनेश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इन मामलों को लेकर 28 जुलाई 2014 को गुरसहायगंज कोतवाली के तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने रामनिवास के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्वाई की थी, जिसका गैंगचार्ट 19 अगस्त 2015 को पुलिस अधीक्षक ने अनुमोदित किया था। चार अगस्त 2014 को पुलिस ने रामनिवास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने दो जनवरी 2016 को आरोप पत्र दाखिल किया था। गैंगस्टर के इस मुकदमे में अभियोजन पक्ष की तरफ से पांच गवाह पेश किए गए। गुरुवार को विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) हरेंद्रनाथ ने रामनिवास को दोष सिद्ध पाते हुए गैंगस्टर अधिनियम में साढ़े सात साल कठोर कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। उसे न्यायालय से 11 जनवरी 2022 को जमानत मिल गई थी, तब से वह जेल से बाहर था। उसे न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार भेज दिया गया। सजा में जेल में बिताई गई अवधि को भी समायोजित किया जाएगा।

- विशेष न्यायाधीश (गैंगस्टर एक्ट) ने सुनाई सजा, पांच हजार रुपये अर्थदंड
- हत्या समेत कई संगीन वारदातों को अंजाम देने पर लगा था गैंगस्टर

# बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार महिला की जान गई

## हादसे में महिला का पति गंभीर रूप से घायल, चालक भाग निकला

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र में बुलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार दम्पति घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सामुदायक स्वस्थ्यकेन्द्र में भर्ती कराया। जहां डाक्टर में पत्नी को मृत घोषित कर दिया।


पिंकी का फाइल फोटो

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गंगा दरवाजा निवासी अवधेश कुमार कौशल अपनी पत्नी पिंकी (38 ) को लेकर बाइक से ससुराल अलीगंज एटा गये थे । बीती रात दोनों जब ससुराल से वापस घर लौट रहे थे, उसी समय रेलवे स्टेशन के पास एक मिष्ठान भंडार के समीप तेज रफ्तार बुलेरो ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे पति पत्नी दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया। जांचोपरांत चिकित्साधिकारी डॉ. शोभित शाक्य ने पिंकी को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर कोतवाल राम अवतार व कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की।

घटना की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए। परिजनों में मातम छा गया। पुलिस ने पिंकी के शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल राम अवतार ने बताया कि घटना को अंजाम देकर बुलेरो चालक गाड़ी सहित फरार गया। पुलिस उसका पता लगा रही है। उन्होंने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फिलहाल शव का पंचनामा भर कर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

### भाई की शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**फर्रुखाबाद।** कम्पिल थाना क्षेत्र में भाई की शादी के कार्ड बांटने जा रहे युवक की मौत हो गई। वह बदायूं जिले का रहने वाला था। बदायूं जिले थाना क्षेत्र के हजरतपुर के ग्राम चकवा निवासी बबलू (30) पुत्र राजेंद्र शाक्य गांव के मुनेंद्र ठाकुर के साथ छोटे भाई धर्मवीर की शादी के कार्ड देने बाइक से कपिल जा रहा था। ग्राम इकलहरा के पास कंबाइंड मशीन चालक ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बबलू घायल हो गया। मुनेंद्र ने गंभीर रूप से घायल बबलू को कायमगंज सीएचसी पहुंचाया। डॉ अमरेश ने बबलू को मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

## निराला की जयंती पर हुई गोष्ठी

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** साहित्यिक संस्था साधना निकुंज एवं अनुगूंज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में सरस्वती पूजन के साथ युग कवि निराला की जयंती पर संगोष्ठी हुई।

इस अवसर पर प्रोफेसर रामबाबू मिश्र रत्नेश ने कहा महाप्राण निराला युगांतरकारी कवि थे उनकी कविता में प्रगति एवं परंपरा, प्रकृति, मानवता करुणा और आवेश तथा परिमार्जित भाषा का अद्भुत संगम है। उनका स्वाभिमानी व्यक्तित्व पूरे युग पर छाया रहा। गीतकार पवन बाथम ने कहा कि जीवन की विसंगतियों का विषपान करके भी निराला ने माधुर्य का अमृत बांटा। युवा कवि अनुपम मिश्रा ने कहा कि रहे झेलते जिंदगी भर भारी संताप, महाप्राण सच में रहे अपनी उपमा आप। प्रोफेसर मनीष तिवारी ने कहा वह तोड़ती पत्थर के साथ जूही की कली और फिर राम की शक्ति पूजा जैसी कविताएं देकर निराला ने हिंदी साहित्य की श्री वृद्धि की। इ बीएस तिवारी, जेपी दुबे, प्रधानाचार्य शिवकांत शुक्ला, अहिबरन सिंह गौर, मनीष गौड़, मंजू मिश्रा, निधि मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किए।

## संजीव पारिया की बढ़ीं मुश्किलें, हाईकोर्ट से जमानत मंजूर, पुलिस ने बताया गैंग लीडर


संजीव पारिया। अमृत विचार


अनुपम दुबे।


शिव प्रताप उर्फ चीनू।

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- माफिया अनुपम व चीनू पर इनके गिरोह के सदस्य होने का आरोप, तीनों पर गैंगस्टर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन के पूर्व महासचिव संजीव पारिया की मुश्किलें और बढ़ गई है। शाहजहापुर जेल में बन्द संजीव की हाईकोर्ट से जमानत अर्जी मंजूर हुई, इधर पुलिस ने उन्हें गैंग लीडर घोषित कर दिया है। कोतवाली फतेहगढ़ के प्रभारी निरीक्षक ने पारिया के साथ ही शिव प्रताप सिंह उर्फ चीनू व अनुपम दुबे पर गैंगस्टर एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मुझे ड्यूटी के दौरान जनता द्वारा अवगत कराया गया कि थाना क्षेत्र के संजीव पारिया पुत्र जदुनाथ सिंह पारिया निवासी ओल्डग्रान्ट बंगला नम्बर 10 कैण्ट, फतेहगढ, अनुपम दुबे पुत्र महेश चन्द दुबे निवासी मोहल्ला कसरट्टा फतेहगढ, शिवप्रताप सिंह उर्फ चीनू पुत्र बृजमोहन सिंह निवासी सोता बहादुरपुर पांचाल घाट ने मिलकर अपना एक आपराधिक गैंग बना रखा है। जिन पर जनपद के विभिन्न थानों पर कई अभियोग पंजीकृत है। इस गैंग का लीडर संजीव पारिया को बताया। जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही देने को तैयार नहीं होता है। इनका स्वतन्त्र रहना आम जनता के हित में नहीं है। बताया कि इनके विरुद्ध पंजीकृत अभियोगों के तथ्य उजागर होने के उपरान्त मेरे द्वारा इस गैंग के सदस्यों के विरुद्ध पंजीकृत अभियोग को गैंग चार्ट में उल्लेखित कर गैंग चार्ट अनुमोदन हेतु भेजा गया था। गैंग चार्ट को जिला मजिस्ट्रेट ने अनुमोदित कर दिया है। मालूम हो कि संजीव पारिया इस समय शाहजहापुर जेल में बन्द हैं, अनुपम दुबे हत्या के मामले में मथुरा जेल में आजीवन सजा काट रहे है। संजीव पारिया को जानलेवा हमला करने व लाखों की धोखाधड़ी में हाई कोर्ट से जमानत स्वीकृत हो गई थी।

## 79 अभ्यर्थियों को बांटे गए स्मार्ट फोन

**फर्रुखाबाद।** महाराजा हरिशचंद्र महाविद्यालय बढ़पुर में गुरुवार को बीएड अभ्यर्थियों को स्मार्टफोन बांटे गए। विद्यालय के संस्थापक डॉ. हरिश्चद्र तिवारी ने अभ्यर्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन के माध्यम से वह लोग तकनीकी शिक्षा से जुड़ने का कार्य करें। सरकार तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दे रही है। डॉ. राहुल तिवारी ने कहा कि स्मार्टफोन के जरिए वह लोग आधुनिक शिक्षा से जुड़ेंगे। उन्होंने बताया कि विद्यालय के 79 अभ्यर्थियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं।

अजय पांडेय और डॉ. शिखा दीक्षित ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर गजेंद्र सिंह राजपूत, डॉ. मधुबाला अवस्थी, सुनील कुमार राजपूत, अनुराग गंगवार, रोहित पांडेय और अतुल त्रिवेदी आदि मौजूद रहे।

## रिश्तेदार का एक्सीडेंट बता कर ठगे 86 हजार रुपए

संवाददाता कायमगंज फर्रुखाबाद

- श्यामनगर का है पीड़ित, अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** श्यामनगर के एक युवक से ठग ने बुआ के दामाद का एक्सीडेंट बताकर 86 हजार रुपए ठग लिए। पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

12 जनवरी को कोतवाली क्षेत्र के श्यामनगर निवासी करन सिंह के मोबाइल पर काल आई। काल करने वाले ने कहा कि तुम्हारी के बुआ के दामाद का एक्सीडेंट हो गया है। इसलिए उसके मोबाइल नंबर 7086285507 पर रुपए डाल दो। इस पर उसने 5 बार में 86000 रुपए भेज दिए। उसने यह रुपए पड़ोस के जनसेवा केंद्र के संचालक से डलवाए। बाद में जब काल की तो पता चला वह ठगी का शिकार हो गया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपित के खिलाफ कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खुलेआम सवारियां भरकर चल रहे ट्रैक्टर

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** शासन की मनाही के बाद भी ट्रैक्टर चालक सवारियां भरने से बाज नहीं आ रहे। जिससे किसी भी अनहोनी की आशंका हमेसा बनी रहती है।

शासन के सख्त आदेश है ट्रैक्टर में सवारियों को न बैठाया जाए। बीते सालों में कई घटनाएं ऐसी हुई जिसमें काफी लोगों को जान गंवानी पड़ी है लेकिन ट्रैक्टर स्वामी व चालक सवारियां लाने ले जाने में बाज नहीं आ रहे है। सबसे ज्यादा ग्रामीण इलाकों में लोग ट्रैक्टर से सवारियां भरे देखे जा रहे है।

# लेखनी का शब्द मेरा सैनिक सा साहसी हो

संवाददाता फर्रुखाबाद

- 'जख्मों पे नमक' पुस्तक का किया गया विमोचन

**अमृत विचार।** मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पांडाल में स्थानीय कवि सम्मेलन में उपकार मणि उपकार के गजल संग्रह "जख्मों पे नमक" का विमोचन वरिष्ठ गजलकार नलिन श्रीवास्तव, प्रशासनिक प्रतिनिधि मेला प्रबंधक संदीप दीक्षित, अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह एवं मंच पर मौजूद वाणी पुत्रों के सानिध्य में हुआ। इसके बाद देर रात्रि तक सांस्कृतिक पंडाल में काव्य धारा प्रवाहित होती रही।


पुस्तक का विमोचन करते वरिष्ठ कवि। अमृत विचार

बुधवार देर रात को पांचाल घाट गंगा तट पर विगत कई वर्षों से चल रहे मेला श्रीराम नगरिया के सांस्कृतिक पांडाल मं आयोजित कवि सम्मेलन की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि सत्यपाल सिंह प्रगल्भ ने की व संचालन युवा कवि वैभव सोमवंशी ने किया। कवि सत्यपाल सोमवंशी ने 'राम का विग्रह प्राण प्रतिष्ठा, अद्भुत ललित ललाम, राम टाट से ठाट में आए, मन्दिर ऐ प्रभुधाम पक्तियां पढ़ीं। कवयित्री प्रीति पवन तिवारी ने दूरी आसमानों की नाप कर दिखाना है, तू भी मेरी जद है तुझको ये समझना है, करने दो खूब चर्चा वा चाल इस ज़माने को पंक्तियां पढ़ीं। कवयित्री अनुजा सोमवंशी क्षमा ने हुआ आगमन राम लला का, अबध हुआ सुखधाम, नर नारी सब देखन चले छोडछाड़ सब काम। गीता भारद्वाज ने कहा लेखनी का शब्द मेरा सैनिक सा साहसी हो, प्रत्येक छंद गाये वंदे मातरम्। संयोजक महेश पाल सिंह उपकारी ने कहा एक बार कहने से नाम का प्रतीक बनता, कवि दिलीप कश्यप ने पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उपकार मणि उपकार की गजल शहर के शहर ही वीरान हुए जाते हैं, निमिष टंडन ने कहा बोला मसीहा देख के मेरे जख्मों को, डा.राजेश हजेला ने नवगीत पढ़ा अनजाने प्रश्न चिन्ह सामने खड़े हुए मानव के मानव से फांसले बड़े हुए, भारती मिश्रा ने स्त्री विमर्श के साथ ही श्रंगार परक रचनायें पढ़ कर कर वाहवाही लूटी। गजलकार नलिन श्रीवास्तव ने वो रोकते ही रह गये उसको जमीन पे, नील कमल त्रिवेदी मोनू ने हास्य व्यंग के माध्यम से सामाजिक विसंगतियों पर तीखे प्रहार किए।

देवेश तिवारी ने श्रृंगार रस के गीत पढ़ें। मेला व्यवस्थापक संदीप दीक्षित ने कवियों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर भूपेन्द्र प्रताप सिंह, वरिष्ठ कवि प्रेम सागर चौहान, अनिल सिंह राठौर, राघव दत्त मिश्रा, विभोर सोमवंशी, दिव्यांशी सोमवंशी, श्याम चतुर्वेदी, शिवम् दीक्षित, विपिन अवस्थी सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप


बसंती ड्रेस में बच्चे। अमृत विचार


### बसंत पंचमी पर नौनिहालों ने किया मां सरस्वती का पूजन

**कायमगंज फर्रुखाबाद।** एपी पब्लिक स्कूल में बसंत पंचमी पर नौनिहालों ने पीली पोशाक पहन सबको मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान मां सरस्वती का पूजन किया गया। बसंत पंचमी पर एपी पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य डॉक्टर अंजली पांडेय व शिक्षक शिक्षिकाओं ने मां सरस्वती का विधि विधान से पूजन एवं अर्चन किया। म्यूजिक शिक्षक वेद प्रकाश जायसवाल द्वारा सरस्वती वंदना एवं भजनों का सुंदर प्रस्तुतीकरण किया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से कक्षा एक तक के बच्चे पीली पोशाक में सज धज कर बड़े ही मनोहारी लग रहे थे। बच्चों को तैयार करने में यशी गंगवार, प्रिया, रक्षिका, अंकुर, पल्लवी दीक्षित, मयंक एवं कोऑर्डिनेटर उमा गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर प्रबंध कमेटी के अशोक, प्रदीप, आयुष, आकाश, सोनम एवं श्वेता रस्तोगी, बीपी गुप्ता, चंद्र मौली शुक्ला, अनूप पांडेय, शिवम शर्मा, दिनेश, सुधीर, संदीप कश्यप, नीरज अग्निहोत्री एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।


हवन में आहुतियां डालते लोग। अमृत विचार

### बसंत पंचमी पर की मां शारदे की पूजा

**फर्रुखाबाद।** बसंत पंचमी के अवसर पर जनपद के कस्बा कमालगंज स्थित आर्य समाज मंदिर में संचालित एमडीएस. लाइब्रेरी के छात्रों द्वारा मां शारदे की पूजा की गई। आर्य समाज के पुरोहित आचार्य संदीप आर्य ने यज्ञ सम्पन्न कराया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। जिसमें सर्वप्रथम विद्या की प्रतीक देवी सरस्वती की वंदना शाहिल कुमार के द्वारा की गई। लाइब्रेरी के डायरेक्टर आचार्य संदीप आर्य ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर सुमित कुमार, आलोक, राहुल राजपूत, ऋषिकांत, आशुतोष, सनी पाल, प्रमोद राजपूत, ज्ञानेंद्र, उपेंद्र, जगवीर, खुशी राजपूत, राखी यादव, अमृता आदि उपस्थित रहे।


सम्मानित किए गए कवि। अमृत विचार

## धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नगर के डीपीबीपी विद्यालय में कला, साहित्य, संगीत, ज्ञान की देवी सरस्वती के प्राकट्य दिवस पर हवन पूजन कर 22वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। बुधवार को बसंत पंचमी के अवसर पर देवी सरस्वती के अवतरण दिवस को हवन पूजन यज्ञ आहुति के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कवि यशवंत सिंह, अर्चना मिश्रा को सारस्वत सम्मान देकर सम्मानित किया गया । इस अवसर पर डॉक्टर बीडी शर्मा, भारत सिंह, रामवीर सिंह ने कवियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। भारती मिश्रा, उपकार मणि, नलिन श्रीवस्तव, दिलीप कश्यप, यशवंत सिंह अर्चना निश्रा, राम मोहन शुक्ल सहित दर्जनों कवियों ने काव्य पाठ किया। अध्यक्षता ज्योतिस्वरूप अग्निहोत्री, संचालन ब्रजकिशोर सिंह किशोर ने किया ।

## निरीक्षण में कई आधिकारी पाए गए अनुपस्थित

**फर्रुखाबाद।** डीआईओएस को निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और सहायक केंद्र व्यवस्थापक अनुपस्थित मिले। जानकारी करने पर पता चला कि स्टेटिक मजिस्ट्रेट बीमार हैं।

डीआईओएस ने अनुपस्थित सहायक केंद्र व्यवस्थापक से स्पष्टीकरण तलब किया है । डीआईओएस नरेंद्र पाल सिंह ने गुरुवार को हाजी अख्तर हुसैन रहमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद, आदर्श जनता इंटर कॉलेज खुम्मरपुर, शकुंतला देवी इंटर कॉलेज और राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज नवाबगंज का निरीक्षण किया। आदर्श जनता इंटर कॉलेज में सहायक केंद्र व्यवस्थापक मनोज कुमार अनुपस्थित पाए गए। इस पर डीआईओएस ने नाराजगी जताई है और सहायक केंद्र व्यवस्थापक को तलब किया है।

## महिला से टप्पेबाजी कर पार किये जेवरात, तीन दबोचे

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

- ई-रिक्शा पर सवारी बनकर महिला के साथ बैठ गई थीं चार टप्पेबाज महिलाएं

**अमृत विचार।** ई-रिक्शा पर बैठीं चार महिला टप्पेबाजों ने बगल में बैठी एक महिला के बैग से सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। जेवरात गायब देख महिला के होश उड़ गए। तभी चारों महिला टप्पेबाज भागने लगीं। महिला की गुहार पर लोगों ने तीन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। जबकि एक भागने में सफल रही। जेवर मिलने से पीड़ित महिला ने राहत की सांस ली।

बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर पतासिया के मजरा भगवंतपुरवा निवासी देशराज की पत्नी शांती बीते बुधवार अपनी भतीजी के विवाह में शामिल होने नगर के मोहल्ला कटरा आई थी। गुरुवार को वह बांगरमऊ के नानामऊ मार्ग तिराहे से ई-रिक्शा से अपने गांव जा रही थी।

ई-रिक्शा पर महिला के साथ चार अन्य महिलाएं भी आकर बैठ गईं। तभी रास्ते में चारों टप्पेबाज महिलाओं ने निगाह बचाकर शांती के बैग से सोने का हार, अंगूठी, चांदी की हाफ पेंटी व पायल आदि पार कर दिये। शक होने पर शांती ने बैग खोलकर देखा तो उससे जेवर गायब थे। पीड़ित महिला ने तुरंत ई-रिक्शा रुकवाया तो चारों टप्पेबाज भाग खड़ी हुईं। महिला के शोर मचाने पर लोगों ने दौड़कर तीनों को पकड़ लिया जबकि एक भागने में सफल रही। चोरी किया गया जेवर मिलने से महिला ने राहत की सांस ली। लोगों ने टप्पेबाज महिलाओं को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस महिलाओं से पूछताछ कर रही है। महिलाएं कानपुर जिले की बताई जा रही हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत बैरमपुर विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद–फर्रूखाबाद

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर/ प्रकाशन–2023–2024/ दिनांकः 15/02/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 **बैरमपुर** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक **16/02/2024 से 23/02/2024** तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक **23.02.2024** सायं 5: 30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी ।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | हरीराम के घर से खडंजा तक नाली व इण्टरलांकिग निर्माण कार्य | बिल आफ क्वांटिटी | 1.12लाख | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्तें** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है । धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी ।

**विमल कुमार यादव**, प्रधान **दिलीप कुमार**, सचिव
ग्राम पंचायत बैरमपुर, विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद–फर्रूखाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत संतोषापुर, विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद–फर्रूखाबाद

पत्रांकः मेमो / ग्रा.पं./राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त/टेण्डर/ प्रकाशन–2023–2024/ दिनांकः 15/02/2024

निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना

एसबीएम/राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 **संतोषापुर** की स्वीकृत कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्य स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक **16/02/2024 से 20/02/2024** तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक **20.02.2024** सायं 5: 30 बजे निर्माण कार्य समिति द्वारा निविदा खोली जायेगी ।

| क्र0 | योजना का नाम | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | जमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | एसबीएम राज्य वित्त/ केन्द्रीय वित्त | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आरआरसी) | बिल आफ क्वांटिटी | 4.68 | 2% | 500/ |
| 02 | राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त | प्राथमिक विद्यालय तेजापुर में टाइलीकरण | बिल आफ क्वांटिटी | 2.26 | 2% | 500/ |

**नियम एवं शर्तें** – निविदा दाता का जी0एस0टी0 व आयकर पंजीकरण होना आवश्यक है । धरोहर राशि एफ0डी0आर0 व एन0एस0सी0 व चेक द्वारा ली जायेगी ।

**गुड्डी देवी**, प्रधान **अरूण कुमार**, सचिव
ग्राम पंचायत संतोषापुर, विकासखण्ड शमसाबाद, जनपद–फर्रूखाबाद

मेला श्री रामनगरिया

कहा, संतों के अंदर विद्यमान होती हैं ब्रह्म और छात्र शक्तियां

# राष्ट्र उन्नति के लिए छात्र शक्ति की महती आवश्यकता

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- संतों को शाल ओढ़ाकर किया गया सम्मानित

**अमृत विचार।** मेला श्रीरामनगरिया में चल रहे वैदिक क्षेत्र में चरित्र निर्माण शिविर में गुरुवार को प्रातःकाल यज्ञ किया गया। यज्ञोपरान्त विशाल सन्त सम्मेलन का आयोजन किया गया। आचार्य चन्द्रदेव शास्त्री ने कहा कि वेद में दो शक्तियों का वर्णन है। ब्रह्मशक्ति और छात्र शक्ति। किसी भी राष्ट्र की उन्नति के लिए ब्रह्मशक्ति और छात्र शक्ति की महती आवश्यकता होती है। जब सन्तों के अन्दर ये दोनों शक्तियां विद्यमान होती हैं तो समाज की दशा और दिशा वेदोक्त होती है।



मंच पर बोलते आचार्य। अमृत विचार

उन्होंने कहा वेद रूपी सूर्य से अविद्या रूपी अन्धकार को दूर करने का सन्तों का स्वभाव होता है। राजस्थान से आए स्वामी सोमवारपुरी महाराज ने कहा कि गाय विश्व की माता है। मानव-जाति के लिए गौ से बढ़कर उपकार और कुछ नहीं है। इसलिए हमें गौ माता की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। महाराज ने कहा कि परमानंद की प्राप्ति केवल ईश्वर की भक्ति से ही सम्भव है। साधक साधना के द्वारा ईश्वर रूपी साध्य को प्राप्त करता है। अन्त में वैदिक क्षेत्र की ओर से सभी सन्त महात्माओं का शॉल और दक्षिणा देकर सम्मान किया गया। सभा का संचालन स्वामी महेन्द्रानंद ने किया। डॉक्टर शिवराम आर्य ने सभी सन्तों का धन्यवाद किया। सभा में उत्कर्ष आर्य, उदयराज आर्य, हरिओम शास्त्री, आचार्य महावीर शास्त्री, शिशुपाल आर्य, संजीत आर्य, रत्नेश द्विवेदी आदि रहे।

## सुंदरकांड का किया गया पाठ, हवन

**कायमगंज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय में वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर सरस्वती पूजन, सुंदरकांड का पाठ व हवन का आयोजन किया गया। प्राचार्य विनय कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि हम सभी के अंदर कुछ न कुछ गुण छिपे होते हैं, जरूरत है तो बस उसे पहचानने की और उसका दोहन करने की। उन्होंने बताया महाविद्यालय में विद्यार्थियों व स्टाफ की कुशलता की कामना से ही यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर राम कुमार अग्रवाल, अनूप दुबे, संजय चतुर्वेदी, नरेंद्र मिश्रा, डॉ आशीष तिवारी, डॉ मनीषा सक्सेना, डॉ आरती दुबे, ब्रजेश वर्मा, रितिक गुप्ता रहे।

असूयैक पदं मृत्युरतिवाद: श्रियो वध: ।
अशुश्रूषा त्वरा श्लाघा विद्याया: शत्रवस्त्रय: ।।

गुणों में दोष देखना एकदम मृत्यु के समान है। कठोर बोलना या निंदा करना लक्ष्मी का वध है। सुनने की इच्छा का अभाव या सेवा का अभाव,उतावलापन और आत्मप्रशंसा–ये तीन विद्या के शत्रु हैं ।

## संपादकीय

# समुद्री सीमा सुरक्षा

बीते महीने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लक्षद्वीप में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां गए थे जिसकी तस्वीरें दुनियाभर में प्रसारित हुईं। इसके बाद से मालदीव बौखला गया था और वहां से भारत विरोधी सुर फूटने लगे। वहां के नेताओं ने न सिर्फ भारतीय प्रधानमंत्री मोदी का मजाक उड़ाया था, बल्कि भारत से अपने देश में तैनात सैनिकों को वापस बुलाने तक को कह दिया था। इसके लिए उसने 15 मार्च तक का समय दिया है। भारतीय सेना मालदीव से कब वापस आती है यह तो भविष्य में पता चलेगा, लेकिन उससे पहले भारत समुद्र में चौकसी बढ़ाने की तैयारी कर रहा है। मार्च माह की शुरुआत में सरकार लक्षद्वीप के मिनिकॉय आइलैंड पर नौसैनिक बेस बनाने जा रही है, साथ ही अगाती आइलैंड और कवरत्ती में भी एयरबेस बनेगा जिससे मालदीव और चीन की हरकतों पर नजर रखने में आसानी होगी। मिनिकॉय में बनने वाले आईएनएस जटायु नौसैनिक बेस से मालदीव की दूरी मात्र 524 किलोमीटर है। इतना ही नहीं भारत अगाती आइलैंड पर मौजूद एयरस्ट्रिप को अपग्रेड करने जा रहा है। ताकि उसका इस्तेमाल फाइटर जेट्स और भारी विमानों के संचालन के लिए किया जा सके। गौरतलब है कि लक्षद्वीप, मिनिकॉय द्वीप और अंडमान निकोबार द्वीप समूह की भौगोलिक स्थिति हिंद महासागर पर नजर रखने के लिए काफी अहम है। इस इलाके में चीन की बढ़ती गतिविधियों और समुद्री रास्तों को सुरक्षित करने के लिहाज से ये नौसैनिक अड्डा काफी अहम होगा।

लक्षद्वीप और मिनिकॉय द्वीप नौ डिग्री चैनल पर स्थित हैं, जहां से होकर दक्षिण-पूर्वी एशिया और उत्तरी एशिया के बीच अरबों रुपये का आयात-निर्यात होता है। इस अड्डे से व्यापारिक सुरक्षा भी बढ़ेगी। इसे ऐसे समझा जा सकता है यदि किसी जहाज को सुंदा और लोंबक की खाड़ी की तरफ जाना है तो उसे दस डिग्री चैनल यानी अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के पास से गुजरना होगा। ऐसे में दोनों जगहों पर मजबूत सुरक्षा और निगरानी दस्ता होना चाहिए, जो जरूरत पड़ने पर दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब दे सके। साथ ही आसपास के इलाके में शांति बनी रहे। लक्षद्वीप में नौसेना बेसकैंप बनने से सुरक्षा में बढ़ोतरी हो सकेगी। हाल ही में सरकार ने अंडमान और निकोबार आइलैंड के कैंपबेल खाड़ी में नई फैसिलिटी बनाई हैं। इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सेना बखूवी कर रही है। पूर्व में अंडमान और पश्चिम में लक्षद्वीप पर मजबूत तैनाती से भारत की समुद्री सीमा सुरक्षित रहेगी। दोनों द्वीप समूहों पर पर्यटन भी बढ़ेगा और लोग यहां घूमते समय सुरक्षित महसूस करेंगे।

# कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है बड़े नेताओं का पलायन



सुशील दीक्षित विचित्र
शाहजहांपुर

> अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा,लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई।

> पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है,जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

अपनी महत्वाकांक्षी भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निकले राहुल गांधी भारत जोड़ पाए यह तो पता नहीं, लेकिन इस दौरान कांग्रेस छोड़कर जाने वालों की संख्या बढ़ती ही जा रही है। ऐसे हर नेता का एक ही आरोप है कि उनकी उपेक्षा की जा रही थी। पार्टी छोड़ने वालों में कई तो ऐसे नेता हैं जिनकी कांग्रेस में काम करते उमर बीत गई। वे पार्टी के आधार स्तंभों में तो रहे ही संकट के दौर में भी अपनी पूरी जिंदगी पार्टी को सजाने संवारने में लगा दी। आश्चर्यजनक यह है कि पायेदार नेताओं द्वारा एक के बाद एक कर पार्टी छोड़ने से कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व चिंतित होने की जगह जाने वालों की आलोचना कर रहा है। जबकि इसका पार्टी की साख पर गलत असर पड़ रहा है जिसका खामियाजा पहले भी पार्टी ने जनाधार का एक बड़ा हिस्सा खोकर भुगता है और लगता है वह आगे भी कोई सीख लेने को तैयार नहीं है।

अब तो धीरे-धीरे यह लगने लगा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में सीख शब्द है ही नहीं। एक समय हेमंत बिस्वा शर्मा ने पार्टी छोड़ी थी तब कहा गया था कि उनके जाने से पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन असर पड़ा। ऐसा असर पड़ा कि कांग्रेस असम से ही नहीं पूरे पूर्वोत्तर भारत से साफ हो गई। मध्य प्रदेश में जब ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस छोड़ी तब भी उनके प्रभाव को पार्टी ने नकार दिया था, लेकिन पिछले विधानसभा में सिंधिया का ऐसा असर पड़ा कि पार्टी चुनाव हार ही नहीं गई, बल्कि उसका जनाधार और अधिक सिमट गया। ऐसे नेताओं की लंबी सूची है जिन्होंने पार्टी छोड़ी और कांग्रेस को भारी क्षति हुई। इनमें से कई नेता तो ऐसे थे, जो राहुल गांधी के इतना करीबी थे कि राहुल की टीम का हिस्सा माने जाते थे।

राहुल गांधी प्रायः मोहब्बत की दुकान चलाने का दावा करते रहते हैं। दावा कितना सच है इस पर सबकी अपनी अपनी राय हो सकती हैं, लेकिन अभी तक जितने नेताओं ने पार्टी छोड़ी उन सबका एक ही आरोप था कि हाईकमान उनकी उपेक्षा करता है। अभी हाल में राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समर्थन के आरोप में निकाले गए। पुराने कांग्रेसी नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम का कहना है कि वे एक साल से राहुल गांधी से मिलने का समय मांग रहे थे। राजनीति के लिए अपनी पार्टी के नेताओं से मिलते रहना आवश्यक होता है। जरूरत तो कार्यकर्ता तक पहुंच बनाने की भी होती है। कभी 23 जी के नाम से मशहूर रहे कांग्रेस के पुराने नेताओं ने पार्टी को पत्र लिखकर संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने की सलाह दी थी। कांग्रेस की जैसी स्थिति है उन हालातों में यह सलाह बहुत माकूल थी। इसका सकारात्मक जबाब होना चाहिए था अलबत्ता ऐसा हुआ नहीं। इन नेताओं को भाजपा का एजेंट बताया गया और पत्र डस्टबिन में फेंक दिया गया। इसके बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ दी। गुलाम नबी आजाद कश्मीर के बड़े नेता हैं। उनके पार्टी छोड़ने से कश्मीर में कांग्रेस कमजोर हुई।

पुरानी बातें जाने दें। वर्तमान की बात करें तो भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान जो घटनाएं घट रही हैं उनसे कांग्रेस निर्लिप्त होने का स्वांग ही कर सकती है जबकि डैमेज कंट्रोल नहीं कर सकती। इसलिए और भी नहीं कर सकती कि ऐसा करने की उसमें कोई इच्छा नहीं दिखती है। महाराष्ट्र में जब पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो उनकों मनाने या समझाने की कोशिश तक नहीं की गई। तंज ही किए गए। उससे पहले कांग्रेस के बड़े नेता मिलिंद देवड़ा ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है, उन्होंने कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता भी त्याग दी है। इसके तुरंत बाद बाबा सिद्दीकी ने भी त्याग पत्र दे दिया। महाराष्ट्र में वैसे भी कांग्रेस की हालत कोई बहुत बेहतर नहीं है। उसका केवल एक सांसद है। राज्य स्तर पर पार्टी का ढांचा बिखरा हुआ है,जो लगातार बिखर रहा है।

जैसी कहानी महाराष्ट्र की है वह कमोबेश पूरे भारत की है। जब भारत जोड़ो यात्रा का पहला आयोजन समाप्त हुआ था, तब भी सवाल उठे थे कि जब पार्टी को एकजुट करने की जरूरत है तब पार्टी का आला कमान निरर्थक आयोजन में उलझा है। अब भी यही सवाल अपनी जगह अडिग खड़ा है कि जब पार्टी लगातार नेताओं और उन नेताओं से जुड़ा जनाधार खो रही है तब इसे सुलझाने से पहले यात्रा जैसे दीर्घ आयोजन का औचित्य क्या? यात्रा के साथ जुड़े न्याय शब्द को लेकर भी कटाक्ष किए जा रहे हैं कि पार्टी अपने ही कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ ही न्याय नहीं कर पा रही है तो वह किसी और को क्या न्याय देगी? जैसी कि खबरें आ रही हैं उनसे लगता है कि यदि पार्टी के नीतिनियंताओं ने अपनी रीति-नीति नहीं बदली तो पार्टी के लिए भारी संकट खड़ा हो सकता है। जिस आइएनडीआइए के दम पर कांग्रेस भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का दंभ कर रही है, उसका अभी तक कोई अता-पता नहीं। कई स्थानों पर घटक दलों और कई राज्यों में कांग्रेस ने अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इससे और भी लगता है कि आइएनडीआइए बनना बहुत मुश्किल है।

कांग्रेस के नेताओं ने कहा भी है कि वे अपनी दम पर चुनाव लड़ सकते हैं। यदि ऐसा हुआ तो पार्टी को लोकसभा क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। किसी भी पार्टी की असल ताकत उसके कार्यकर्ता होते हैं। कांग्रेस में इसी की भारी कमी है। रही सही कसर जमीन से जुड़े जो थोड़े बहुत नेता पार्टी में बचे भी थे, वे या तो पार्टी छोड़ रहे हैं या छोड़ने का मन बना रहे हैं।

राजनीतिक लड़ाई बिना सेना के जो भी लड़ने की कोशिश करेगा उसकी पराजय वक्त की बात होगी। अभी जब अशोक चव्हाण ने पार्टी छोड़ी तो कांग्रेस के प्रवक्ताओं ने बहुत दंभ से कहा कि पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। यह दंभ इसलिए है कि पार्टी ने किसी को दिया है तो उसने भी तो पार्टी को बहुत कुछ दिया। उसे खड़ा रखने के लिए जड़ों को अपने खून पसीने से सींचा। कुल मिलाकर यह कहना गलत नहीं होगा कि यदि पार्टी ममता बनर्जी की भविष्यवाणी सच सिद्ध नहीं होने देना चाहती तो उसे रोज हो रहे पार्टी के पतन को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे। भाजपा को टक्कर देने के लिए पार्टी में हुई दरारों को भरना होगा और इसमें तभी सफलता मिलेगी जब पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं से संवाद स्थापित कर कठिनाइयां दूर की जाए। अन्यथा यदि यही हालात रहे तो पार्टी का अस्तित्व बचाना असंभव की हद तक मुश्किल हो सकता है।

## प्रसंगवश

# क्या मंदिर की काट है किसान आंदोलन

> सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है।

विगत काफी समय से अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण और प्रधानमंत्री द्वारा उसमें मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा मीडिया में सुर्खियां पाती रही है। लंबे समय तक ऐसी प्रतीति कराई गई जैसे देश दुनिया में अब और कोई बड़ी खबर है ही नहीं तथा देश की सारी समस्याएं इस धर्म आयोजन से ही हल हो गईं हैं। एक-एक छोटी मोटी चीज की ब्रेकिंग और हेडिंग लगाए गई। एक बड़ी अगरबत्ती के ट्रॉसपोर्टेशन तक ने सुर्खिथां लूटीं। शासन और प्रशासन ने जोर लगाकर देश दूसरी दिवाली मनवा दी तथा आम आदमी व नई पीढ़ी को यह आभास कराया गया कि राम अब आए हैं और मोदी द्वारा लाए गए हैं, पहले नहीं थे।

लोकसभा चुनाव सर पर हैं और शायद इन्हीं के लिए बढ़त हासिल करने हेतु ये टाइमिंग चुनी गई थी। अब राम के मुद्दे पर विपक्ष की गति सांप छछूंदर जैसी हो गई। खुला विरोध कर नहीं सकते और समर्थन में स्पष्ट राजनीतिक नुकसान! वोट उन्हें भी चाहिए। ऐसे में पुराने ठंडे पड़ चुके किसान आंदोलन को ही जागृत कर गुल-गपाड़ा मचाना इन लोगों ने श्रेयस्कर समझा, क्योंकि इससे एक बार उन्हें सफलता भी मिल चुकी है, जब केंद्र सरकार को घुटने टेकने पर विवश होना पड़ा था और तीनों कृषि कानूनों को वापस लेना पड़ा था। गांव की कहावत है "जानों गुइयां फूस बराबर",यानी इस दांव से सत्तारूढ़ दल झुक जाएगा और मीडिया का रुख मंदिर से हटकर कथित किसान भीड़ और भारी जन असुविधा की ओर चला जाएगा। यही हुआ। तीर निशाने पर बैठ रहा है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यदि सरकारी सख्ती से यह भीड़ दिल्ली नहीं भी पहुंच पाएगी तो बाहर से दिल्ली घिरी रहेगी और सामान्य यातायात लंबे समय तक बाधित रहेगा। असामाजिक तत्व फायदा उठाएंगे ही और बुरी घटनाएं होंगी। सरकार की छवि धूमिल होगी तथा मंदिर प्रकरण से सत्ता पक्ष को मिले अंकों में घटोत्तरी होगी। विपक्ष को बढ़त हासिल होगी। वे रामभक्तों को वोट बैंक बनाने के जुगाड़ में थे,ये किसानों को। यद्यपि इन वर्गों के बीच कोई स्पष्ट विभाजक रेखा नहीं है। रामभक्तों में किसान भी हैं और किसानों में भक्त भी। दरअसल अतिशय चतुराई में कभी-कभी दांव उल्टा पड़ जाता है। या अपना ही अस्त्र बूमरेंग हो जाता है। कृषि कानूनों का वापस लिया जाना भी तुष्टीकरण ही था। यह कोई समाधान नहीं था। कानून गलत नहीं थे। फौरी इलाज कर दिया गया था और कहा गया था कि सभी मांगें मान ली हैं। वे पूरी करना दुष्कर था और रहेगा। इधर 'भारत रत्न' सम्मान एमएस स्वामीनाथन को देकर भाजपा ने तामिलनाडु में पैर पसारने की कोशिश तो की ही, देश के किसान संवर्ग का दिल जीतने का भी प्रयास किया गया। अब दिल का सौदा थोड़ा कठिन तो होता ही है। एक व्यक्ति को बड़ा सम्मान देकर करोड़ों वोट झोली में आने की सोचना बुद्धि परक नहीं कहा जा सकता।

सरकार यह भूल गई कि इन्हीं स्वामीनाथन की रिपोर्ट अब तक लागू नहीं की गई है तो व्यक्ति को अलंकरण देने से आम आदमी को क्या लाभ? चाहे वह स्वामीनाथन हों या चौधरी चरणसिंह। बहरहाल आंदोलन राजनीति प्रेरित है और मांगें क्लिष्ट। यह आसानी से खत्म नहीं होगा और पिछली बार की तरह ही जनता के पिसने की संभावना है। सभी राजनीतिक दलों के लिए अभीष्ट तो यह है कि वोटों के लिए सस्ते हथकंडे न अपनाएं। ठोस जनसेवा में ही रुचि लें तो राष्ट्र और समाज का भला होगा।

# दोनों पक्षों की बातचीत से निकलेगा विकल्प



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

> मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

आंदोलित किसानों की आक्रोशित हरकतें और सुरक्षाकर्मियों का अपराधियों भांति बलपूर्वक जोर-जुल्म वाली तस्वीरें दिल को झकझोरती हैं। सोचने पर मजबूर करती हैं कि ये दृश्य आजाद भारत के हैं। क्योंकि ऐसे मूवमेंट अधिकांश अंग्रेजों को खदेड़ने के दौरान हमारे क्रांतकारी सुरक्षाकर्मी करते थे। प्रदर्शनकारी अन्नदाताओं को रोकने के लिए हजारों सुरक्षाकर्मियों ने जिस तरह से मोर्चा संभाला हुआ है।

सड़कों पर सीमेंट के बड़े-बड़े पत्थर, बैरिकेड, कंटीली तारें और नुकीले लोहे के मोटे-मोटे राड गाड़े हुए हैं, उसे देखकर ऐसा प्रतीत होता है। जैसे मानो पाकिस्तान या चीन से आतंकी बॉर्डर पार करके दिल्ली में दाखिल हो रहे हों और उन्हें रोकने के लिए देश की तमाम सुरक्षा एजेंसियों के हजारों जवान लगे हों? दुख होता है ये सब देखकर। वो भी ऐसे वक्त में जब हमारी तरक्की का डंका समूचे संसार में बजता हो? अर्थव्यवस्था में पांचवें पायदान पर पहुंचने वाले हों? प्रत्येक क्षेत्रों में देश अभूतपूर्व विकास कर रहा हो, विदेशी ताकतें हमारी शक्ति को देखकर नतमस्तक हो रही हों? इन सबके बावजूद देश का अन्नदाता आंसू गैस के गोले खाने पर मजबूर है? तो थोड़ा शक होता है।

मूवमेंट को तहस-नहस करने के लिए करीब 18 हजार सुरक्षाकर्मियों ने दिल्ली की चारो ओर से किलाबंदी की हुई है। इलाके छावनी में तब्दील होने से संपूर्ण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। दिल्ली के बाहर से आने वाले गंभीर मरीज राजधानी के अस्पतालों में नहीं पहुंच पा रहे? क्योंकि दिल्ली में दाखिल होने वाले सभी मार्ग बंद हैं। मंगलवार को कई मरीजों ने उचित इलाज नहीं मिलने पर बॉर्डरों पर ही दम तोड़ दिया। ये ऐसी अमानवीय आपातकाल की स्थिति जिससे हमें बिना देर किए तौबा करना होगा। अन्नदाताओं पर आतंकियों जैसा जोर-जुल्म करने के बजाय, उनके साथ सार्वजनिक रूप से खुशनुमा माहौल में केंद्र सरकार के जिम्मेदार मंत्रियों को बात करनी चाहिए। आंदोलन की रूपरेखा से पूर्व केंद्र के दो मंत्री पीयूष गोयल और अर्जुन मुंडा ने किसान संगठनों से बात जरूर की थी, पर उनसे बात नहीं बनीं? बातचीत को बीच में छोड़ना नहीं चाहिए,क्योंकि प्रदर्शनकारी किसान चाहते हैं उनसे प्रधानमंत्री या गृहमंत्री स्तर का कोई व्यक्ति मंत्रणा करे। अगर प्रधानमंत्री विदेशी दौरे पर हैं, तो ऐसे में गृहमंत्री को मोर्चा संभालना चाहिए। ठीक उसी तरह जैसे मंगलवार को उन्होंने एनएसए चीफ और दिल्ली पुलिस आयुक्त से करीब तीन घंटे आंदोलन की स्थिति को लेकर मत्रणा की। ऐसा ही उन्हें प्रदर्शनकारी किसानों के लिए भी समय निकालना चाहिए,किसान निश्चित रूप से गृह मंत्री की बात मानेंगे।

13 फरवरी यानी मंगलवार को आंदोलित किसानों और सुरक्षाकर्मियों के बीच जब तनातनी बढ़ी तो दिल्ली और उसके आसपास के इलाकों के हालात बेकाबू जैसे थे। किसान दिल्ली पहुंचने की जिद पर अड़े हैं। हालात इतने नाजुक हुए जिसे देखकर गृहमंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और दिल्ली पुलिस कमीश्नर संजय अरोड़ा को अपने कार्यालय में तलब किया। दोनों के साथ उन्होंने लंबी गुफ्तगू की। बातचीत खत्म हुई तो आंदोलित किसानों पर कड़ाई से पेश आने के निर्देश सुरक्षाकर्मियों को दिए गए। गृह मंत्रालय से मिले आदेश के बाद सुरक्षाकर्मियों ने शंभू बॉर्डर, टिगरी बॉर्डर व करनाल जीटी रोड पर प्रदर्शन कर रहे किसानों पर टूट ही पड़े? आंसू गैसे के गोले छोड़ने शुरू कर दिए। प्रदर्शनकारियों को बलपूर्वक खदेड़ा गया। जिद्दी किसान फिर भी नहीं माने? उसके बाद तो सुरक्षाकर्मियों के साथ किसानों की जमकर झपटें भी होती रहीं। दरअसल ऐसे आदेश गृह मंत्रालय को देने की आवश्यक कतई नहीं थी? अगर थोड़ा नरमाई दिखाकर एक बार उनसे उनकी बातें सुन लेते, तो हो सकता था कोई हल निकल आता। इससे हुकूमतों का अपनी जनता से बात करने में रूतबा कम नहीं होता,बल्कि प्रदर्शनकारियों की नजरों में और इज्जत बढ़ती है।

ऐसा हठधर्मी रवैया दोनों पक्षों नहीं अपनाना चाहिए, इससे नुकसान आमजनों का ही होता है। प्रदर्शनकारियों को मनाने के बजाय उन्हें अरेस्ट करके अस्थाई जेल में डालने की भी प्लानिंग गृह मंत्रालय ने कर ली है। इसके लिए दिल्ली के बवाना स्टेडियम को चुना है। किसान आंदोलन के बहाने विपक्षी पार्टियों ने भी अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने की कोशिश शुरू कर दी है। विपक्ष के नेताओं के बयानों के बाद तो किसान आंदोलन में राजनीति का और जबरदस्त तड़का लग गया,लेकिन हमारी सियासत का दुर्भाग्य यही है,समस्या का समाधान खोजने के बजाय सभी अपनी राजनीति चमकाने में मशगूल हैं।

## सोशल फोरम

# हरि के सामने हर

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आगामी चुनाव में विजय प्राप्त करने के लिए विपक्षी एकता तथा पीडीए को आधार बनाया है। ज्यों-ज्यों लोकसभा चुनाव नजदीक आता जा रहा है, विपक्षी एकता का हसीन ख्वाब घ्वस्त होता नजर आ रहा है। नीतीश कुमार के बाद उत्तर प्रदेश में जयंत चौधरी का पाला बदलना, प्रदेश में विपक्षी एकता को बड़ा धक्का है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट बहुल क्षेत्रों में जयंत चौधरी का प्रभाव है और उनके साथ छोड़ने से पश्चिम में सपा और कमजोर हुई है। सपा तथा कांग्रेस में सीट बंटवारे को लेकर खटास है। सपा कांग्रेस को मात्र 11 सीट देने की बात कहकर अपने प्रत्याशियों की घोषणा करती जा रही है, जबकि राहुल गांधी पदयात्रा में ही व्यस्त हैं और सपा से कांग्रेस के लिए अधिक सीट की अपेक्षा कर रहें हैं। सपा पिछड़ों, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) को अपना वोट बैंक बताकर 90 प्रतिशत मतदाताओं को साधने का सपना देख रही है। अभी उत्तर प्रदेश में राज्य सभा की तीन सीट पर अपने तीन प्रत्याशी-जया बच्चन, रामजीलाल सुमन तथा आलोक रंजन, का नामांकन कराया है जिसमें से मात्र सुमन दलित हैं शेष दोनों सवर्ण हैं। जया ने पांचवीं बार राज्य सभा का पर्चा भरा है व सुमन चार बार लोकसभा सदस्य रह चुके हैं। आलोक रंजन अखिलेश यादव सरकार में मुख्य सचिव रह चुके हैं। गरीबों की चिंता करने वाली सपा ने किसी गरीब को प्रत्याशी बनाने की जहमत नहीं उठाई जब कि इस चुनाव में चुनाव प्रचार में एक भी पैसा खर्च नहीं होता और माननीय विधायक गण ही पार्टी के निर्देश पर मतदान करते हैं। सपा मुख्यालय लखनऊ में कल "शालिग्राम भगवान शिला" की पूजा की गई। इसे इटावा के लायन सफारी के पास बन रहे केदारेश्वर महादेव के मंदिर में स्थापित किया जाएगा। संभवतः अयोध्या के रामलला की टक्कर में महादेव जी को तैयार किया जा रहा है। त्रेतायुग में महादेव भक्त रावण ने राम से टकराने का साहस किया था, परिणाम से सभी परिचित हैं। कभी भाजपा ने मंडल की काट कमंडल से की थी। आज देव से दानव नहीं, हरि के सामने हर को अखाड़े में उतारने की तैयारी हो रही है।



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

–फेसबुक वॉल से

# पार्टी और समाज में आवश्यक है विमर्श

पिछले दिनों मैंने देश के प्रसिद्ध चुनावी विशेषज्ञ/रणनीतिकार प्रशांत किशोर को सुना। लगा यही बात तो मैं सोच रहा था, कई बार लिखा भी कि चुनाव में हार जीत पार्टी की नहीं होती, वोटर की होती है। जब वह अपने लिए, अपने बच्चों के लिए, अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए वोट नहीं करता वरन वोट करता है जाति के नाम पर, धर्म के नाम पर, पैसे के नाम पर, प्रचार के नाम पर, तो वह पराजित होता है, पार्टियां नहीं।

बिहार और यूपी देश में सबसे पिछड़े राज्य हैं। दक्षिण की तुलना में पूरा उत्तर भारत ही पिछड़ा है जहां चुनाव में जाति और धर्म सबसे प्रभावी मुद्दे हैं। हम अपनी कई पीढ़ियों का भविष्य खराब कर देते हैं और कभी तो देश को गुलाम बना देते है। आपसी कलह और अवैज्ञानिक सोच को मैं देश की गुलामी का प्रमुख कारण मानता हूं। प्रशांत किशोर आजकल पिछले करीब डेढ़ साल से बिहार की पद यात्रा कर रहे हैं। गांव-गांव जा रहे हैं और आगे अभी पूरा बिहार घूमने में उन्हें साल भर से ज्यादा का समय और लगेगा। वह दो काम कर रहे हैं, एक लोगों को जागृत कर रहे हैं और दूसरा एक ढांचा बना रहे है जिस पर वह आगे अपनी पार्टी खड़ी करेंगे। मैंने तमाम लोगों को स्व. कल्याण सिंह जैसे धुरंधर राजनेता को भी,अपनी पार्टी खड़ी करते देखा पर उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी, क्योंकि उनका संगठनात्मक ढांचा नहीं था। भाजपा की आजकल जीत के पीछे एक प्रमुख कारण उनकी पार्टी का ढांचा भी है और कांग्रेस की हार के पीछे ऐसे ढांचे का अभाव भी है। कांग्रेस ने खुद ही ढांचा ध्वस्त किया। गांधी की कांग्रेस में ज्यादातर अध्यक्ष एक वर्ष के लिए होते थे, अपवाद स्वरूप ही दूसरा वर्ष। वर्ष 1939 में दूसरे कार्यकाल के लिए जब सुभाष बाबू ने जिद की तो गांधी के कैंडिडेट से उनका चुनाव हुआ, वह जीते पर पार्टी चला नहीं पाए, उन्हें इस्तीफा देना पड़ा। यहां तो सोनिया जी अध्यक्ष बनी तो छोड़ने का ही नाम नहीं लिया। कांग्रेस में पूरी की पूरी पीढ़ी खत्म हो गई,पर अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ। अरविंद केजरीवाल की भी दो कमजोरी समझ में आती हैं। एक तो संगठन का अभाव और दूसरा उनका अधिनायकवादी होना। अधिनायक जब तक सही सोचता है तब तक तो ठीक है,पर ऐसी पार्टी लंबी दौड़ नहीं जीत सकती। उन्होंने दिल्ली में दो सबसे महत्वपूर्ण विषय स्वास्थ और शिक्षा पर काफी ध्यान दिया तो वहां चुनाव जीत रहे हैं, पर पार्टी में विभिन्न तरह की विरोधी आवाजों के अभाव में आगे सही निर्णय लेने और प्रभावी संगठन न होने से उन्हें भविष्य में समस्या आनी निश्चित है। हर पार्टी में, हर समाज में खुले विमर्श आवश्यक हैं अन्यथा उसकी नीर-क्षीर विवेकी बुद्धि मर जाएगी और पार्टी/ समाज व्यक्ति-पूजक बनकर जड़ हो जाएगा।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

प्रशांत किशोर ने जिस तरह अमरेन्द्र सिंह की कांग्रेस को पंजाब में और जगन रेड्डी को आंध्र में और भारी बहुमत से जितवाया था, वह कमाल का मानता हूं मैं। अब उन्होंने किसी के सलाह देने, जितवाने के धंधे से अपने को उन्होंने अलग कर लिया है और आजकल बिहार में सुराज यात्रा कर रहे हैं,जन जागृति यात्रा कर रहे है। अभी उन्होंने पार्टी नहीं बनाई अभी संगठन बना रहे हैं, अभी लोगों को जाति, धर्म के बजाय अपने लिए,आने वाली पीढ़ी के लिए वोट करने हेतु उनको जागृति कर रहे हैं। उनका कहना है पार्टी भी लोग ही बनाएंगे। मैं समझता हूं कि वह सही राह पर हैं और उन्हें सफलता जरूर मिलेगी। एक दिन वह जल्दी ही बिहार में राज करेंगे और उसके बाद हो सकता है वह देश को जगाए, कम से कम उत्तर भारत को जगाए।

# कुलकामधेनु : श्रीविद्या

अपने पिताजी के साथ मुझे यह सौभाग्य मिला कि मुझे देश के अनेक श्रीविद्या उपासकों के दर्शन प्राप्त हुए। मुजफ्फरनगर के पास गंगातट पर शुकताल नामक स्थान है। यहां शुकदेवजी ने परीक्षित को भागवत सुनाई थी। यहां दंडी वाला आश्रम है। सन् 1970 के आसपास यहां एक मेधावी, तपस्वी रहते थे,प्रभासभिक्षुजी। बड़े अनासक्त संन्यासी और विद्वान थे। स्वामी करपात्रीजी भी उनसे आदरपूर्वक शास्त्र-चर्चा करते थे। वे पूर्वाश्रम में प्रभासतीर्थ के पुरोहित थे। उनका मन तो उपासना में लग चुका था,किंतु चिंता थी कि गृहस्थ का काम कैसे चलेगा? उन्होंने एक प्रयोग किया,वे सात दिन तो उपासना में लगे रहते,एक दिन तीर्थ पर जाते,किंतु आश्चर्य यह होता कि उन्हें एक ही दिन में सात दिन के बराबर दक्षिणा मिल जाती। अब इन्होंने इस प्रयोग को पहले मासिक,फिर त्रैमासिक,फिर छह मास में एक दिन तीर्थ पर जाते, किंतु वहां इतना मिल जाता कि उससे गृहस्थ का काम चल जाता। उस समय का उनके द्वारा रचित एक पद्य है- याचे न कंचन न कंचन वंचयामि,सेवे न कंचन निरस्त समस्त दैन्यः। श्लक्ष्णं वसे मधुरमद्मि भजे वरस्त्रीं,देवी हृदिस्फुरति मे कुलकामधेनुः।। अर्थात् यह कैसा रहस्य है कि न तो मैं किसी से याचना करता हूं,न किसी को ठगता हूं और न ही किसी की सेवा करता हूं,किंतु मेरा दैन्य निरस्त हो चुका है। मेरे पास किसी वस्तु का अभाव ही नहीं है,पहनने को शोभायुक्त वस्त्र हैं। भोजन को सरस-मधुर व्यंजन हैं,अन्नपूर्णा जैसी पत्नी है निश्चित ही इसका रहस्य वह कुलकामधेनु भगवती ही हैं,जो मेरे हृदय में स्फुरण कर रही हैं। उनको दृढ़विश्वास हो चुका था कि मेरी चिंता व्यर्थ थी। गृहस्थ का पालन करने वाली तो जगदंबा है,उन्होंने घर छोड़ दिया। गंगा के आंचल में आ गए और उपासना में आनंदमग्न रहने लगे।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

# राहुल की न्याय यात्रा में शामिल होंगे जिले के कांग्रेसी

## कानपुर से झांसी तक चलेंगे यात्रा के साथ, करेंगे जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा यूपी में आ रही है। इस यात्रा में इटावा के कांग्रेसी भी शामिल होंगे। यह जानकारी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने दी है।

उन्होंने बताया कि 14 जनवरी से शुरू होकर 16 फरवरी को प्रदेश के चंदौली जिले में प्रवेश कर रही है। भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश के चंदौली, बनारस, प्रयागराज, अमेठी, रायबरेली, लखनऊ, उन्नाव, कानपुर नगर, कानपुर देहात,जालौन से होती हुई झांसी पहुंचेगी और झांसी से मध्य प्रदेश में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उद्देश्य पांच न्याय -युवा न्याय, किसान न्याय, नारी न्याय, श्रमिक न्याय एवं भागीदारी न्याय जिसके माध्यम से समाज के इन सभी वर्गों के लोगों को न्याय दिलाना है।



पत्रकारों को जानकारी देते जिलाध्यक्ष मलखान सिंह, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे।

### ई-रिक्शा चालक भी हड़ताल में रहेंगे शामिल

**इटावा।** किसान मोर्चा व अन्य संगठनों के नेताओं ने बताया कि ई-रिक्शा चालक भी इस आंदोलन में शामिल हैं और ई-रिक्शा नहीं चलेंगे। उन्होंने बताया कि आशा कार्यकत्रियां तथा रसोइया भी आंदोलन में शामिल हैं। किसानों से भी कहा गया है कि एक दिन खेती का काम नही करें और मंडी भी नहीं जाएं।

उत्तर प्रदेश में भी सभी वर्गों एवं समाज के लोग माननीय राहुल गांधी जी कि इस यात्रा से जुड़ेंगे और अपनी बात रखेंगे इसी क्रम में इटावा जिले से बड़ी संख्या में कांग्रेस पार्टी के जिला, शहर, नगर, ब्लाक, न्याय पंचायत, वार्ड स्तर के पदाधिकारी एवं सभी फ्रंटल संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता और सामाजिक संगठनों के लोग इस यात्रा में भाग लेंगे और कानपुर से झांसी तक यात्रा में साथ रहेंगे। इस दौरान प्रदेश सचिव मोहम्मद राशिद खान,ललित दुबे, सोजब रिजवी,आसिफ जादरान,सरवर अली, अफजल वारसी,बाबू अली उपस्थित रहे।

# केंद्र की नीतियों के विरुद्ध हड़ताल आज

**इटावा।** केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, स्वतंत्र फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर केन्द्र सरकार की नीतियों के विरोध में 16 फरवरी को ग्रामीण भारत बंद एवं औद्योगिक हड़ताल का आह्वान किया गया है। इन संगठनों ने छात्रों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षकों, डाक्टरों व वकीलों, आटो-ईरिक्शा चालकों, छोटे व्यापरियों, मध्यम उघोगपतियों, पत्रकारों, सहित्य और कला क्षेत्र से जुडे लोगों, समान विचारधारा के लोगो से इस आंदोलन में भागीदारी की अपील की है।

किसान सभा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत में संयुक्त किसान मोर्चा के नेता का. मुकुट सिंह व अन्य संगठनों के नेताओं ने बताया कि इस हड़ताल में किसानों से एक दिन खेती का कार्य ना करने और मंडी भी नहीं जाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि 16 फरवरी को रेलवे स्टेशन के बाहर से कचहरी तक शांतिपूर्ण मार्च किया जाएगा। इसमें आंदोलन समर्थक विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। उन्होंने किसानों के आंदोलन को दबाने के लिए केन्द्र व हरियाणा सरकार की निंदा करते हुए इसे तानाशाहीपूर्ण और किसान विरोधी कदम बताया गया है। किसान नेताओं ने सभी फसलों में लागत का डेढ़ गुना दाम की गांरटी का कानून, बिजली निजीकरण बिल वापसी, किसानों की कर्जा मुक्ति गांरटी का कानून, बिजली निजीकरण बिल वापसी, 26000 माह न्यूनतम वेतन, पुरानी पेंशन बहाली, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर रोक, चार श्रम संहिताओं की वापसी, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं को रेलवे रियायतो की बहाली, सभी को मुफ्त शिक्षा, जैसी मांगों को इस आंदोलन से जोड़ा है।



पत्रकारों को जानकारी देते माकपा नेता मुकुट सिंह व अन्य।

● **किसान यूनियनों के आंदोलन में आशा व रसोइया भी शामिल**

बातचीत के दौरान न सभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री संतोष शाक्य, सीटू के प्रांतीय नेता अमर सिंह शाक्य, कामरेड ज्वाय मुखर्जी, आशा कर्मचारी यूनियन यूपी की मंत्री संगीता कश्यप, बीकेयू टिकैत के जिलाध्यक्ष संजीव किसान, आटो-ईरिक्शा ट्रेड यूनियन के मंडलीय अध्यक्ष सत्येन्द्र प्रताप, सुधीर यादव,सनी बाबू मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### खटखटा बाबा कुटिया पर हुआ विशाल भंडारा

**जसवंतनगर, इटावा।** कस्बे में बाबा खटखटा की पवित्र कुटिया परिसर में आयोजित विशाल भंडारे में लगभग ढाई हजार साधुओं ने भंडारा छका। यहां एक दिन पहले से ही बड़ी संख्या में साधुओं का आना शुरू हो गया था। बुधवार सुबह तक बड़ी संख्या में साधु संत यहां एकत्र हो गए थे। दोपहर बाबा की मूर्ति के समक्ष भोग के बाद साधु संतों को भंडारा खिलाने का कार्यक्रम शुरू हो गया। सभी साधुओं को एक एक कंबल तथा नकद भेंट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। बाबा की पवित्र कुटी में पहुंच कर बाबा की मूर्ति के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का तांता सुबह से ही लगा रहा। पूरे दिन महंत मोहन गिरी महाराज व युवा भक्तों की टीम कार्यक्रम को सफल बनाने में जुटी रही।

### श्याम वरन को मिला प्रमोशन

**महेवा, इटावा।** ब्लॉक महेवा में तैनात रहे प्रभारी सहायक विकास अधिकारी पंचायत श्याम वरन राजपूत को शासन ने पूर्ण रूप से ए डी ओ पंचायत पद पर प्रमोशन दिया है। ब्लॉक सभागार में अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका स्वागत किया। ब्लॉक सभागार में खंड विकास अधिकारी सूरज सिंह, सचिव ,सहायक विकास अधिकारी ,रोजगार सेवक ,तकनीकी सहायक व कई प्रधान मौजूद रहे।


रतनपुर में कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु।

### गांव के सभी देव स्थलों तक पहुंची कलश यात्रा

**महेवा, इटावा।** ब्लॉक क्षेत्र महेवा की ग्राम पंचायत अंदावा के मजरा रतनपुर में आयोजित श्रीरामकथा के प्रथम दिन धूमधाम से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें गांव के सैकड़ों की संख्या में महिला पुरुष शामिल हुये। कलश यात्रा श्रीरामकथा पंडाल से प्रारंभ होकर पूरे गांव के देवस्थलों तक गई। ग्राम रतनपुर में निकली कलश यात्रा को आचार्य भानु तिवारी महाराज ने विधिविधान से शुरू कराया। परीक्षित निखिल पाल व उनकी धर्म पत्नी अलका पाल पोथी सिर पर धारण करके आगे आगे चल रही थी। पीछे से सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण पीले वस्त्र धारण करके चल रहे थे। इस अवसर पर रवि पाल ,अजय पाल ,अभिषेक ,सजंय शामिल थे।



उर्वरकों की जानकारी देते क्षेत्रीय अधिकारी अजय सिंह।

### तरल जैव उर्वरकों के उपयोग की दी जानकारी

**जसवंतनगर, इटावा।** कृभको द्वारा अजनौरा में खेत दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय अधिकारी अजय सिंह ने तरल जैव उर्वरक के उपयोग की विधि एवं उसके फायदे के बारे में विस्तृत जानकारी दी। किसानों को सभी रबी फसलों के बारे में बताया। भूमि के अंदर संतुलित उर्वरक के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृभको के सभी उत्पाद जैसे भारत यूरिया, डीएपी, बीज, बायो पोटाश, कंपोस्ट, जिंक, तरल जैव उर्वरक के बारे में बताया। प्रधान मनोज यादव ने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही समितियों के कायाकल्प योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कृषक भारती सेवा केंद्र के प्रभारी अमित यादव ने जैविक खेती एवं जैविक उत्पाद की उपयोग की जानकारी दी।

# रेलमंडी में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** कस्बे के मोहल्ला रेलमंडी में बुधवार की रात एक युवक ने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। मृतक की चार दिन बाद शादी होने वाली थी।


अंकित।

अंकित कुमार उम्र 30 वर्ष की पहली शादी 2016 में हुई थी। परन्तु शराब पीने के चलते रोज लड़ाई झगड़े होते थे। उसकी ससुराल वालों ने न्यायालय में मुकदमा दायर कर रखा था। बाद में दोनों में अलगाव हो गया था। अब अंकित की दूसरी शादी ग्राम पाली थाना भरथना से तय कर दी गई थी। 19 फरवरी को उसकी बरात जानी थी। बीती रात किसी कारण वश घर के नीचे बनी दुकान में पंखे में रस्सी बाधकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। गुरुवार की सुबह जब लोग घूमने निकले तो उसका शव दुकान में लटका देखा। उसके बाद इसकी जानकारी परिजनों को हुई। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# सड़क हादसों में एक की मौत, छह घायल

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिले के अलग अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में एक युवक की मौत हो गई, जिसमें छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

**पहली** घटना इकदिल थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर गांव बिरारी के पास हुई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लालपुरा निवासी अतुल कुमार 25 वर्ष पुत्र गोविंद अपने साथी अजीत कुमार निवासी सारंगपुरा के साथ बाइक से जानवरों की खरीद फरोख्त के लिए पशु बाजार परसूपुरा गया था। वहां से दोनों इटावा लौट रहे थे। बिरारी गांव के सामने हाईवे पर पीछे से आ रही डीसीएम ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरों ने अतुल को मृत घोषित कर दिया और अजीत को उपचार के लिए भर्ती कर लिया। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग भी अस्पताल पहुंचे। शव को देख परिवार में कोहराम मच गया।

### टायर फटने से पलटा लोडर

**महेवा, इटावा।** थाना बकेवर क्षेत्र के अंतर्गत उझियानी हाईवे पर धान की भूसी लेकर जा रहा लोडर टायर फटने से अंसतुलित होकर पलट गया। जनपद मैनपुरी के किरथुआ थाना करहल निवासी गिरेंद्र कुमार अपने लोडर पर औरैया से चोखर धान की भूसी लादकर किरथुआ ले जा रहे थे। उनके साथ भूसी मालिक किशोरी लाल भी थे। उझियानी के निकट अचानक टायर फटने लोडर पलट गया , जिसमें दोनों लोग घायल हो गए तथा भूसी सड़क पर बिखर गई। चौकी प्रभारी मोहनवीर सिंह मय हमराह के पहुंचे व घायलों को सी एच सी में भर्ती कराया।

दूसरी घटना जसवंत नगर थाना क्षेत्र में हाईवे पर कुरसेना के पास हुई जहां बाइकों की भिड़ंत में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। कानपुर देहात के मंगलपुरा थाना क्षेत्र के गांव पराउख निवासी मुकेश कुमार अपनी पत्नी सोनी के साथ बाइक से दिल्ली जा रहे थे। जब वह कुरसेनाके पास पहुंचा तभी आगे जा रहे बाइक सवार राहुल निवासी नगला केहरी ने अपनी बाइक अचानक मोड़ दी जिससे दोनों बाइकें टकरा गई जिसमें तीनों लोग घायल हो गए। सभी को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। तीसरी घटना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव कुनैरा के पास हुई। जहां चार पहिया वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मुकेश चौधरी निवासी वैदपुरा घायल हो गया। कोकपुरा शाला के पास ललिता चौरसिया निवासी जसवंतनगर को बाइक से सवार ने टक्कर मार दी।

● **घायलों को जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती**

# बच्चों को समझाया पानी का महत्व

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के स्कूलों के बच्चों को जल ज्ञान यात्रा के माध्यम से पानी का महत्व समझाया गया तथा जल संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों से जल संरक्षण जैसे मुद्दे पर स्वयं जागरूक होकर दूसरों को भी जागरूक करने का आह्वान किया गया। स्कूली बच्चों को जल संरक्षण के कार्यक्रम के तहत पेयजल योजना पर पानी टंकी, पंप हाउस का भ्रमण करा कर स्वच्छ पेयजल की उपयोगिता समझाई।

गुरुवार को नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की ओर से जल ज्ञान यात्रा का आयोजन किया गया। बच्चों को बताया गया कि जल को संरक्षित करना जीवन में कितना जरूरी है। स्कूली बच्चों ने इस यात्रा में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और जल जांच की उपयोगिता जानी। घर-घर पहुंचाई जा रही पेयजल सप्लाई की प्रक्रिया को ग्राम पेयजल योजना पर जाकर समझा। पानी की टंकी और पंप हाउस को नजदीक से देखा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर जल ज्ञान यात्रा का उद्घाटन किया। इटावा में पहली बार आयोजित जल ज्ञान यात्रा में सरकारी स्कूल के बच्चों ने भाग लिया।


बच्चों को पानी का महत्व समझाते समंवयक मनोज धाकरे। अमृत विचार

● **जल संरक्षण के बारे में भी किया गया जागरूक**

इस यात्रा के दौरान जल निगम ग्रामीण प्रयोगशाला में बच्चों को ले जाया गया। जहां उनको जल परीक्षण करके दिखाया गया। बच्चों ने भी अपने हाथों से जल परीक्षण किया। उनको जल जांच की उपयोगिता बताई गई। स्कूली बच्चों ने जल निगम अधिकारियों से कई सवाल किये जिसके उनको उत्तर भी मिले। इसके बाद उनको नगला शुकुल ग्राम पेयजल योजना, विकास खण्ड- महेवा का भ्रमण कराया गया। यहां उनको गांव-गांव में दी जा रही पानी सप्लाई की प्रक्रिया दिखाई गई। हर घर जल योजना की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में जिला समन्वयक मनोज धाकरे, सहायक अभियंता जल निगम सत्यप्रकाश, जिला समंवयक जल निगम विजय कुमार मौजूद रहे।

# मारपीट में घायल युवक की मौत

**जसवंतनगर, इटावा।** कस्बे के छिमारा रोड पर रिसोर्ट में विवाह समारोह में दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। ट्रामा सेंटर में इलाज के दौरान गुरुवार की सुबह उसकी मृत्यु हो गई।

शिकोहाबाद के ग्राम मलिखानपुर निवासी रामवीर सिंह ने बताया कि बुधवार शाम करीब साढ़े सात बजे वह गांव के ही अमर सिंह के पुत्र शिवा की बारात में जसवंतनगर पुत्र देशदीप कुमार, कुलदीप कुमार व चाचा माणिक चंद्र के पुत्र रिंकू और भतीजा पंकज के साथ आये थे। भोज के समय गांव के सुमित कुमार के साथ यशपाल और यशपाल, के साथ दो अज्ञात लोगों ने उनके पुत्र देशदीप कुमार के साथ मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। सोने की जंजीर व अंगूठी समेत पर्स में रखे 5 हजार रुपये लूट लिया। घायल को शिकोहाबाद सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से फिरोजाबाद ट्रामा सेंटर में रिफर कर दिया। गुरुवार सुबह देशदीप कुमार की मौत हो गई।


विहान श्रमिक आवासीय विद्यालय में बालिकाओं के साथ तुलसी की पदाधिकारी। अमृत विचार

# स्वास्थ्य पर ध्यान दें बालिकाएं

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** भारत विकास परिषद इटावा तुलसी ने विहान श्रमिक आवासीय बालिका विद्यालय में हवन पूजन कर हर्षोल्लास के साथ वसंतोत्सव मनाया। बालिकाओं को कुपोषण एवं एनीमिया मुक्त रहते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने की प्रेरणा मातृशक्ति प्रांत संयोजिका डा. सीमा चौहान ने सिखाई। परिषद के प्रकल्प के अंतर्गत बेटियों को आत्म निर्भर एवं हुनर मंद बनाने के लिए सिलाई, कढ़ाई एवं आर्ट क्राफ्ट से संबंधित कुछ विशेष जानकारी जौली यादव ने दी। उनसे प्रेरणा लेकर बच्चों ने बहुत ही सुंदर आकर्षक फूलों के गुलदस्ते अपने हाथों से बनाकर अतिथियों को प्रदान किये। जिसमें सर्वश्रेष्ठ वैष्णवी एवं साधना को तुलसी शाखा ने पुरस्कृत किया। प्रांतीय महिला संयोजिका नीलिमा चौधरी ने कहा कि बेटियों को माता-पिता एवं गुरुजनों की आज्ञा का पालन एवं सदैव कुछ सीखने की इच्छा जागृत बनाए रखना की सीख दी। प्रतियागिता में विद्यालय की रश्मि ने प्रथम, वैष्णवी ने द्वितीय एवं मोहिनी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका नीतू सिंह एवं मौसमी पाल ने निभाई। प्रधानाचार्य एवं तुलसी सदस्य राजेश सिंह ने कहा कि निश्चित ही इस विद्यालय की बच्चियां आगे चलकर समाज और राष्ट्र का नाम रोशन करेंगी। विद्यालय की प्रधानाचार्य प्रतिमा सिंह ने अतिथियों का स्वागत वंदन किया। कार्यक्रम का संचालन पंकज कुमार सिंह चौहान ने किया एवं आभार सचिव अंजू चौधरी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रीतम खन्ना, अनीता सिंह, मंजू सिंह, नीरज, दिनेश कुमार, सुधाकर सिंह, सुमन लता, सुकर्मा वर्मा, रमन यादव, नीलम एवं आकांक्षा का सराहनीय सहयोग रहा।

● **भारत विकास परिषद ने किया हवन पूजन**

# संदिग्ध हालात में महिला की मौत

**सैफई, इटावा।** क्षेत्र के गांव गींजा में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के भाई ने ससुरालीजनों पर जहर देकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव गींजा के सुशील कुमार की पत्नी राधा 40 का शव संदिग्ध हालात में बुधवार की शाम को घर के बाहर पड़ा मिला। शव मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इस बीच परिजन घर से फरार हो गए। मृतका के बच्चे मौजूद थे। उन्होंने पुलिस को बताया मम्मी पापा में झगड़ा होता था। मृतका के भाई रंजीत व विक्रम भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि 2004 में सुशील के साथ हमारी बहन रूबी की शादी हुई थी। तीन साल बाद उसकी बीमारी से मौत हो गई तो हम लोगों ने दूसरी बहन राधा की सुशील के साथ 2007 में शादी कर दी। सुशील शराब पीने का आदी हो गया और मारपीट करता था।

# परिवार सोता रहा, चोर समेट ले गए जेवरात

संवाददाता ऊसराहार, इटावा

**अमृत विचार।** मकान की दूसरी मंजिल पर परिवार सोता रहा और चोर जेवरात सहित भांजी की शादी के लिए रखे पचास हजार रुपये चुरा ले गए। चोरों ने एक ही रात में दो मकानों को निशाना बनाकर सनसनी फैला दी। परिजनों ने पड़ोसी पर चोरी का आरोप लगाया है।

कस्बा ऊसराहार में किशनी मार्ग पर हरी बाबू शर्मा अपने परिवार के साथ मकान की ऊपर वाली मंजिल पर सो रहे थे, चोरों ने मकान के पिछली दीवार पर सीढ़ी लगाकर मकान के अंदर प्रवेश कर गये और जेवरात व रुपये पार कर दिए परिजनों को जानकारी सुबह तब हुई जब कमरे का दरवाजा खुला देखा। हरी बाबू ने बताया चोरों ने बताया कि सोने जेवरात समेत पचास हजार रुपये भी चोरी कर लिए हैं। उन्होंने बताया उनकी भांजी उनके ही पास रहती है जिसकी 11 मार्च को शादी है शादी के लिए ही रुपये रखे थे। चार पांच दिन पहले ही पड़ोसी से झगड़ा हुआ था, लगता है उसी ने चोरी की है। चोरों ने इसी मार्ग पर सत्यनारायण शर्मा के मकान को भी निशाना बनाया इस मकान में दो शिक्षक किराये पर रहते हैं जिनमे प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक विजेंद्र के कमरे में चोरों को कुछ नहीं मिला दूसरे शिक्षक श्याम मिलन जो राजकीय विद्यालय गुंदेला में पढ़ाते हैं उनके कमरे से दो हजार रुपये चोरी कर ले गए।

● **कस्बा में दो मकानों में चोरी से फैली सनसनी**

आयोजन

**कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने नारी वंदन कार्यक्रम में लिया भाग**

# नारी शक्ति के योगदान के बिना देश का विकास नहीं

संवाददाता जसवंतनगर, इटावा

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने कहा कि स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को सबला बनाने का कार्य किया जा रहा है। नारी शक्ति के योगदान के बिना देश का विकास नहीं हो सकता है। नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम शुरू कर आधी आबादी के माध्यम से भारत को विश्व गुरु बनाने का प्रयास जारी है।

कैबिनेट मंत्री यहां ब्लॉक मुख्यालय पर शक्ति वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत देश में नारी को पूज्य माना गया है। उन्होंने कहा कि समूहों के जरिए महिलाओं को लखपति दीदी भी बनाया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की जमकर तारीफ की। प्रभारी मंत्री को भाजपा जिला मंत्री राजकमल यादव प्रधान ने पीतल से निर्मित भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट की।


कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी नारायण को प्रतिमा भेंट करते राजकमल यादव। अमृत विचार

उन्होंने प्रेम हेल्प एंड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा नगर में गठित व संचालित डॉ.भीमराव आंबेडकर स्वयं सहायता समूह की शिवानी कुमारी के अलावा स्मृति समूह की सुमन, राधा कृष्ण समूह की अर्चना, ठाकुर जी समूह की आशा देवी, कृष्ण जी समूह की श्वेता, किशोरी जी समूह की शोभा देवी, शंभू स्वयं सहायता समूह की सुधा देवी, जय महाकाल समूह की सोनी तिवारी व सुतीक्षा स्वयं सहायता समूह की कुसुम कुमारी तथा सिटी कोऑर्डिनेटर सुनीता को उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए प्रमाण पत्र व शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव राजपूत, जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बिरला शाक्य, रजत चौधरी, मुकेश यादव,राजकमल यादव, अजय बिंदु यादव, विवेक शाक्य, जॉनी राघव, प्रेम बाबू राजपूत, विकास भदौरिया आदि कई भाजपा नेता मौजूद रहे।



सम्मानित होने वाले प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

# प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों को मिले गोल्ड मेडल

**महेवा, इटावा।** शासन के निर्देशानुसार परिषदीय स्कूलों में मनाए गए वार्षिकोत्सव व अभिभावक संघ की गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाले ग्राम उझियानी के प्राथमिक स्कूल ,उच्च प्राथमिक स्कूल व रजपुरा स्थित प्राथमिक स्कूल के बच्चों को ग्राम प्रधान ने गोल्ड मेडल देकर सम्मानित किया।

बच्चों ने खेलकूद ,सांस्कृतिक कार्यक्रम ,राष्ट्र भक्ति के गीतों आदि कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया था। जिसमें उच्च प्राथमिक उझियानी स्कूल के 50 बच्चे ,प्राथमिक स्कूल उझियानी के 22 बच्चे व प्राथमिक स्कूल रजपुरा के 12 बच्चे पुरस्कृत हुए। जिसमें सभी बच्चों को ग्राम प्रधान उझियानी देवेंद्र कुमार दोहरे के द्वारा सभी प्रतिभागियो को गोल्ड मेडल प्रदान किया। अतिथि के रूप में पूर्व शिक्षक अनिल कुमार दुबे ,युवक समिति अध्यक्ष राजेश दुबे ,प्रधानाध्यापक नरेंद्र यादव , माया राणा ,परशुराम ,संघप्रिय ,डॉ मनोज कुमार , निधि गुप्ता ,कीर्ति सिंह , अनुराधा चतुर्वेदी , आयुषी पाल ,गौरव तिवारी , संजीव पाण्डेय ,सुरेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# बोर्ड परीक्षा : 15 मार्च तक धारा 144 लागू रहेगी

## जिले में 17 व 18 फरवरी को होगी पुलिस भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट नेहा प्रकाश ने जनपद में 15 मॉर्च तक के लिए धारा 144 लागू कर दी है। ये निर्णय 17 फरवरी व 18 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा एवं दिनांक 22 फरवरी 2024 से हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा आदि को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में कानून व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किया गया है। यह निषेधाज्ञा जनपद के संपूर्ण क्षेत्रों में दिनांक 15 मार्च 2024 तक लागू रहेगी। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आदेश का उल्लंघन करने वाला व्यक्ति धारा-188 के अंतर्गत दंड पाने का भागी होगा।

जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि इस धारा के प्रभावी होने के कारण किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा। कोई भी रैली, जुलूस, आम सभा उप जिला मजिस्ट्रेट औरैया/बिधूना/अजीतमल की अनुमति के बिना आयोजित नहीं करेगा। केवल शव यात्राएं इस प्रतिबंध से मुक्त रहेंगी। कोई भी व्यक्ति रेल अथवा सड़क यातायात के संरक्षण में बाधा उत्पन्न एवं रोड जाम नहीं करेगा। जिससे परीक्षा के समय छात्र - छात्राओं को आवागमन में असुविधा हो।

कोई भी व्यक्ति परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 100 मीटर की परिधि में फोटो कापी की दुकान, साइबर कैफे, जनसेवा केन्द्र, पुस्तक भण्डार आदि नहीं खोलेगा। जनपद में कोई भी ड्रोन कैमरा का प्रयोग सक्षम अधिकारी अनुमति प्राप्त किये बिना नहीं करेगा, किन्तु सुरक्षा एजेंसियां इससे मुक्त रहेंगी।

**ये बातें रहेंगी प्रतिबंधित:** जिलाधिकारी ने बताया कि धार्मिक स्थल, व्यावसायिक संस्थान, शैक्षिक संस्थान, न्यायालय व परीक्षा केंद्रों के आसपास 100 मीटर की परिधि में ध्वनि विस्तारण यन्त्रों का प्रयोग पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा। कोई व्यक्ति सोशल मीडिया की किसी भी साइट्स पर परीक्षा से सम्बन्धित कोई अफवाह नही फैलायेगा। कोई भी नई परम्परा अथवा जुलूस आदि के नये रास्ते कदापि न अपनाये जाये और न ही जुलूस/कार्यकम के दौरान लोक व्यवस्था के प्रतिकूल आपत्तिजनक एवं अवैधानिक गतिविधियां की जायें। कोई भी व्यक्ति किसी भी परीक्षा की सुचिता को प्रभावित नही करेगा और न ही कोई ऐसा कृत्य करेगा, जिससे उक्त परीक्षा प्रभावित हो। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी जाति, संप्रदाय, वर्ग विशेष एवं धार्मिक मुद्दों को बढ़ा चढ़ाकर प्रस्तुत नहीं करेगा, जिससे किसी वर्ग विशेष में आक्रोश एवं सांप्रदायिक उन्माद को बढ़ावा मिले। कोई व्यक्ति मंदिर/ मस्जिद एवं अन्य किसी धार्मिक स्थल पर शस्त्र लेकर प्रवेश नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति बिना लाइसेंस तेजाब व अन्य कोई पदार्थ जो विस्फोटक सामग्री की श्रेणी में आता है का संग्रह, जिसका प्रयोग लोक व्यवस्था/शांति, कानून व्यवस्था को प्रभावित करने के लिए हो सकता है, अपने भवनों में या अन्य स्थानों पर कहीं जमा नहीं करेगा और न ही रखेगा। कोई भी व्यक्ति/संगठन द्वारा ऐसा कोई कार्यक्रम सार्वजनिक / निजी स्थल पर आयोजित नहीं किया जायेगा, जिससे किसी जाति/पथ/संगठन/धर्म के अनुयायिओं / व्यक्तियों की भावनाओं को आघात पहुंचे और साम्प्रदायिक / धार्मिक उन्माद की स्थिति उत्पन्न हो।

### 13968 परीक्षार्थी देंगे पुलिस की परीक्षा


डीएम नेहा प्रकाश।

**औरैया।** उत्तर प्रदेश पुलिस की आरक्षी सीधी भर्ती लिखित परीक्षा को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी मुस्तैदी से जुटा हुआ है। 17 एवं 18 फरवरी को जिले के 27 परीक्षा केंद्रों पर 13968 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इसको लेकर प्रशासनिक अधिकारी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर सब चुस्त-दुरुस्त कर रहे हैं। पुलिस भर्ती परीक्षा दो पालियों में संपन्न होगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे व द्वितीय पाली में दोपहर तीन बजे से पांच बजे तक परीक्षा संपन्न होगी। परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए नौ सेक्टर मजिस्ट्रेट व 33 स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। 27 केंद्रों में संपन्न होने वाली परीक्षा में 13968 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के दिन आने-जाने में अभ्यर्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। पुलिस को शहर के सभी मुख्य चौराहों, मुख्य मार्गों पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी नेहा प्रकाश व पुलिस अधीक्षक चारू निगम ने परीक्षा से जुड़े अधिकारियों व कर्मचारियों को पूरी सक्रियता से परीक्षा संपन्न कराने के निर्देश दिए हैं।



### टॉपिक को रटें नहीं, समझ कर करें परीक्षा की तैयारी

**अछल्दा, औरैया।** माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में बहुत कम समय बचा है। परीक्षा की तैयारी के लिए अब विद्यार्थियों के पास कम समय बचा है। परीक्षा में अच्छे नंबर लाने के लिए विद्यार्थी तैयारी में जुटे हैं और पढ़ाई कर रहे हैं। कम समय में बेहतर अंक पाने के लिए विषय विशेषज्ञों से बातचीत की गई तो, उनका कहना है कि विद्यार्थी रोजाना लक्ष्य तय कर पढ़ाई करें और टॉपिक को रटने के बजाए उसे समझें। तनाव मुक्त रहकर अपनी तैयारी पर फोकस बनाएं।

# ईवीएम की तर्ज पर होगी बोर्ड प्रश्नपत्रों की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- हाईस्कूल में 22637 और इंटरमीडिएट में 19680 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा शुरू होने में अभी एक सप्ताह शेष है। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए विभागीय कवायद तेज हो गई है। इस वर्ष बोर्ड के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों पर रखे गए प्रश्नपत्रों की निगरानी ईवीएम की तर्ज पर की जाएगी। बोर्ड परीक्षा में 42,317 परीक्षार्थी शामिल होंगे।

यूपी बोर्ड हाईस्कूल, इंटरमीडिएट परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होगी। बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 73 केंद्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा हाईस्कूल में 22,637, इंटरमीडिएट में 19,680 सहित 42317 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों पर रखे गए प्रश्नपत्रों की ऑनलाइन 24 घंटे निगरानी होगी। वहां नाइट विजन कैमरे लगाए जाएंगे। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए प्रधानाचार्य कक्ष से अलग एक सुरक्षित कक्ष को स्ट्रांग रूम बनाया जाएगा। जिसमें दो अलग-अलग अलमारियों की व्यवस्था होगी। पहली डबल लॉक युक्त' आलमारी में परीक्षा पूर्व प्रश्नपत्रों को रखने की व्यवस्था होगी। दूसरी अलमारी में बचे प्रश्नपत्रों व बंडल स्लिप रखे जाएंगे। स्ट्रांग रूम एवं इसमें रखी अलमारियों की निगरानी रात में भी नाइट विजन वाले सीसीटीवी कैमरे से की जाएगी। परीक्षा केंद्र पर प्रश्नपत्र व उत्तर पुस्तिका पहुंचने पर उनके स्ट्रांग रूम की रिकॉर्डिंग और संपूर्ण परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्र के परीक्षा कक्ष में लगे सीसीटीवी कैमरा की रिकॉर्डिंग कम से कम छह महीने तक सुरक्षित रखनी होगी। आवश्यकता पड़ने पर बोर्ड को उपलब्ध कराना होगा। स्ट्रांग रूम की चाबी केंद्र पर तैनात स्टेटिक मजिस्ट्रेट के पास रहेगी। डबल लॉक को स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही खोला जाएगा। परीक्षा से पूर्व पेपर लीक होने पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापक जिम्मेदार होंगे।

**बोले जिम्मेदार**

15 फरवरी शाम तक प्रश्नपत्रों की खेप आने की उम्मीद है। परीक्षा केंद्रों पर रखे गए प्रश्नपत्रों की निगरानी 24 घंटे ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। केंद्र व्यवस्थापकों को इस संबंध में गाइड लाइन जारी कर दी गई है।
**– श्याम प्रकाश, डीआईओएस**

# अजीतमल के चार केंद्र पर 7776 छात्र देंगे परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** पुलिस परीक्षा के लिए अजीतमल क्षेत्र में चार सेंटर बनाए गए हैं। इनमें एक पाली में 1944 अभ्यर्थी परीक्षा देगें। लगातार दो दिनों में दो पालियों में परीक्षा होगी।

इसमें कुल 7776 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। बुधवार को उपजिलाधिकारी, रामौतार वर्मा ने कस्बे में बनाए गए जनता इंटर कॉलेज, जनता महाविद्यालय व सिंह वाहनी महाविद्यालय आदमपुर सहित मुरादगंज स्थित जिला पंचायत इंटर कॉलेज के केंद्रों का निरीक्षण किया। जहां उन्होंने कमरों की सीसीटीवी कैमरे, आने-जाने की व्यवस्था सहित बाउंड्री वॉल आदि का बारीकी से निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी ने बताया की तहसील क्षेत्र में बनाए गए चारों सेंटरों का निरीक्षण किया गया है। अधिकांश जगहों पर तैयारियां पूरी हैं।जहां कुछ कमियां हैं, उन्हें दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।



श्री सुन्दर सिंह इंटर कालेज रामगढ़ हरचंदपुर के भौतिक विज्ञान विषय के शिक्षक सोहित यादव ने बताया कि परीक्षा की तैयारी के लिए विद्यार्थी टाइम टेबल के स्थान पर वर्क टेबल बनाएं। विद्यार्थी यह तय करें कि वह आज खास विषय का कितना भाग कवर करेंगे। लक्ष्य थोड़ा ज्यादा रखें ताकि खुद को उसके अनुसार ढाल सकें। रोजाना अपनी क्षमता बढ़ाते रहें। रोज किसी भी विषय का सैंपल पेपर या पहले साल का प्रश्नपत्र जरूर हल करें। ऐसा करने से विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा में बेहतर अंक पा सकेंगे।
**– सोहित यादव।**



श्री सुन्दर सिंह इंटर कालेज रामगढ़ हरचंदपुर के रसायन विज्ञान के शिक्षक राजेश राजपूत ने बताया कि बोर्ड परीक्षा की तैयारी करते समय किसी विषय या टॉपिक को रटने के बजाए उसे समझें। सभी विषयों को बराबर समय दें और लिखकर अभ्यास करें। पहले साल के प्रश्नपत्रों को हल करें। इससे परीक्षा में समय पर सभी प्रश्नों को हल करने में मदद मिलेगी। तनाव मुक्त होकर पढ़ाई करें और सिर्फ लक्ष्य तय कर अपनी तैयारी पर फोकस बनाए। अपने शिक्षकों के संपर्क में लगातार बने रहें। पढ़ाई में किसी तरह की कोई भी परेशानी आए तो शिक्षकों से साझा कर उसका समाधान निकालें।
**– राजेश।**

# जुकाम व जोड़ों के दर्द के बढ़ रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** लोगों को सर्दी कम होने से भले ही राहत मिलने लगी हो। लेकिन मौसम के उतार चढ़ाव से रात में तापमान कभी बढ़ जाता है और कभी गिर जाता है। तापमान में गिरावट होने से जोड़ों के दर्द के मरीज परेशान हैं।

अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ ना होने से परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग अस्पताल आते हैं। पर्चा बनवाकर लाइन में लग जाते हैं। बाद में डाक्टर न मिलने से मायूसी हाथ लगती है। संबंधित डॉक्टर उन्हें 100 शैय्या जिला अस्पताल में दिखाने की सलाह देते हैं। सर्दी के मौसम में खांसी जुकाम बुखार के अलावा जोड़ों में दर्द की प्रमुख समस्या है। बदलते दौर में युवाओं के जोड़ों में दर्द रहता है। अस्पताल में इस समय जोड़ों के दर्द से संबंधित तमाम मरीज आये।



दिबियापुर सीएचसी में लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

### अस्पताल में बड़ी संख्या में पहुंच रहे मरीज

मौसम में बदलाव के चलते अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ने लगी है। 50 शैय्या जिला अस्पताल में सोमवार को करीब 650 पर्चे बनाए गए और दिबियापुर सीएचसी में 250 से 300 तक पर्चे बन रहे हैं। पुराने पर्चे सहित करीब 700 मरीज रोज पहुंच रहे हैं। मौसम खुलने से भर्ती मरीजों की संख्या भी बढ़ने लगी है।

## घर में घुस कर की मारपीट, मुकदमा दर्ज

**अछल्दा, औरैया।** थाना कस्बा के हरीगंज बाजार निवासी विनय कुमार पुत्र श्री रामप्रकाश ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि बीते दिनों शाम के समय करीब 7.30 बजे प्रार्थी का छोटा भाई शिवम यादव पुत्र श्री राम प्रकाश घर पर अकेला था। तभी अचानक सत्य प्रकाश उर्फ बन्टू पुत्र रामनारायन निवासी रुपपुर एंव साथ में मनोज यादव निवासी महेवा बस स्टैंड के पास अछल्दा ने गाली-गलौज करते हुये शिवम की अन्दर घुस कर घर में लाठी-डंडों से मारपीट की। जिससे शिवम को गंभीर चोटें आयी हैं। थानाप्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# अधर्म से दूर रहने की प्रेरणा देती है भागवत

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** गुरुवार को सरैया भिखरा गांव के शिव मंदिर पर चल रही श्रीमद् भागवत कथा में श्री वृंदावन धाम मथुरा के भागवताचार्य पं. सुदीप कृष्ण महाराज ने कथा प्रवचन करते हुए कहा कि भागवत कथा हमें अधर्म से दूर रहने के साथ उत्तम जीवन जीने की प्रेरणा देती है।

उन्होंने कहा परमात्मा की लीला सांसारिक लोगों की समझ से परे है। ईश्वर जिस समय अपनी लीला का प्रदर्शन करते हैं तब सतोगुण के देवता विष्णु राजोगण के देवता ब्रह्म व तमोगुण के देवता रुद्र आदि द्वारा स्वर्ग का दृश्य उत्पन्न होता है। भगवताचार्य पंडित सुदेश कृष्ण महाराज ने कहा कि वेद शास्त्रों की आधारशिला है उनके अपनाने से सामाजिक आर्थिक लौकिक पारलौकिक सभी प्रकार की उन्नति के साथ सुख शांति भी मिलती है। उन्होंने कहा की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए मानव को सद्कर्म करने की जरूरत होती है।

भगवताचार्य ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा के श्रवण मात्र से मानव के समस्त पाप धुल जाते हैं और इस कलयुग में श्रीमद् भागवत कथा मानव के कल्याण का सबसे सुलभ सरल साधन है।


कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

### भागवत कथा सुनने से मिलती है मुक्ति : जागेश्वर चैतन्य

**अछल्दा, औरैया।** क्षेत्र के रमनगरा गांव में चल रही भागवत महापुराण यज्ञ के तीसरे दिवस पर स्वामी जागेश्वर चैतन्य ने गुरुवार को भगवान श्री कृष्ण एव राजा हरिश्चन्द्र की कथा सुनाई कहा कि राजा हरिश्चंद्र बहुत बड़े दानी थे। जा हरिश्चंद्र ने सपने में अपना पूरा राज दान कर दिया था। जब राजा हरिश्चंद्र सुबह जागे मन में सोचा कि मैंने सपने में अपना पूरा राज पाठ दान कर दिया है, यह राज्य किसको दिया जाए। उसी समय विश्वामित्र उनके राज महल में आए राजा हरिश्चंद्र ने भोजन कराया और कहा हे गुरु आज मैंने रात में अपना पूरा राज्य पाठ दान कर दिया है मेरा पूरा राज पाठ आप ही ले लीजिए विश्वामित्र ने राजा हरिश्चंद्र का पूरा राज्य पाठ स्वीकार कर लिया था।

# डीबीए चुनाव : पहले दिन 23 वकीलों ने भरे पर्चे

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- नामांकन का आज अंतिम दिन 529 मतदाता वकील 23 को डालेंगे वोट

**अमृत विचार।** जिला बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन के प्रथम दिन विभिन्न पदों के लिए कुल 23 वकीलों ने पर्चे भरे हैं।

महत्वपूर्ण अध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार कुलदीप दुबे एवं संजीव चतुर्वेदी छुन्ना ने तथा महामंत्री पद पर केवल शिवेन्द्र सिंह सेंगर ने प्रथम दिन पर्चे दाखिल किए हैं। नामांकन के प्रथम दिन डीबीए चुनाव की एल्डर्स कमेटी के सदस्य हृदयनारायण पांडेय, सुरेश कुमार मिश्रा, अरूण कुमार चतुर्वेदी, अमर सिंह सेंगर, अंकुर अवस्थी व शिवम शर्मा ने मीटिंग हाल में नामांकन प्रक्रिया शुरू कराई गई। कमेटी के कुल 23 पदों के लिए 23 फरवरी को मतदान होना है। इस चुनाव में 529 मतदाता वकील हिस्सा लेंगे।

# राशन डीलर का चुनाव सकुशल संपन्न

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

**अमृत विचार।** विकासखंड के ग्राम पंचायत गोहानी खुर्द में राशन डीलर का चुनाव सकुशल संपन्न हुआ।

इस चुनाव में तुलसी माता स्वयं सहायता समूह और जय गुरुदेव स्वयं सहायता समूह के बीच टक्कर का चुनाव रहा। जिसमें तुलसी माता स्वयं सहायता समूह को 222 मत जबकि जय गुरुदेव स्वयं सहायता समूह को 237 मत मिले। इस प्रकार राशन डीलर के चुनाव में जय गुरुदेव स्वयं सहायता समूह 15 वोटो से विजयी घोषित कर दिया गया। राशन डीलर के चुनाव में पुलिस फोर्स मुस्तैद रही। एक बार पूर्व में चुनाव अपरिहार कारणों से निरस्त होने के बाद पुलिस फोर्स भारी संख्या में लगाया गया था। लोगों का मानना है कि पुलिस प्रशासन के होते चुनाव सफल रहा। इस मौके पर ग्राम क्षेत्राधिकारी राम मोहन शर्मा, कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह, चुनाव टीम में गवेंद्र पाल, रवि यादव, योगेंद्र आदि रहे।


चुनाव के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

## दो पक्षों में जमकर मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सराय अमिलिया में दो पक्षों में हुई मारपीट में ब्रह्मवती पत्नी शंभूदयाल 70 वर्ष को चोट लगी है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि भोगीलाल पुत्र मातादीन व सुनील कुमार, अनिल कुमार, सुशील व दिनेश पुत्रगण भोगीलाल तथा आयुष कुमार पुत्र सुनील कुमार आदि लोगो ने गाली-गलौज व लाठी डंडों से मारपीट करने का आरोप लगाया। कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि दोनो पक्षों से तहरीर प्राप्त हुई है। जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# अपहरण व दुष्कर्म में तीन को 10 वर्ष का कारावास

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** विषेष न्यायाधीश पॉक्सो अधिनियम मनराज सिंह ने थाना एरवाकटरा क्षेत्र से सात वर्ष पहले एक किशोरी का अपहरण व दुष्कर्म के तीन आरोपी अन्नू उर्फ अनिल कुमार, रोहित व जीतू को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है।

मामले की अभियोजन की ओर से पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा, विषेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेन्द्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने बताया कि वादी ने लिखा कि उसकी भतीजी 19 अप्रैल 2017 की शाम अपनी सहेली के साथ ऊसरपाटी मेला देखने गई थी। लोगों से जानकारी मिलने पर वादी ने अन्नू, रोहित व जीतू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। जज मनराज सिंह ने तीनों दोषी अन्नू उर्फ अनिल कुमार, रोहित व जीतू को 10-10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई, सभी पर 25-25 हजार रूपए अर्थदंड भी लगाया।

**अभियान** पाइपलाइन अधिनियम के अंतर्गत इससे छेड़छाड़ एवं नुकसान पहुंचाने पर आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा का प्रावधान

# हिंदुस्तान पेट्रोलियम व इंडियन आयल ने बताए सुरक्षा उपाय

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** गुरुवार को तिरंगा मैदान ककोर मुख्यालय पर इंडियन ऑयल व हिंदुस्तान पेट्रोलियम की रेवाड़ी से कानपुर पाइप लाइन पर जिला मुख्यालय के निकट मॉक ड्रिल किया गया। यह लाइन दिबियापुर से औरैया जनपद होकर गुजरती है। पेट्रोलियम टीम ने मॉक ड्रिलिंग में बिजली विभाग के द्वारा पोल लगाने के लिए गड्ढा करते समय यदि लीकेज हो जाता है। उसकी जानकारी सबसे पहले थाना स्तर पर दी जाती है । जानकारी होने पर संबंधित अधिकारियों को दी जाती है। जहां भी पाइप लीकेज हो उस जगह पर ना जाएं। उसे दूरी बनाकर रखें क्योंकि आग लग सकती है और कोई बहुत बड़ा हादसा भी हो सकता है । टेक्निकल टीम द्वारा लीकेज को बंद करके सिखाया गया। टीम ने बताया कि लीकेज होने की वजह से आग लग गई थी जो फायर ब्रिगेड की गाड़ी से बुझाई गई। कार्यक्रम में एडीएम महेंद्र पाल सिंह ने बताया कि मॉक ड्रिल करते समय मुझे कुछ और चीजों का ध्यान रखना चाहिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक महोदय चारू निगम सीएमओ सुनील कुमार वर्मा व प्रधान मोहित सिंह बूढ़ा दाना सुमित पाल ककोर महावीर प्रधान सहित आसपास क्षेत्र के प्रधान , क्षेत्रीय लोग उपस्तिथि रहे।

**लीकेज की दशा में क्या न करें**

यदि लाइन लीक हो रही है तो प्रभावित क्षेत्र के नजदीक न जाएं रिसाव की जगह अग्नि का कोई समान तथा मोबाइल न हो तेल की जांच करने का प्रयास न करें। तेल संग्रह करने की कोशिश न करें और अफवाह न फैलाएं। पेट्रोलियम एवं मिनरल पाइप लाइन अधिनियम 1962 की धारा 9 के अंतर्गत 60 फीट चौड़े क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य खुदाई बिजली के खंभे अथवा ट्रांसफार्मर लगाना बोरिंग करना वर्जित है। पेट्रोलियम एवं मिनरल्स पाइपलाइन अधिनियम के अंतर्गत इससे छेड़छाड़ एवं नुकसान पहुंचाने वाले व्यक्ति को आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा हो सकती है। पाइप लाइन क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति या वाहन संदिग्ध स्थिति पाए जाने पर उसे गिरफ्तार किया जा सकता है। यदि इस प्रकार की समस्या दिखाई देती है तो नियंत्रक कक्षा या नजदीकी पुलिस को तुरंत सूचना दें, औरैया कंट्रोल रूम 9454417385 पर सूचित करें।


मॉक ड्रिल के दौरान अभ्यास करते फायरकर्मी। अमृत विचार


पुल का सर्वे करते अधिकारी। अमृत विचार

### सिंचाई विभाग ने किया नहर पुल का सर्वे

**अछल्दा, औरया।** वर्षों पुराने नहर पुल की सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा नापतौल की गई। हाइटगेज लगने के बाद बड़े वाहनों का निकलना पुल से बंद हो गया है। गुरुवार दोपहर में सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता दिनेश कुमार द्वारा पुल की लम्बाई एवं चौड़ाई की नापतौल की गयी। विदित हो कि कस्बा से निकली निचली नहर गंग के ऊपर करीब 168 वर्ष पहले नहर पुल बनाया गया था। इस पुल से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में छोटे एवं बड़े वाहनों का आवागमन लगातार जारी रहा। लेकिन पुल की हालत दिन प्रतिदिन जर्जर होती चली गई, जिससे भारी वाहनों का पुल से आवागमन पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया है।

# मनरेगा सोशल ऑडिट टीम के सदस्यों का हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

- कहा, सरकार ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है

**अमृत विचार।** विकास खंड औरैया व अजीतमल की ग्राम पंचायतों के लिए मनरेगा सोशल आडिट टीम के सदस्यों के चयन के लिए गुरुवार को विकासखंड कार्यालयों पर चयन समिति द्वारा औरैया ब्लॉक में पहुंचे 44 आवेदकों का साक्षात्कार लिया गया। जिसमें चयन समिति द्वारा कुल 28 लोगों का चयन किया गया। वहीं विकासखंड अजीतमल में 39 आवेदकों ने साक्षात्कार में भाग लिया, जिसमें भी 28 अभ्यर्थी चयनित हुए।

मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर, करुणापति मिश्र, खंड विकास अधिकारी निर्मल कुमार, मनवीर सिंह राजपूत, सरोवर कुमार, अभिषेक सिंह राजावत, पवन गुप्ता, हरगोविंद सिंह सेंगर, राघवेंद्र प्रताप सिंह गौर आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे। टीम सदस्यों के चयन के उपरांत संबोधित करते हुए मनरेगा सोशल ऑडिट की जिला समन्वयक विद्या सिंह सेंगर ने कहा कि सरकार ने मनरेगा सोशल ऑडिट के लिए सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों का चयन कराकर जो निष्पक्ष गुणवत्तापूर्ण मनरेगा सामाजिक अंकेक्षण की मंशा बनाई है। चयनित सोशल ऑडिट टीमों के सदस्यों की जिम्मेदारी है कि वह पूर्ण मनोयोग से सरकार की मंशा की कसौटी पर खरा उतरने का भरसक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि भले ही ऑडिट टीम के सदस्यों के लिए किसी बड़े पारिश्रमिक की तो व्यवस्था नहीं है लेकिन फिर भी सरकार ने उन्हें बहुत बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है।

## वृद्धाश्रम में समाजसेवियों ने बांटे फल

**औरैया।** हैप्पी माधव वृद्धा आश्रम आनेपुर में समाजसेवियों ने फल वितरण किए तथा बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर उन्हें नमन किया इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी धीरेंद्र पांडे ने कहा बुजुर्गों की सेवा का करना पुण्य का कार्य है। इनकी छांव में ही जन्नत है।

इन्होंने अपनी जवानी बच्चों की सेवा में गुजारी है, लेकिन बच्चे उनकी सेवा ना करके उन्हें वृद्धाश्रम में छोड़ गये । आगामी पीढ़ी यदि संस्कारिक होना चाहती है तो अपने मां-पिता की सेवा करना सीखे, तभी हमारा जीवन धन होगा, अन्यथा जीवन बेकार कर लेंगे। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी योगाचार्य अनिल राजपूत ने कहा माता-पिता ही हमारे साक्षात देवी- देवता हैं, उनकी सेवा करना ही देवी देवताओं की सेवा करना है।

## एक नजर

### अन्नदाता का अपमान सरकार को पड़ेगा भारी : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार सत्ता और तकनीक का नकारात्मक इस्तेमाल कर रही है। किसानों की मांगों को मानने के बजाय उन पर आंसू गैस के गोले दागकर लाठियां बरसायी जा रही है। अन्नदाता का अपमान सरकार को बहुत भारी पड़ेगा। पार्टी मुख्यालय द्वारा गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों से कई झूठे वादे किए, बड़े-बड़े सपने दिखाए। भाजपा के झूठे वादों से किसानों के सब्र का बांध टूट चुका है। किसानों को अब भाजपा सरकार के झूठे वादे नहीं चाहिए। भाजपा किसान के हितों के बजाय पूंजीपतियों के हितों का संरक्षण कर रही है। किसान को बिचौलियों का बंधक बनाकर रखना चाहती है। सपा प्रमुख ने कहा कि देश का किसान अब एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाएगा।

# समाज सेवा को लेकर उद्योग घराने करेंगे कई घोषणाएं

जीबीसी

## समाज की जिम्मेदारी उठाने को लेकर अरबों का फंड जुटाने की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राज्य सरकार ने बनाई गरीबों की मदद को लेकर नायाब कार्य योजना
- कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद करेगी शीर्ष अधिकारियों की टीम

**अमृत विचार :** राज्य सरकार ने जीबीसी के दौरान 10.15 लाख करोड़ के करीब 15 हजार निवेश प्रस्तावों को धरातल उतारने के साथ उद्योग घरानों से गरीबों की मदद के लिए भी एक नायाब कार्य योजना तैयार की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों को भी आमंत्रित किया गया है, जिनसे शासन के शीर्ष अधिकारियों से संवाद करके समाज की जिम्मेदारी से जुड़ी कार्य योजनाएं साझा करेंगे। उम्मीद है कि कुल लाभ पर दो फीसदी सीसीआर के रूप में दिग्गज कंपनियों के पास हर साल अरबों की धनराशि से राज्य को बड़ा फंड हासिल होगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 फरवरी से आयोजित तीन दिनी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दूसरे दिन कॉर्पोरेट्स के सीएसआर प्रमुखों से संवाद के लिए हाल तैयार हो रहा है। कई विभागों ने उद्योग घरानों को सीसीआर फंड देने के लिए कार्ययोजना तैयार की है। समाज सेवा पीपीटी समेत आडियो-वीडियो प्रदर्शन के साथ जरूरत पड़ने पर लाइव जोड़ने की भी पूरी तैयारी है।

दअरसल, भारत में कंपनी (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व नीति) संशोधन नियम- 2022 कंपनियों को सामाजिक उत्तरायित्व से जोड़ता है। इसके लिए कंपनियों को मौजूदा वित्तीय वर्ष से पहले के तीन वित्तीय वर्षों से अपने औसत शुद्ध लाभ का कम से कम 2 प्रतिशत सीएसआर के जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़ी पहल पर खर्च करना होता है। ज्यादातर प्रतिष्ठित कंपनियां सीएसआर के तहत करोड़ों रुपए सामाजिक सरोकार से जुड़ी पहलों पर खर्च करते हैं।

### छह विभागों के शीर्ष अधिकारी देंगे प्रजेंटेशन

20 फरवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में जीबीसी में सक्रिय प्रतिष्ठित राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों के बीच संगोष्ठी के दौरान सीधे संवाद होगें। महिला एवं बाल विकास, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास, राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, दुग्धशाला विकास विभाग और खेल विभाग के शीर्ष अधिकारी प्रदेश में सीएसआर से जुड़े विभिन्न प्रोजेक्ट्स से अवगत कराएंगे। साथ ही सीएसआर उद्देश्यों के अनुरूप सरकार की ओर से उठाए जा रहे कदमों से भी कॉर्पोरेट्स को परिचित कराएंगे।



इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की तैयारी को लेकर बनायी जा रही मुख्य सड़क। अमृत विचार

## आईजीपी की मुख्य सड़कें बना रहा एलडीए

**अमृत विचार, लखनऊ :** ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान (आईजीपी) को सजाया और संवारा जा रहा है। लखनऊ विकास प्राधिकरण की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। गुरुवार को एलडीए ने आईजीपी की मुख्य सड़कों को बनाने का काम शुरू कर दिया। मेहमानों के स्वागत में प्रतिष्ठान को जगह-जगह फूलों और लाइटिंग से सजाया जा रहा है। प्रवेश द्वार पर उद्यान विभाग ने वर्टिकल गार्डेन लगाकर रंग-बिरंगे फूलों से सजाया है। इसके अलावा गमले और पौधे भी लगाए हैं। बिल्डिंग और गमलों को भी पेंट किया गया है। इसके लिए एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी है। सचिव विवेक श्रीवास्तव और संयुक्त सचिव एसपी सिंह की देखरेख में ओएसडी राजीव कुमार और रविनंदन सिंह की इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में तैयारियां की जा रही हैं। अधिशासी अभियंता संजय जिंदल सिविल कार्य और उद्यान अधीक्षक कर्ण सिंह द्वारा औद्यानिक कार्य कराए जा रहे हैं।

# वैश्विक समुदाय को नया संदेश दे रहा वनवासी समाज

## सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण में बोले मुख्यमंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** वनवासी समाज देश के अतीत की परंपराओं का वाहक है। अगर प्रकृति और परमात्मा के बीच में समन्वय नहीं होगा तो प्रलय जरूर आएगा। इससे बचना है तो हमें वन परंपरा के साथ जुड़ना होगा और कहीं न कहीं अरण्य संस्कृति को पुनर्जीवित और पुनर्स्थापित भी करना पड़ेगा।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एचपीसीएल के सीएसआर फंड के सहयोग से सेवा समर्पण संस्थान के एकलव्य वनवास छात्रावास के लोकार्पण एवं सारंग धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास कार्यक्रम में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजधानी के साथ गोरखपुर में श्री राम वनवासी छात्रावास की स्थापना 1984 में हुई थी। पूर्वोत्तर के राज्यों में जहां पहले कोई जा नहीं सकता था। उस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सानिध्य में संचालित सेवा समर्पण संस्थान के श्री राम वनवासी छात्रावास में यहां के बच्चों को लाकर भारत के साथ जोड़ कर उन्हें राष्ट्र और समाज की मुख्य धारा के साथ जोड़ा गया। आज पूरा पूर्वोत्तर भारत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र की मुख्य धारा के साथ जुड़ करके आत्म गौरव की अनुभूति करता है। भारत को जोड़ने का सबसे बड़ा कार्य प्रचारकों ने किया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत भाग इस प्रकार के सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिये।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर, मोहनलालगंज विधायक अमरेश कुमार, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक संजीव, प्रांत प्रचारक कौशल, राजीव गोयल, जितेंद्र अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।




मोहनलालगंज में धनुर्विद्या प्रशिक्षण केंद्र के शिलान्यास के दौरान मौजूद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

- एचपीसीएल की तरह अन्य संस्थाओं को भी अपनी आय का दो प्रतिशत सामाजिक कार्यों के लिए देना चाहिए : योगी

### महिला आत्मनिर्भर तो समाज सशक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की आत्मनिर्भरता सशक्त समाज की अनिवार्य शर्त है। जिस समाज में महिला सशक्त होती है, उस समाज को आगे बढ़ने से कोई नही रोक सकता। महिला सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रत्येक स्तर पर प्रयास करेगी ताकि उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन का कार्य सुनिश्चित रहे।

वे गुरुवार को गोरखपुर के योगिराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) से जुड़ी लाभार्थी महिलाओं से संवाद और 3617 स्वयं सहायता समूहों को 54 करोड़ 25 लाख रुपये का अंशकालिक ऋण भी वितरित किया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत अब लोकसभा व विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त होगा।

**कन्या सुमंगला योजना की धनराशि अप्रैल से 25 हजार :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार कन्या सुमंगला योजना के तहत बेटी के जन्म से स्नातक तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक सहायता दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत अप्रैल माह से इसकी धनराशि 25 हजार की जाएगी। इस योजना के अन्तर्गत 17 लाख से अधिक बेटियों को जोड़ा जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 3 लाख से अधिक बेटियों की शादी का कार्य सम्पन्न किया है। स्वामित्व योजना के तहत 90 लाख महिलाओं को घर का मालिकाना अधिकार दिलाया गया है।

**इंसेफेलाइटिस नियंत्रण देश-दुनिया का सफलतम मॉडल :** मुख्यमंत्री ने कहा कि छह-सात वर्षों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस पूरी तरह नियंत्रित और समाप्त हो चुका है। वे गुरुवार को बीआरडी मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस छात्रों के लिए 60 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नए प्रशासनिक भवन का शिलान्यास तथा मेडिकल कॉलेज में सोलर रूफटॉप प्लांट के लोकार्पण के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे।

**गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा :** गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### फाइलेरिया खात्मे के लिए जारूगकता बढ़ाए : योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वास्थ्य टीम से कहा कि सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) अभियान में लक्ष्य प्राप्ति के लिए प्रदेशवासियों को सिर्फ दवा न खिलाएं बल्कि जागरूक भी करें। अगर, मात्र चार दिनों में लक्ष्य का करीब 20 प्रतिशत लोगों ने दवा का सेवन कर लिया है तो 28 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत अच्छी है। फाइलेरिया के राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रमेश सिंह ठाकुर ने गुरुवार को बताया कि एमडीए अभियान में कुल तीन करोड़ 60 लाख 25 हजार 891 लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसके सापेक्ष सिर्फ चार दिन में ही 66 लाख 14 हजार 589 यानि करीब 20 प्रतिशत लोगों ने फाइलेरिया रोधी दवा खा ली है। उन्होंने बताया कि साल 2026 तक फाइलेरिया मुक्त प्रदेश बनाने के लिए जहां एक ओर घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जा रही है। वहीं दूसरी ओर चिन्हित मरीजों को इलाज और दिव्यांगता रोकथाम (एमएमडीपी) का प्रशिक्षण व किट दी जा रही है।

# लामार्टिनियर में बनेंगे तीन हेलीपैड, चमकेगी सड़कें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 19 फरवरी से आयोजित होने वाले तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर लामार्टिनियर स्कूल में तीन अस्थायी हेलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है।

लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के अधिशासी अभियंता मनीष वर्मा ने बताया कि लामार्ट विद्यालय में तीन अस्थायी हैलीपैडों का निर्माण कराया जा रहा है। आयोजन स्थल इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने के लिए लामार्ट स्कूल से कालिदास चौराहा, 1090 चौराहा, समतामूलक चौराहा व लोहियापथ चौराहा एल-शेप उपरिगामी सेतु पर रंगाई-पुताई, फुटपाथ मरम्मत, डिवाइडर की रंगाई-पुताई संबंधी कार्य चल रहा है तथा मार्ग की साफ-सफाई का भी कार्य प्रगति में है। आवश्यकतानुसार समता मूलक चौराहे से इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले लोहियापथ पर सतह मरम्मत का कार्य कराया जा चुका है।

### वीआईपी मार्ग किया जा रहा तैयार

शहर में स्थित हैरीटेज जोन जाने वाले सम्बन्धित मार्गों पर भी आवश्यकतानुसार मरम्मत संबंधी कार्य कराए जा रहे हैं। लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे से अवध चौराहा होते हुए इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान जाने वाले मेहमानों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वीआईपी मार्ग पर मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया गया है।

### अयोध्या भेजी गयी डॉक्टर समेत 110 स्वास्थ्य कर्मियों की टीम

**अमृत विचार, लखनऊ :** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद से रोजाना आने वाले विशिष्ट व सामान्य श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गुरुवार को डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों की टीम को भेजी है। इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक ने लखनऊ, बाराबंकी, समेत विभिन्न जिलों से 40 डॉक्टर व 40 फार्मासिस्ट के अलावा 30 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. ब्रजेश राठौर ने बताया कि अयोध्या में गत माह 15 जनवरी से एक माह के लिए डॉक्टर व फार्मासिस्टों की बड़ी टीम तैनात की गई थी। भीड़ अनवरत बनी हुई है, इसलिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को अगले एक माह के लिए नियुक्त किया गया है। इसके लिए राजधानी समेत विभिन्न जिलों से डॉक्टर, फार्मासिस्ट, वार्ड ब्वाय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही एंबुलेंस पूर्व की भांति सक्रिय रहेंगी।



ईडी-सीबीआई की कार्रवाई के विरोध में लखनऊ स्थित गांधी प्रतिमा पर प्रदर्शन करने जाते आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस। अमृत विचार

## आप के व्यापार प्रकोष्ठ ने किया प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ट के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने संजय सिंह की गिरफ्तारी, यूपी में महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दों को लेकर जीपीओ पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों से पहले ही बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात थी। आप कार्यकर्ता गांधी प्रतिमा पर पुलिस फोर्स को देखकर जीपीओ के अंदर छिप गये। जानकारी होते ही पुलिस जीपीओ के अंदर पहुंच गई और वहीं से आप पार्टी के कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेना शुरु कर दिया। पुलिस की कार्रवाई के विरोध में कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। पुलिस ने कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेज दिया।

### मिली लक्ष्मी तो आसान होगी शिक्षा की राह

**अमृत विचार, लखनऊ :** छात्रों को विद्या प्राप्त करने के लिए अब लक्ष्मी की कमी से दो चार नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश के ढाई लाख छात्रों के खाते में छात्रवृत्ति की राशि चली गई है। जबकि 60 प्रतिशत केंद्रांश के लिए जल्द ही डाटा भेजा जाएगा और राशि की मांग की जाएगी। बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से छात्रवृत्ति योजना का संचालन किया जाना है। अनुसूचित जाति और सामान्य वर्ग के छात्रों को इसका लाख दिया जाता है। छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नवंबर से शुरू हुए थे और जनवरी में आवेदन के लिए दो बार तिथि बढ़ाई गई थी। इस बाद प्री मैट्रिक्स में पढ़ने वाले लगभग ढाई लाख छात्रों ने छात्रवृत्ति के लिए आवेदन किया था। छात्रवृत्ति के लिए 60 प्रतिशत धनराशि केंद्र की ओर से जबकि 40 प्रतिशत राशि राज्य सरकार की ओर से दी जाती है। विभाग ने राज्य सरकार की ओर से दिए जाने वाले राज्यांश के तहत 38 करोड़ की राशि बच्चों के खाते में भेज दी है। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि छात्रों का पूरा ब्योरा केंद्र को भेजा जाएगा। साथ ही केंद्र से 60 प्रतिशत शेष राशि का भुगतान करने के लिए बजट मांगा जाएगा।


## वर्ग पहेली-344

**बाएं से दाएं**

1. 1. सूखने या नमी न होने से ऊपर की परत (तल) में झुर्रियां या शिकन पड़ जाना
4. दूध को गरम करने या औटाने के लिए मिट्टी की एक प्रकार की छोटी अंगीठी।
5. 1. जिसका हाथ शुभ हो 2. सहायता करने वाला (हाथ)।
6. 1. मादा चकवा, चकवी 2. लकड़ी का एक चक्राकार खिलौना जिसमें मोटी डोरी लगी होती है जिससे वह ऊपर-नीचे चढ़ता-उतरता है, चकरी, फिरकी, (यो-यो)।
7. 1. ताकत 2. सहारा 3. सैनिक शक्ति, सेना 4. कोई संगठित शक्ति जो समूह, दल, संस्था आदि के रूप में प्रकट होती है 5. दबाव 6. कोई बात दूसरों से मनवाने का गुण 7. किसी वस्तु की ऐंठन, मरोड़ 8. लपेट, फेरा। -खाना : इठलाना, लहराना।
8. पैर।
9. 1. झोंक 2. झोंका, हवा का झोंका, झकोरा 3. पानी का हिलोरा, लहर 4. झटका।

**ऊपर से नीचे**

2. जो गुणों का ख़जाना हो, अत्यधिक गुणी।
3. 1. ऋणी, कर्ज़दार 2. धन या रुपया जमा करने की जगह, ख़जाना 3. वह व्यक्ति जिसके पास कोई वस्तु धरोहर के रूप में रखी जाए, महाजन।
4. ग्वालियर नगर के पास का पुराना पर्वत।



### वर्ग पहेली - 343 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठ | | 2 फ | | 3 चि |
| | ह | | ल | | न |
| 4 नि | र | नु | ना | सि | क |
| | ना | | फू | | |
| | | 5 फ | ल | ही | न |
| 6 नि | खो | ट | ना | | |
| | | ना | | 7 पै | रा |

## सुडोकू -61

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 5 | 4 | | 6 | 7 |
| | 5 | | 2 | | | | | |
| | | 9 | | 6 | | | | |
| | | 2 | | | 3 | | 1 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 3 | 1 | | 8 | 9 | | 5 | | |
| | | | | 3 | | 4 | | |
| | 3 | | | | 1 | | 2 | |
| 7 | | 6 | | 2 | | | 3 | |

### सुडोकू - 60 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 7 | 6 | 8 | 1 | 5 | 9 | 3 |
| 3 | 8 | 1 | 5 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 1 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 2 | 1 | 7 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 9 | 2 | 6 | 5 | 4 | 3 | 8 |
| 2 | 3 | 4 | 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 फरवरी, शुक्रवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- सप्तमी 08 .54 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 08 .47 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

**मेष** — आज आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर पर आराम करने का विचार बना सकते हैं। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। व्यावसायिक गतिविधियों में उन्नति होगी। जीवनसाथी आपके कार्यों में आपका साथ देगा।

**वृष** — आज आपके परिजनों में कुछ असंतोष हो सकता है। लोग आपकी बातों का बुरा न मानें इसके लिए आपको अपनी वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखें। अत्यधिक विचार-विमर्श आपके विचारों को प्रभावित कर सकता है।

**मिथुन** — आज शाम के समय आपकी कोई समस्या हल हो सकती है। व्यापार में शानदार डील मिलने की संभावना बन रही है। आपका चित्त शांत रहेगा। नए व्यापारिक साझेदार जुड़ सकते हैं। परिवार में सुख-समृद्धि रहेगी। छात्र नए विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

**कर्क** — आज पैतृक संपत्ति को लेकर मनमुटाव हो सकता है। किसी बाहरी व्यक्ति का हस्तक्षेप अपने व्यक्तिगत जीवन में न पड़ने दें। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है।

**सिंह** — आज नई कंपनी में जॉब या ट्रांसफर के लिए आवेदन कर सकते हैं। अपनी कार्यकुशलता बढ़ाने का प्रयास करें। अपने काम के प्रति एकाग्र रहें। धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों को लेकर अध्ययन करेंगे। कार्यक्षेत्र के माहौल में शांति रहेगी।

**कन्या** — आज अपनी समस्या को लोगों से शेयर न करें क्योंकि लोग मजाक बना सकते हैं। आपकी बातों को लोग कम महत्व देंगे। गृहस्थ जीवन में तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के व्यवहार से कुपित हो सकते हैं। बेहतर होगा की आप थोड़े सतर्क रहें।

**तुला** — आज आय के नए स्रोत विकसित होंगे। अचानक धन प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा। ऋण कम करने में सफल होंगे। शाम को आपका मन कुछ विचलित हो सकता है। परिवार का माहौल आनंदमय रहेगा। अपने प्रेमी को खुश करने का भरसक प्रयास करेंगे।

**वृश्चिक** — आज किसी महत्वपूर्ण बैठक में सम्मिलित हो सकते हैं। जीवनसाथी आपके व्यवहार से काफी प्रसन्न रहेगा। गठिया के रोगियों का दर्द उभर सकता है। रुके हुए कार्य दोबारा शुरू हो सकते हैं। कार्य के प्रति आपके समर्पण की प्रशंसा होगी।

**धनु** — आज आपकी मेहनत सफल होगी। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे। प्रेमी जन आज काफी रोमांटिक मूड में हो सकता है। घर के वातावरण में प्रसन्नता रहेगी। बिना योजना के किसी नए कार्य को शुरू न करें।

**मकर** — आज मौसमी बीमारियों के कारण संक्रमण हो सकता है। कोर्ट-केस से जुड़े मामलों में कठिनाई आ सकती है। सरकारी नियमों की अवहेलना न करें। आपका स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ वाद-विवाद भी हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज नई नौकरी के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। शरीर स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम वगैरह की तरफ रुचि लेंगे। लोग आपकी बातों से काफी प्रभावित रहेंगे। आपके व्यवहार में आत्मविश्वास और स्वाभिमान दोनों एक साथ व्यक्त होगा।

**मीन** — आज धन को लेकर कुछ उतार-चढ़ाव की स्थिति की संभावना है। दांपत्य संबंधों में जटिलता रहेगी। जब तक आपसे पूछा न जाए तब तक अपनी राय व्यक्त करने से बचें। आर्थिक समस्या परेशानी का कारण बन सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
**बागी** सुबह : 09 .19
**एजेंट विनोद** रात : 07 .58

SONY PIX
**जुमांजी** सुबह : 10 .53
**ब्राइटबर्न** रात : 09 .00

SONY MAX
**तू झूठी मैं मक्कार** सुबह : 10 .22
**ठग्स ऑफ हिन्दुस्तान** रात : 09 .37

ZEE CINEMA
**मशीन** सुबह : 10 .30
**भीड़** रात : 07 .30

colors CINEPLEX
**ग्रेट गैंबलर** दोपहर : 01 .19
**शेरशाह** रात : 10 .01

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर रात-07 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टिंकू-क्या कर रहे हो?
पिंकू-मक्खियां मार रहा हूं।
टिंकू- कितनी मारी?
पिंकू-तीन मेल और दो फीमेल
टिंकू-कैसे पता मेल थी या फीमेल?
पिंकू-तीन शराब की बोतल पे थी और दो फोन पर।

बहू को खाली बैठे देखकर
सास (अपने बेटे से)- तुम्हारी बीवी में बहुत सारी कमियां हैं।
सास की ये बात दूर खड़ी बहू सुन रही थी।
बहू तपाक से बोली- तभी तो मुझे अच्छा ससुराल नहीं मिला।

# लक्ष्य निर्धारण कर करें शिक्षण कार्य : विधायक

## स्मार्ट फोन वितरण समारोह के दौरान सपा विधायक छात्रों को दिए सफलता पाने के जरूरी टिप्स

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** शिक्षा में संस्कार का समावेश होना अतिआवश्यक है। सभी छात्र-छात्राएं अपना लक्ष्य निर्धारण करके शिक्षण कार्य करें। जिससे वह अपने शिखर को स्पर्श कर सकें।

क्षेत्रीय विधायक राघवेन्द्र गौतम ने श्रीमती उर्मिला देवी महाविद्यालय भोली चौराहा पर आयोजित निःशुल्क स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। सपा विधायक राघवेन्द्र गौतम ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित करके किया। संस्था के प्रबंधक पुष्पेन्द्र सिंह यादव, जितेन्द्र यादव, सतेन्द्र यादव, अंकुल यादव ने महाविद्यालय संस्थापक रामप्रकाश यादव, राधेश्याम यादव, पूर्व प्रधान नरेन्द्रपति यादव, पूर्व सभासद सुधीर पोरवाल को प्रतीक चिह्न व अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत सम्मान किया। महाविद्यालय से स्नातक उत्तीर्ण कर चुके 105 छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा निःशुल्क स्मार्टफोन उपलब्ध कराये गये। इस मौके पर अशोक यादव, शशांक तिवारी, प्रदीप यादव, अजय यादव, मलखान सिंह, अजय शर्मा, चेनू यादव आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। कार्यक्रम का सफल संचालन बीपी सिंह ने किया।



विधायक राघवेंद्र गौतम को प्रतीक चिह्न देते पदाधिकारी। अमृत विचार



अतिथि का माल्यार्पण करते आयोजक। अमृत विचार

- छात्रों को फोन का दुरुपयोग नहीं उपयोग करने की नसीहत दी

### बच्चों की प्रतिभा देख लोगों ने बढ़ाया उत्साह

**फफूंद, औरैया।** फफूंद क्षेत्र के पाता मार्ग पर ग्राम फक्कड़पुर में स्थित मां सरस्वती शिक्षा निकेतन में बुधवार को वसंत पंचमी के अवसर पर वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमे सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिसे देख मौजूद लोग तालियां बजाने के लिए मजबूर हो गए। भाग्यनगर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम फक्कड़पुर के मां सरस्वती शिक्षा निकेतन में वसंत पंचमी के अवसर पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत भाजपा युवा नेता आशीष दुबे ने मां सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर व फीता काट कर किया। जिसके बाद स्कूल में सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। छात्र/छात्राओं ने स्वागत गीत, देश भक्ति गीत, नशा मुक्ति, सोशल मीडिया, दहेज प्रथा, राजा हरिश्चंद्र व गब्बर सिंह गुर्जर सिंह समेत अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये और वाहवाही लूटी। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य अखिलेश पाल ने कहा ऐसे आयोजनों से छात्र/छात्राओं के आगे बढ़ने का रास्ता प्रस्त होता है। इस दौरान सोशल वेलफेयर कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष आसिफ सिद्दीकी, अभिषेक शुक्ला, तारबाबू, रामसेवक, धीर सिंह, अनुज कुशवाहा, सोनू पाल, शिवकुमार, दीपक मिश्रा, नाजिम खान, रविकमल रहे।

## बाइक सवार महिला जमीन पर गिरी, जख्मी

**अजीतमल, औरैया।** कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर एक युवक अपनी बाइक पर सवार माता जी को रिश्तेदारी में ले जाते समय किसी तरफ बाइक फिसल गई जिससे दोनों लोग जमीन में गिर कर घायल हो गये। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने घायलों को सीएच सी अजीतमल भर्ती कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह कानपुर देहात निवासी जय (22) पुत्र संतोष अपनी बाइक से माता जी सुनीता (47) के साथ जसवंत नगर रिश्तेदारी में जाने के लिये निकला था। तभी अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के बिजली घर नेशनल हाईवे के समीप किसी तरफ बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई।

जिससे बाइक पर सवार दोनों लोग जमीन पर गिर कर घायल हो गये। मौके पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को सीएच सी अजीतमल भर्ती कराया। जहां पर डॉक्टरों ने दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद सुनीता को सैफई के लिए रेफर कर दिया।



ज्ञापन सौंपते संगठन के पदाधिकारी। अमृत विचार

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा है। जिसमें उन्होंने समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए उनका निस्तारण कराए जाने की मांग की है।

राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष गौरव पांडेय, महामंत्री हरीनारायण सहित पदाधिकारियों ने ज्ञापन देते हुए बताया कि एमडीएम के लिए विद्यालयों में खाद्यान्न उपलब्ध नहीं है जिससे एमडीएम संचालन कठिन हो रहा है, माह अगस्त 2023 से फरवरी 2024 तक की एमडीएम कनवर्जन कास्ट अतिशीघ्र उपलब्ध कराई जाए जिससे कि संचालन सुचारू रूप से हो सके। इसके अलावा एमडीएम फल कनवर्जन कास्ट माह अगस्त 2023 से फरवरी 2024 तक खातों में भेजा जाए, चिकित्सीय अवकाश स्वीकृति में विलम्ब न किया जाए। वहीं मांग की कि षिक्षकों के अवषेष एरियर का भुगतान शीघ्र किया जाए जिससे कि उनके परिवारों का सही ढंग से भरण पोषण हो सके।

# तीसरी आंख की निगरानी में होगी पुलिस की भर्ती परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा



**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर प्रशासन तैयारियों में जुटा है। परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण व नकल विहीन कराने के लिए जिला अधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जनपद में 17 फरवरी 18 फरवरी को होने वाली प्रस्तावित परीक्षाओं को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। पुलिस भर्ती परीक्षा के जनपद के नोडल अधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद में कुल 63840 अभ्यर्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी। हर पाली में 15960 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। सकुशल शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन ने 11 सेक्टर मजिस्ट्रेट 30 स्टेटिक मजिस्ट्रेट तथा भारी संख्या में पुलिस फोर्स लगाया है।

केंद्र व्यवस्थापक मूलभूत सुविधाओं में शौचालय पुरुष महिला पेयजल तथा सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, प्रकाश व्यवस्था, फर्नीचर आदि दुरुस्त रखेंगे। नगर पालिका द्वारा पानी के टैंकर तथा मोबाइल शौचालय भी रखे जाएंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शहर में हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गई है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शास्त्री चौराहा, लोहाना चौराहा, आईटीआई चौराहा, भरथना चौराहा पर हेल्प डेस्क लगाने की व्यवस्था की गई है। जिसमें राजस्व विभाग व नगर पालिका के कर्मचारी तैनात रहेंगे।

**प्रवेश से पूर्व होगी गहन तलाशी**

परीक्षार्थियों की प्रवेश द्वार पर गहनता से तलाशी कराई जाएगी। जिससे कोई भी परीक्षार्थी अनुचित सामग्री परीक्षा कक्ष में न ले जा सके। परीक्षा कक्ष में किसी भी हाल में इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, कैलकुलेटर, पर्स, बेल्ट आदि सामग्री पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी।

### परीक्षा संबंधी आवश्यक टिप्स

परीक्षा केंद्र पर तैनात अधिकारी व कार्मिक परीक्षा के दिन पूर्वांह में सुबह सात बजे परीक्षा केंद्र पर रिपोर्ट करेंगे। अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश पत्र पहचान पत्र की मूल प्रति तथा नीला व काला बाल पॉइंट पेन ही अपने साथ अंदर ले जा सकते हैं।

# खुले में रखे ट्रांसफार्मर दे रहे हादसों को दावत

संवाददाता, अजीतमल, औरैया

- जिला पंचायत इंटर कॉलेज के पास फफूंद मार्ग पर बगैर जाली के रखा टांसफार्मर
- डीएम से की ट्रांसफार्मर पर जाली लगवाने की मांग

**अमृत विचार।** विद्युत उप खंड अजीतमल में खुले में रखे ट्रांसफार्मर हादसों को दावत दे रहे हैं। सरकार भले ही आम नागरिकों को बिजली से बचाव के लिए तमाम उपाय कर रही हो किन्तु बिजली विभाग की निष्क्रियता के चलते खुले में रखे ट्रांसफार्मर मौत को दावत दे रहे हैं। यह हाल कस्बा मुरादगंज का है।

औरैया व अजीतमल के मध्य का यह क़स्बा जहां जिला पंचायत इंटर कालेज के पास फफूंद मार्ग पर बगैर जाली के रखा टांसफार्मर जो कि कभी भी हादसा होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। यह बच्चों व आम नागरिकों का सदैव आना जाना रहता है।

यही हाल अयाना रोड बम्बा पर रखे ट्रांसफार्मर कि भी है यह कई विद्यालयों के बच्चों का आना जाना रहता है और आये दिन फाल्ट व आग के गोले निकलते हैं। जिसके चलते कभी भी कोई अनहोनी घटना होने से इनकार नही किया जा सकता है। कस्बे के गोपाल, मुन्ना खा, विश्व नाथ सिंह पाल आदि ने जिलाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेने व आस पास जाली लगवाने की जनहित में मांग की है।



खुले में रखा ट्रांसफार्मर।



विवाह में आर्थिक सहयोग करते चेयरमैन अजय यादव। अमृत विचार

# गरीब बेटियों का कन्यादान कराना समाज की बड़ी जिम्मेदारी : चेयरमैन

संवाददाता भरथना, इटावा

**अमृत विचार।** भरथना नगर क्षेत्र की निर्धन-असहाय चार बेटियों के वैवाहिक कार्यक्रम में नवगठित समाजसेवी संस्था निराश्रित एवं असहाय सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बेटियों के परिजनों को नकद धनराशि भेंटकर आर्थिक सहयोग किया।

मां अम्बे पब्लिक स्कूल में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान निराश्रित एवं असहाय सेवा समिति के संरक्षक सुशील चौधरी, पालिकाध्यक्ष अजय कुमार, गुल्लू यादव की मौजूदगी में अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, सचिव रामप्रकाश पाल जरूरतमन्द निर्धन विवाह योग बेटियों की माताओं ममता देवी, रामा देवी, नीरज पाल, सोनी सहित कुल चार महिलाओं को उनकी बेटियों के वैवाहिक कार्यक्रम में नकद आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर समिति संरक्षक भरथना नगर पालिका परिषद के चैयरमैन अजय कुमार गुल्लू यादव ने कहा कि समिति इसी प्रकार आगे भी समय-समय पर जरूरतमन्द, असहायजनों की आर्थिक सहायता करती रहेगी। कार्यक्रम के दौरान अवधेश श्रीवास्तव, समलेश यादव, डा सुरेश यादव, रुद्रपाल सिंह भदौरिया, महेश यादव, अवनीश कुमार पाल, कृष्ण गुप्ता, अनिल कुमार पांडे, बृजेश कौशल बंटी, अशोक कुमार रहे।

# सरेराह आपस में झगड़ा करने के पांच आरोपी कोर्ट से बरी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश चवन प्रकाश ने सरेराह असलाहों को लेकर आपस में झगड़ा करने के पांच साल पुराने मामले की सुनवाई करते हुए साक्ष्यों के अभाव में सभी पांच आरोपियों को कोर्ट ने बरी कर दिया।

अधिवक्ता राजेश वर्मा ने बताया कि फ्रेंड्स कालोनी थाना पुलिस ने तीस दिसम्बर 2018 को भरथना चौराहे के पास से आपस में असलाह लेकर झगडा करने के आरोप में अजीत यादव, विशाल यादव पुत्रगण नेत्रपाल सिंह, विपिन यादव पुत्र अशोक यादव, आशीष यादव उर्फ पिंटू पुत्र रविद्र व विनय कुमार पुत्र संतोष कुमार को गिरफ्तार कर लिया था।

### ट्रैक्टर का हल चोरी

**इटावा।** जसवंतनगर थाना क्षेत्र के ग्राम हरकूपुर के पत्रकार मेघ सिंह के घर के पास रख ट्रैक्टर का हल चोरी हो गया। मेघ सिंह वर्मा ने चोरों की जानकारी करके थाना जसवंतनगर ने नामजदों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। थाना पुलिस ने नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 379, 504, 506 का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीओ जसवंतनगर के आदेश पर थाना पुलिस ने नामजद सुनील, पुष्पेंद्र, अंशुल, संतोषी, अर्पित, आदित्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।


# सुखबीर पुनः बने लेखपाल संघ के तहसील अध्यक्ष

संवाददाता सैफई, इटावा

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय यादव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल यादव निर्वाचित

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील सैफई में वर्तमान कार्यकारिणी का अविश्वास प्रस्ताव पारित कर नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील सैफई की वर्तमान कार्यकारिणी का 9 फरवरी को अविश्वास प्रस्ताव पारित किया जा चुका है। जिसमें लेखपाल संघ के जिला कोषाध्यक्ष माजिद हुसैन व जसवंतनगर तहसील अध्यक्ष जहीर खान को उपशाखा सैफई में चल रहे गतिरोध के समाधान के लिए पैनल गठित किया गया था।

लेखपाल संघ की उपशाखा सैफई में उपस्थित 12 सदस्यों में से सात सदस्यों द्वारा चुनाव कराने के पक्ष में मतदान किया। चुनाव अधिकारी जिला कोषाध्यक्ष माजिद हुसैन के नेतृत्व में अजीत यादव तहसील अध्यक्ष भरथना व दीपक यादव तहसील मंत्री सदर इटावा को सहायक निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व मंज चुनाव हुआ। जिसमें सुखबीर सिंह यादव को दोबारा से लेखपाल संघ की शाखा सैफई का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय यादव निर्वाचित हुए। कनिष्ठ उपाध्यक्ष राहुल यादव, तहसील मंत्री नागेंद्र सिंह ल, तहसील उप मंत्री अनुराग शुक्ला ल, कोषाध्यक्ष अवनीत कुमार, ऑडिटर महेंद्र प्रताप सिंह को निर्विरोध चुना गया। नवनिर्वाचित सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया और प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर तहसीलदार जावेद अंसारी नायब तहसीलदार अलख शुक्ल, रजिस्टर अनिल यादव, कानूनगो राजेश यादव, लेखपाल संघ के पूर्व अध्यक्ष संजीव यादव, आलोक भदोरिया, मुनिदेव यादव, सुशील कुमार, अमित कुमार, अनुज कुमार, नीलू बीआरसी आदि मौजूद रहे।



लेखपाल संघ के निर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

# अवैध टेंपो स्टैंड के संचालन पर नहीं लग पा रहा अंकुश

संवाददाता बकेवर, इटावा

**अमृत विचार।** मुख्यमंत्री के सख्त निर्देशों के बावजूद अवैध टेंपो, स्टैंड संचालन पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। जिसके चलते चालक वाहन को सड़क पर आड़ा तिरछा खड़ा कर मनमाने तरीके से सवारियां बैठाते हैं। हर रोज पूरे दिन जाम के हालात बनते हैं। कस्बे के इटावा रोड, लखना रोड, औरैया रोड पर टेंपो और ई रिक्शा के अवैध स्टैंड महीनों से बने हुए हैं। जहां पर वाहनों को आड़ा-तिरछा खड़ा कर संचालक सवारियां बैठाते हैं। इसकी वजह से आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। साथ ही सड़को पर अक्सर जाम की स्थिति बनती है। कस्बे में दुकानों के बाहर सड़क किनारे वाहनों की अवैध पार्किंग दिखाई देती है। फुटपाथ पर वाहनों की अवैध पार्किंग के कारण राहगीर सड़क दुर्घटनाओ का शिकार भी होते हैं।

### जिला पंचायत की बैठक 20 को होगी

**इटावा।** अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत राम गोपाल ने बताया है कि जिला पंचायत इटावा की बैठक 18 फरवरी को जिला पंचायत सभागार, डाक बंगला परिसर में आहूत की जानी थी। यह बैठक अब 20 फरवरी को अपरान्ह 12 होगी।

**आयोजन** | प्रत्येक वर्ष दिबियापुर के पथवरिया मंदिर होता है विशाल भंडारा

# हवन-पूजन के बाद भक्तों ने भंडारे में छका प्रसाद

संवाददाता, ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिबियापुर के प्रसिद्ध पथवरिया मंदिर पर वसंत पंचमी के शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। यह विशाल भंडारा प्रतिवर्ष किया जाता है। इस भंडारे में दिबियापुर के साथ-साथ आस पास के हजारों भक्त आते है और प्रेम पूर्वक प्रसाद को ग्रहण करते हैं। आज सुबह से ही ककराही के पूर्व प्रधान दिवाकर पांडे ने मंदिर परिसर में हवन के साथ विशाल भंडारे का आयोजन शुरू कराया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। मंदिर के पुजारी ने लोगों से भक्ति मार्ग से जुड़ने और सत्कर्म करने को कहा। देव हवन-यज्ञ से वातावरण एवं वायुमंडल शुद्ध होने के साथ-साथ व्यक्ति को आत्मिक बल मिलता है। व्यक्ति में धार्मिक आस्था जागृत होती है। दुर्गुणों की बजाय सद्‌गुणों के द्वार खुलते हैं। यज्ञ से देवता प्रसन्न होकर मनवांछित फल प्रदान करते हैं। जीवन में प्रसाद का अपमान करने से भगवान का ही अपमान होता है। भगवान का लगाए गए भोग का बचा हुआ शेष भाग मनुष्यों के लिए प्रसाद बन जाता है। मंदिर के यजमान दिवाकर पांडे ने अपने परिवार के साथ आहुति डाली। अन्य श्रद्धालुओं ने भी हवन में आहुति डाली। पूजन के बाद दोपहर से भंडारा खबर लिखने तक चलता रहा इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिवाकर पांडे रहे।



भंडारे में प्रसाद लेते श्रद्धालु। अमृत विचार

# जयगुरुदेव मिशन की निकली धर्म यात्रा

संवाददाता, बिधूना, औरैया

**अमृत विचार।** जय गुरुदेव जीव जागरण धर्म यात्रा गुरुवार को बिधूना कस्बे की सड़कों पर निकाली गई और बाद में जय गुरुदेव मिशन के संतों द्वारा सत्संग कर अहिंसा धर्म का पालन कर सदमार्ग पर चलने का लोगों से आह्वान किया गया। जय गुरुदेव जीव जागरण धर्म यात्रा गुरुवार को सुबह बिधूना कस्बे की सड़कों पर जय गुरुदेव मिशन के संतों द्वारा निकाल कर जीवों पर दया करो जीव हत्या बंद करो मांस मदिरा का सेवन बंद करो के नारे लगाते हुए लोगों को सदमार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया गया। तत्पश्चात् कस्बे की नई तहसील के पीछे स्थित मैदान में आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए संत रमेश राजपूत ने कहा कि जीव हत्या व मांस मदिरा के सेवन से बढ़कर कोई दूसरा पाप नहीं है इसलिए सभी को अहिंसा के मार्ग पर चलकर सदाचरण करना चाहिए। मौके पर जय गुरुदेव जीव जागरण धर्म यात्रा के कानपुर मंडल प्रभारी प्रेमकांत पाल एडवोकेट श्रीकांत पाल चंद्रपाल रजनी पाल रामू दीपक श्यामू आदि संतो द्वारा भी प्रवचन किए गए।



रोजगार मेले में फार्म जमा करते युवक। अमृत विचार

# रोजगार मेले में 12 लोगों ने जमा किया फार्म

संवाददाता, फफूंद औरैया

**अमृत विचार।** ब्रह्द रोजगार मेले का आयोजन गुरुवार को ब्लाक भाग्यनगर में हुआ। भाग्यनगर ब्लाक में गुरुवार को मेले का आयोजन किया गया मेले का उद्घाटन दिबियापुर चेयरमैन राघव मिश्रा ने किया इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से युवाओं को सरलता से रोजगार मिलता है। प्रदेश सरकार ने युवाओं के लिए यह योजना प्रदेशभर में चलाई है। विजन इंडिया औरैया से आये संजेश राजपूत व आक्स फोर्ड शिक्षा संस्थान इलाहाबाद से आये प्रशासनिक अधिकारी लालमंडी वर्मा ने बताया कि रोजगार मेले में आये 50 से अधीक युवक युवतियों में से 12 लोगो ने फार्म भर कर जमा किये हैं। जिसमे 9 लड़के व 4 लड़कियां हैं।

## निधन पर शोक व्यक्त किया

**बिधूना, औरैया।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य सभा सदस्य गीता शाक्य की सास समाज सेविका रामश्री का 87 वर्ष की उम्र में बुधवार की रात्रि अचानक उनके गांव रमपुरा सिहुंआ में निधन हो गया। जैसे ही यह खबर लोगों को लगी तो भारी संख्या में लोग उनके गांव पहुंच गए। शोकाकुल माहौल में उनका गांव में ही दाह संस्कार कर दिया गया है। समाजसेविका के आकस्मिक निधन पर सांसद सुब्रत पाठक, इटावा सांसद रामशंकर कठेरिया, सांसद अकबरपुर देवेंद्र सिंह भोले, जिला पंचायत अध्यक्ष कमल दोहरे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दीपू सिंह कुशवाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य मंजू सिंह सेंगर, भाजपा जिला अध्यक्ष भवन प्रकाश गुप्ता, भाजपा जिला प्रभारी आनंद सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष बिधूना आदर्श कुमार मिश्रा रहे।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 970 फ्लैग 1095 डीएमओ 835 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

## कानपुर मंडी

| | |
| --- | --- |
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूंदड़ा | 2525-2550 |
| आरआर 21 | 2700-2750 |
| गेहूंफारम | 2800-2850 |
| जौ | 2000-2100 |
| ज्वार | 2600-4000 |
| बाजरा | 2125-2175 |
| मकाई | 2000-2200 |
| **दलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लोकल | मिल डिलीवरी |
| चना | 5200-5400 |
| अरहर | 7500-8000 |
| मसूर | 5500-5600 |
| मटर | 4400-4500 |
| उड़दहरा | 10000-10200 |
| उड़दकाला | 6000-8000 |
| मूंग | 8500-8800 |
| **दाल (प्रति क्वि.)** | |
| अरहरफूल | 14000-14200 |
| अरहरस्पेशल1 | 11800-12000 |
| चनादाल | 7100-7200 |
| मटरदाल | 5200-5300 |
| मसूरमलका | 6950-7000 |
| मसूरदाल | 6950-7000 |
| उड़ददाल | 9000- 12000 |
| उड़द धोवा | 10500- 13000 |
| मूँगदाल | 8800-10300 |
| मूँग धोवा | 9800-11500 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| अरवा | 2000 - 2300 |
| बासमती नं.1 | 8500 - 10000 |
| सेला | 2500 - 3000 |
| बासमती नं.2 | 6500 - 7500 |
| **आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)** | |
| आटा | 1490-1550 |
| मैदा | 1475-1520 |
| सूजी | 1500-1550 |
| **चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)** | |
| शाहपसंद | 1430-1475 |
| **तिलहन (प्रति क्वि.)** | |
| लाही | 5000-5050 |
| अलसी | 4500-4600 रुपये। |

# खाद्य कीमतों के झटके और भू-राजनीतिक तनाव मुद्रास्फीति से निपटने में चुनौतियां

## गवर्नर्स सम्मेलन में आरबीआई गवर्नर दास बोले-अंतिम चरण के लिए हम सतर्क


**मुंबई, एजेंसी**

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बृहस्पतिवार को कहा कि खाद्य कीमतों की तरफ से बार-बार झटके लगने और भू-राजनीतिक मोर्चे पर नए तनाव पैदा होने से मुद्रास्फीति से निपटने की राह में चुनौतियां पैदा होती हैं। दास ने यहां '59वें सीसेन गवर्नर्स सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि कहा-हम अवस्फीति (मुद्रास्फीति में गिरावट) के अंतिम चरण से निपटने के लिए सतर्क हैं क्योंकि यह अक्सर सफर का सबसे मुश्किल दौर होता है। हमारा दृढ़ मत है कि स्थिर और निम्न मुद्रास्फीति स्थायी आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी आधार देगी।

उन्होंने कहा कि भारत कई चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर चुका है और सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। उन्होंने कहा-विवेकपूर्ण मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियों ने मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में भारत की सफलता का मार्ग प्रशस्त किया है।

आरबीआई का अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2024-25 में भारतीय अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। देश के लिए यह लगातार चौथा साल होगा जब इसकी वृद्धि दर सात प्रतिशत या उससे अधिक रहेगी। इसके साथ ही दास ने कहा कि मुद्रास्फीति वर्ष 2022 की गर्मियों के उच्चतम स्तर से अब नीचे आ चुकी है। द्विमासिक मौद्रिक नीति के लिए अहम खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी महीने में 5.1 प्रतिशत रही है।

### नए अवसर भी दरवाजे पर दे रहे हैं दस्तक



आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों का उल्लेख करते हुए आज यहां कहा कि इससे निपटने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के समक्ष चुनौतियाँ तो भरपूर हैं, लेकिन नए अवसर भी दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो वैश्विक अर्थव्यवस्था की नई वास्तविकताओं के अनुरूप हों। अनिश्चित दुनिया में, केंद्रीय बैंकों को मूल्य और वित्तीय स्थिरता के उद्देश्यों को बेहतर ढंग से पूरा करने के लिए सक्रिय होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस माहौल में सहयोग एक विकल्प नहीं बल्कि एक आवश्यकता है। वैश्विक चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण प्रगति करने के लिए अधिक संकल्प और समन्वय की आवश्यकता है।

# निर्यात 3.12% बढ़कर 3 माह के उच्चस्तर पर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● जनवरी में व्यापार घाटा 9 माह के निचले स्तर पर पहुंच गया



लाल सागर संकट और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद जनवरी में देश का निर्यात 3.12 प्रतिशत बढ़कर 3 महीने के उच्चस्तर 36.92 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 9 महीने के निचले स्तर 17.49 अरब डॉलर पर आ गया। बृहस्पतिवार को सरकार ने यह आंकड़ा जारी किया।

वाणिज्य मंत्रालय की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, लगातार दो महीनों तक नकारात्मक वृद्धि दर्ज करने के बाद जनवरी में आयात लगभग तीन प्रतिशत बढ़कर 54.41 अरब डॉलर हो गया। इस दौरान निर्यात भी सालाना आधार पर 3.12 प्रतिशत बढ़कर 36.92 अरब डॉलर हो गया। यह तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। इसके साथ आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी व्यापार घाटा 17.49 अरब डॉलर पर आ गया, जो नौ महीनों का निचला स्तर है। इससे पहले अप्रैल, 2023 में व्यापार घाटा 15.24 अरब डॉलर रहा था। व्यापार घाटे में पिछला निचला स्तर अप्रैल, 2023 में 15.24 अरब डॉलर दर्ज किया गया था। एक साल पहले जनवरी, 2023 में यह 17.03 अरब डॉलर रहा था। समीक्षाधीन माह में कच्चे तेल का आयात 4.33 प्रतिशत बढ़कर लगभग 16.56 अरब डॉलर हो गया। वहीं सोने का आयात लगभग 174 प्रतिशत उछलकर 1.9 अरब डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जनवरी अवधि में कुल निर्यात 4.89 प्रतिशत घटकर 353.92 अरब डॉलर रह गया। इस दौरान आयात 6.71 प्रतिशत घटकर 561.12 अरब डॉलर हो गया। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों में 207.2 अरब डॉलर का व्यापार घाटा हुआ जबकि अप्रैल-जनवरी, 2022-23 में यह 229.37 अरब डॉलर रहा था।

पिछले 10 माह में कच्चे तेल का आयात 15.91 प्रतिशत घटकर 146.75 अरब डॉलर रह गया जबकि सोने का आयात 301.7 प्रतिशत बढ़कर लगभग 38 अरब डॉलर हो गया। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि भारत ने लाल सागर संकट, विकसित देशों की अर्थव्यवस्थाओं में सुस्ती और जिंस कीमतों में गिरावट के बावजूद 'जनवरी में उत्पाद निर्यात में सकारात्मक वृद्धि' दर्ज की है।

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चॉंदी 999 (प्रति किलो) | 72,200 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,225 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,100-47,300 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 63,650 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,500 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 71,300 |
| चांदी तैयार | 71,400 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,350 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,350 |
| चांदी पक्की | 710 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 63,500 |
| चांदी आभूषण | 71,350। |

## भारतीयों के कनाडा चीन, अमेरिका और ब्रिटेन पंसदीदा स्थल

**नई दिल्ली।** बीते वर्ष में भारतीयों के बीच कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका लोकप्रिय स्थलों में शामिल है। वीजा से जुड़ी सेवायें प्रदान करने वाली कंपनी वीएफएस ग्लोबल ने आज यहां जारी बयान में कहा कि कहा कि वर्ष 2023 में भारतीयों ने सबसे अधिक कनाडा, चीन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, ब्रिटेन और अमेरिका के लिए वीजा आवेदन किये1 उसने कहा कि 2023 में दिल्ली से वीज़ा आवेदन में 10 प्रतिशत की बढोतरी दर्ज की गई है।

## सरकार दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए कर रही प्रयास

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने 2027 तक का लक्ष्य बताया

दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता भारत 2027 तक दलहन के उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करने और आयात कम करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा ने बृहस्पतिवार को यह बात कही।



उन्होंने कहा कि घरेलू दलहन उत्पादन में पहले ही उल्लेखनीय प्रगति हुई है, जो 2014 के 1.7 करोड़ टन से अब काफी अधिक हो चुका है। इस साल के लिए लक्ष्य 2.95 करोड़ टन के उत्पादन का है। मुंडा ने जलवायु अनुकूल किस्मों और अन्य प्रौद्योगिकियों के तेजी से प्रसार की जरूरत पर भी जोर दिया। दालों की कमी को पूरा करने के लिए देश सालाना लगभग 35 लाख टन दलहन का आयात करता है। मुंडा ने यहां ग्लोबल पल्स कन्फेडरेशन और सहकारी संस्था नेफेड की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा-भारत चने और कई अन्य दलहन फसलों में आत्मनिर्भर हो गया है।

## ईएसआई में 18.86 लाख नए श्रमिकों का नामांकन

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ईएसआई योजना में दिसंबर 2023 में 18.36 लाख से अधिक श्रमिक शामिल हुए हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यहां बताया कि ईएसआई योजना में दिसंबर, 2023 में 18.86 लाख नए कर्मचारी जुड़े हैं। इसी माह में नये 23,347 प्रतिष्ठानों को पंजीकृत किया गया है। आंकड़ों के अनुसार देश के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं क्योंकि आलोच्य अवधि के दौरान जोड़े गए कुल 18.86 लाख कर्मचारियों में से 8.83 लाख कर्मचारी 25 वर्ष की आयु वर्ग तक के हैं,जो लगभग 47 प्रतिशत है।

## प्रवर्तन निदेशालय ने पेटीएम के अधिकारियों से की पूछताछ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● आरबीआई की कार्रवाई के बाद कई दस्तावेज जमा किए

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते में जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोकने की आरबीआई की हालिया कार्रवाई के बाद, पेटीएम के वरिष्ठ अधिकारियों से पूछताछ की और कई दस्तावेज जमा किए हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय एजेंसी विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत फिनटेक कंपनी में आरबीआई द्वारा चिह्नित कथित अनियमितताओं की औपचारिक जांच शुरू करने का निर्णय लेने से पहले दस्तावेजों की प्रारंभिक जांच कर रही है।

सूत्रों ने बताया कि पेटीएम के अधिकारियों ने हाल ही में कुछ दस्तावेज जमा किए थे जिसके बाद उनसे कुछ सवाल पूछे गए। कुछ और जानकारी भी मांगी गई है। उन्होंने बताया कि फिलहाल कोई अनियमितता नहीं पाई गई है। फेमा के तहत कोई उल्लंघन पाए जाने पर ही इस कानून के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।

# राष्ट्रीय

### सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर...



जम्मू में गुरुवार को दो दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव गुलदस्ता-ए-जम्मू और कश्मीर के दौरान महिला कलाकारों ने मनमोहक नृत्य का प्रदर्शन किया। ● एजेंसी

## भाजपा के नंदकिशोर सर्वसम्मति से बने बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

**पटना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री नंदकिशोर यादव को सर्वसम्मति से गुरुवार को बिहार विधानसभा का अध्यक्ष चुन लिया गया। विधानसभा में सभाध्यक्ष के चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने श्री यादव के सर्वसम्मति से निर्वाचित होने की घोषणा की। इसके बाद सदन के नेता मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और विपक्ष के नेता तेजस्वी प्रसाद यादव श्री नंदकिशोर यादव को अध्यक्ष की कुर्सी तक ले गए और उन्हें आसन पर बैठाया। इससे पहले उपाध्यक्ष महेश्वर हजारी ने परंपरा के अनुसार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सदन के नेता और तेजस्वी प्रसाद यादव को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता प्रदान की जाने की घोषणा की। इसके बाद सभाध्यक्ष के निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू करते हुए सभाध्यक्ष पद के लिए एक ही नामांकन होने की सदन को सूचना दी।

### मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोलीं-इलाके में शांति बहाली के लिए की गई आवश्यक कार्रवाई

# संदेशखालि मामले में दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अशांत संदेशखालि में समस्या पैदा करने का आरोप लगाया और कहा कि इलाके में शांति बहाल करने के लिए हरसंभव आवश्यक कार्रवाई की गई है। बनर्जी ने राज्य विधानसभा में कहा कि अशांत संदेशखालि क्षेत्र में 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया है और किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधि में शामिल दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा।

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचारों को लेकर जिस क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन हो रहा है, उसका जिक्र करते हुए बनर्जी ने विधानसभा में कहा कि उन्होंने कभी किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया है और न ही होने देंगी। उन्होंने कहा-हम संदेशाखालि की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। किसी भी गलत काम में शामिल किसी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा। मैंने वहां राज्य महिला आयोग को भेजा है और संदेशाखालि के लिए एक पुलिस दल गठित किया है। बनर्जी ने कहा-क्षेत्र में अशांति फैलाने के लिए एक भयानक साजिश रची जा रही है और राज्य सरकार ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सभी आवश्यक कार्रवाई की है। बुधवार को सातवें दिन संदेशखालि में विरोध प्रदर्शन जारी रहा, बड़ी संख्या में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं और टीएमसी नेता शाहजहां शेख और उनके सहयोगियों की गिरफ्तारी की मांग की।

### बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखालि जाने से रोका

पश्चिम बंगाल पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी के नेता शुभेंदु अधिकारी को बृहस्पतिवार को संदेशखालि जाने से रोक दिया। जिस वाहन में पश्चिम बंगाल विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष और तीन अन्य भाजपा विधायक सवार थे, उसे संदेशखालि जाने वाले रास्ते पर पड़ने वाले रामपुर गांव में पुलिसकर्मियों के एक दल ने रोक दिया। अधिकारी ने कहा कि कुल चार विधायक इलाके में जा रहे थे इसलिए निषेधात्मक आदेश के उल्लंघन का सवाल ही नहीं उठता। इससे पहले, अधिकारी और पांच अन्य भाजपा विधायकों को सोमवार को संदेशखालि क्षेत्र का दौरा करने से रोक दिया गया था।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग की टीम ने संदेशखालि का किया दौरा

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में संदेशखालि का दौरा करने वाले राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (एनसीएससी) के अध्यक्ष अरुण हलदर ने कहा कि वहां के लोगों ने आयोग के सदस्यों के साथ अपने 'खौफनाक अनुभव' साझा किए। संदेशखालि में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के नेताओं द्वारा स्थानीय लोगों पर कथित अत्याचार किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन हो रहा है। हलदर के नेतृत्व में टीम के सदस्यों ने उस क्षेत्र के निवासियों से बात की, जहां मुख्य रूप से अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़े समुदायों के लोग रहते हैं। दौरे के बाद हलदर ने कहा कि हमने विभिन्न लोगों से बात की जिन्होंने अपने साथ हुए खौफनाक अनुभवों के बारे में बात की।

## एक नजर

### भाजपा की आज से होगी राष्ट्रीय परिषद की बैठक

**नई दिल्ली।** भाजपा की राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को यहां स्थित भारत मंडपम में शुरू होगी, जिसमें देश भर के करीब 11,500 प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रतिनिधियों में देश भर से पार्टी के पदाधिकारी, वर्तमान और पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित महापौर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा।

### तमिलनाडु में भाजपा पदाधिकारी की हत्या

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै शहर में वंडियूर टोल प्लाजा के पास एक अज्ञात बदमाशों ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक पदाधिकारी की गुरुवार को बेरहमी से हत्या कर दी। पुलिस ने कहा कि मृतक की पहचान एम.पी. शक्तिवेल (40) के रूप में हुई है। वह मदुरै शहरी जिले के भाजपा के ओबीसी विंग के सचिव थे। जब वह मोटरसाइकिल चला रहे थे तो हमलावरों ने उन्हें घेर लिया और उनकी हत्या कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी राजाजी अस्पताल (जीआरएच) भेज दिया गया।

## गुजरात में दो समूहों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत, 30 लोगों पर मामला दर्ज

**हिम्मतनगर।** गुजरात के साबरकांठा जिले के प्रांतिज शहर में दो समुदायों के सदस्यों के बीच झड़प में एक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात खोडियार कुवा इलाके में हुई। पुलिस अधीक्षक विजय पटेल ने कहा-मयूर भोई और इमरान कादरी नाम के दो व्यक्तियों के बीच पैसों को लेकर हुए झगड़े के बाद झड़प हुई। जिसमें राजू भोई नामक व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''राजू की हत्या के आरोप में 30 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है जिसमें से 17 लोगों की पहचान कर ली गई है।

## एनआईए ने महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापे मारे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**आईएसआईएस षड्यंत्र मामला**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने पश्चिमी घाट क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की वैश्विक आतंकवादी संगठन आईएसआईएस की साजिश से संबंधित एक मामले में महाराष्ट्र में कई जगहों पर छापों के बाद बृहस्पतिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

एनआईए के एक प्रवक्ता ने कहा कि छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद) में नौ जगहों पर अनेक संदिग्धों के आवासों पर छापों के दौरान मोहम्मद जोहेब खान को गिरफ्तार किया गया। अधिकारी ने कहा कि इस कार्रवाई के दौरान मामले से संबंधित अनेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए। प्रवक्ता ने कहा कि खान के खिलाफ मामला एनआईए मुंबई द्वारा इस जानकारी के आधार पर दर्ज किया गया था कि उसने और उसके साथियों ने आईएसआईएस खलीफा के लिए काम करने की शपथ ली थी।

## कोर्ट का 182 साल जेल की सजा टाल रहे कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● हाईकोर्ट ने कहा-निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता

दिल्ली उच्च न्यायालय ने भूखंड खरीददारों से ठगी करने के मामले में 182 साल जेल की सजा को टाल रहे एक रियल एस्टेट कारोबारी की पैरोल बढ़ाने से इनकार करते हुए कहा है कि इसे प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, नियमित रूप से विस्तारित किए जाने वाला अधिकार नहीं। उच्च न्यायालय ने कहा कि निर्धारित की गई सजा से बचा नहीं जा सकता और महज इस आधार पर पैरोल को अनंत काल तक जारी रखने की व्यक्ति द्वारा की जा रही कोशिशें दिल्ली कारागार नियम, 2018 के तहत 'फर्लो' एवं 'पैरोल' प्रदान करने की योजना के खिलाफ होगी।

न्यायमूर्ति अनूप कुमार मेंदीरत्ता ने कहा-मौजूदा मामले में, याचिकाकर्ता दिल्ली कारागार नियम, 2018 के अनुरूप पैरोल प्रदान करने के लिए सक्षम प्राधिकार के समक्ष अर्जी लगाए बिना, कानूनन सुनाई गई सजा को वर्षों से टाल रहा है। उन्होंने कहा कि रिट याचिकाओं के जरिये पैरोल के स्वतः विस्तार को नियमित नहीं माना जा सकता, जो करीब चार साल से जारी है। तिरुपति





एसोसिएट्स के राकेश कुमार की याचिका खारिज करते हुए उच्च न्यायालय का यह आदेश आया है। कुमार ने छह महीनों के पैरोल के लिए अनुरोध किया था। उच्च न्यायालय ने कहा-पैरोल प्रदान करना एक विशेषाधिकार है, और उपरोक्त अवधि के लिए नियमित रूप से पैरोल अधिकार नहीं है...। याचिकाकर्ता के अनुसार, वह सात साल हिरासत में रह चुके हैं। उन्हें एक उपभोक्ता मंच ने भूखंड खरीददारों के एक संघ द्वारा दायर किये गये मामले में 182 साल जेल की सजा सुनाई है। कुमार ने दलील दी कि उच्च न्यायालय के 13 सितंबर 2019 के एक आदेश पर उन्हें पैरोल पर रिहा किया गया और मामले को सुलझाने के उनके आश्वासन के मद्देनजर समय-समय पर इसे विस्तारित किया गया। पिछला आदेश इस साल 10 जनवरी को जारी किया गया था।

# अयोग्यता के मामले में अजित गुट की जीत

**मुंबई, एजेंसी**

● विधानसभा अध्यक्ष राहुल ने खारिज की सभी याचिकाएं

● नार्वेकर बोले-संख्या के हिसाब से अजित गुट असली एनसीपी

महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि अजित पवार की अगुवाई वाला समूह उस समय असली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) था, जब पार्टी में जुलाई 2023 में दो गुट उभरे थे, और अजित तथा शरद पवार नीत खेमों की अयोग्यता याचिकाएं खारिज कर दीं।

नार्वेकर ने यहां विधानमंडल परिसर में अपने फैसले में कहा-(विधायकों की) अयोग्यता का अनुरोध करने वाली सभी याचिकाएं खारिज की जाती हैं। अजित पवार के अपने समर्थकों के साथ जुलाई 2023 में महाराष्ट्र की शिवसेना-भाजपा सरकार में शामिल होने और उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अयोग्यता याचिकाएं शरद पवार और उनके भतीजे अजित पवार नीत प्रतिद्वंद्वी खेमों ने दायर की थीं। नार्वेकर ने फैसले में कहा कि पार्टी संस्थापक शरद पवार के फैसलों पर सवाल उठाना या उनकी इच्छा की अवहेलना करना दल-बदल नहीं है बल्कि यह केवल एक आंतरिक असहमति है।



उन्होंने कहा कि दल-बदल रोधी प्रावधानों से संबद्ध संविधान की 10वीं अनुसूची का इस मामले में दुरूपयोग किया गया। पार्टी नेतृत्व बड़ी संख्या में सदस्यों को अयोग्य करार दिये जाने की धमकी देकर उनकी असहमति की आवाज दबाने के लिए 10वीं अनुसूची का इस्तेमाल नहीं कर सकता। फैसले में कहा गया है कि राकांपा में (जुलाई 2023 में) हुआ घटनाक्रम स्पष्ट रूप से पार्टी की अंदरूनी असहमति थी।

विधानसभा अध्यक्ष हुल नार्वेकर ने कहा कि पार्टी में टूट होने के समय अजित पवार खेमे में ज्यादातर विधायक थे। उन्होंने कहा कि अजित पवार खेमे के फैसले ने राकांपा की इच्छा को प्रदर्शित किया। पिछले हफ्ते, अजित पवार नीत पार्टी को असली राकांपा करार देने संबंधी निर्वाचन आयोग के फैसले के बाद नार्वेकर का यह निर्णय आया है। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए राकांपा-शरदचंद्र पवार पार्टी सांसद सुप्रिया सुले ने कहा कि यह शिवसेना में अयोग्यता मामले में दिये नार्वेकर के पूर्व के फैसले का ही दोहराव है।

## पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज


**पटना।** पटना की एक विशेष अदालत ने धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात एवं रंगदारी के मामले में अभियुक्त बनाए गए पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत याचिका आज खारिज कर दी। सांसदों एवं विधायकों के आपराधिक मामलों की सुनवाई के लिए गठित पटना की विशेष अदालत के प्रभारी न्यायाधीश आशुतोष खेतान ने यादव की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई के बाद उन्हें जमानत पर मुक्त किए जाने से इनकार कर दिया। पूर्व सांसद श्री यादव की ओर से विशेष अदालत में 13 फरवरी 2024 को आत्म समर्पण सह जमानत याचिका दाखिल की गई थी लेकिन जमानत अर्जी पर बहस नहीं की गई थी।

# भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश, ऊर्जा क्षेत्र में बनी सहमति

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार देर रात कतर की राजधानी दोहा पहुंच गए। यहां उन्होंने अपने समकक्ष शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच भारत और कतर के संबंधों को बढ़ाने पर बात हुई। पीएम मोदी ने इस बैठक को शानदार करार दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने इसके बाद कतर के शासक शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत-कतर के संबंधों के साथ वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने गुरुवार को कहा कि भारत और कतर दो देशों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी बनाने के लिए निवेश को माध्यम के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहे हैं।



दोहा में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी को भारत आने का निमंत्रण दिया है।

इसके साथ ही पीएम मोदी ने आठ भारतीय नागरिकों की रिहाई के लिए कतर सरकार की सराहना की और भारतीय समुदाय का समर्थन करने के लिए कतर के अमीर को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव ने बताया कि दोनों नेताओं ने ऊर्जा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश और साझेदारी को लेकर बात की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की वार्ता पर विदेश सचिव क्वात्रा ने कहा कि दोनों नेताओं की चर्चा में व्यापार साझेदारी, निवेश सहयोग और ऊर्जा संबंध शामिल हैं।

### भारतीयों ने किया मोदी का गर्मजोशी से स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी के दोहा पहुंचने के बाद होटल के बाहर प्रवासी भारतीयों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। हाथों ने भारतीय तिरंगा लेकर आए लोगों ने 'मोदी-मोदी' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पीएम मोदी ने होटल के बाहर स्वागत के लिए जुटे लोगों से हाथ मिलाया। कुछ प्रवासी भारतीयों ने पीएम मोदी को किताबें भी भेंट कीं। इस दौरान लोगों ने पीएम मोदी से बातचीत की और उनके साथ तस्वीरें भी लीं। एक्स पर एक पोस्ट में पीएम मोदी ने कहा, दोहा में असाधारण स्वागत के लिए प्रवासी भारतीयों का आभारी हूं।



# महेश दत्तानी की सोच से मैंने बहुत कुछ सीखा

मुंबई, एजेंसी

- अभिनेत्री शिल्पा ने कहा- दत्तानी का नाटक 'बिग फैट सिटी' देश की सबसे प्रमुख ब्लैक कॉमेडी

1986 में अपने पहले नाटक 'व्हेयर देयर इज ए विल' से ही, नाटककार और निर्देशक महेश दत्तानी ने समकालीन भारतीय वास्तविकताओं को थिएटर में शामिल किया और आधुनिक मुद्दों और रिश्तों को एक नए दृष्टिकोण के साथ पेश किया।

जी थिएटर के टेलीप्ले 'बिग फैट सिटी' में भी महेश मुंबई के संघर्षमय जीवन से जूझते उन लोगों पर अपना ध्यान केंद्रित करते हैं जो अधूरी जरूरतों और इच्छाओं के चक्र में फंसे हुए हैं। जानी-मानी फिल्म, थिएटर, ओटीटी और टेलीविजन अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला इस बात से रोमांचित हैं कि उन्हें दत्तानी के साथ काम करने का मौका मिला और कहती हैं, जब उन्होंने मुझे 'बिग फैट सिटी' के लिए बुलाया, तो मुझे विश्वास नहीं हुआ। ये उन्हीं के मार्गदर्शन का नतीजा है की आज में अभिनय की कला को एक नए



अभिनेत्री शिल्पा शुक्ला।

दृष्टिकोण से देखती हूं जहां कोई एकरसता नहीं है। उन्होंने कहा- मैंने उनसे, जीवन पर उनकी टिप्पणियों और उनके संपूर्ण अस्तित्व से कितना कुछ सीखा है। एक शिक्षक के रूप में वह उत्कृष्ट हैं। उन्होंने कितने ही लोगों का मार्गदर्शन दिया है और वह वास्तव में हमारे लिए एक अथाह खजाने की तरह हैं। उनके जैसे बहुत कम लोग हैं। 'बिग फैट सिटी' में की गई सामाजिक टिप्पणी के बारे उन्होंने कहा, नाटक उन आकांक्षाओं के बारे में है जिनके चलते हम एक फ्लैट, एक प्रेमी या शायद एक बड़ी भूमिका की कामना में उलझे रहते हैं। ये कहानी दर्शाती है कि कुछ लोग बाहरी नजरिए से दुनिया को देखते हैं और अंदर नहीं झांकते। वे ग्लैमर और छवि के संदर्भ में ही सोचते हैं जबकि वास्तव में, उनके सपनों के शहर में बहुत गंदगी हो सकती है। यह संभवतः भारत की पहली ब्लैक कॉमेडी है जो आकांक्षा के अंधेरे पक्ष को उजागर करती है। उन्होंने कहा- दत्तानी ने नाटक में 'हास्य' और 'वीभत्स' जैसे रसों का मिश्रण किया है, जहां ठहाकों के साथ-साथ एक लाश से उपजी भय की भावना भी है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने कहानी के भीतर जटिल जमीनी हकीकतों को बुना है, वह लाजवाब है। महेश सर ने आधुनिक तकनीक का भी शानदार ढंग से उपयोग किया है। जिस तरह से उन्होंने टेक्स्ट संदेशों आदि का उपयोग किया है, वह अब कहीं जाकर ओटीटी शो दिखा रहे हैं।

## एक नजर

### अमेरिका में धोखाधड़ी के आरोप में भारतवंशी युवक को पांच साल की सजा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक 24 वर्षीय भारतीय मूल के लड़के को अमेरिकी महिला के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में 51 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। दरअसल, लड़के ने महिला को कंप्यूटर हैकिंग के जरिए 150,000 अमेरिकी डॉलर का चूना लगाया था। भारतीय मूल के लड़के की पहचान सुखदेव वैद्य के तौर पर की गई है। उसे पिछले साल दिसंबर में दोषी ठहराया गया था। उसने अंतरराष्ट्रीय कंप्यूटर हैकिंग के जरिए महिला को निशाना बनाया था और उनसे 1.2 मिलियन अमेरिकी डॉलर की धोखाधड़ी की। बुधवार को अदालत ने बताया कि कस्टडी से रिहा होने के बाद आरोपी को निर्वासन के लिए ब्यूरो ऑफ कस्टम और इमीग्रेशन इंफोर्समेंट के पास भेजा जाएगा।

### सेना व्यवसाय के बजाए रक्षा पर दे ध्यानः पाकिस्तानी सुप्रीम कोर्ट

**इस्लामाबाद।** सेना के राजनीतिक और व्यवसायिक हस्तक्षेप को लेकर पाकिस्तान स्थित सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी आलोचना की है। एक सुनवाई के दौरान कोर्ट ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आश्वासन मांगा कि सेना रक्षा के अलावा किसी अन्य व्यवसायों पर फोकस नहीं करेगा। गौरतलब है कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सैन्य भूमि के इस्तेमाल की जांच करने वाले एक मामले में तीन न्यायाधीशों की पीठ का नेतृत्व पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा ने कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान इस बात पर जोर दिया कि देश की सभी संस्थानों को सिर्फ अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाना चाहिए।

### निजी कंपनी ने चंद्रमा पर भेजा मून लैंडर, सफलतापूर्वक लॉन्च

**वाशिंगटन।** नासा की मदद से गुरुवार को अमेरिकी कंपनी इंटुएटिव मशीन्स ने मून लैंडर ओडिसी को लॉन्च करने में सफलता हासिल की है। इसका नाम कवि होमर के हीरो के नाम पर रखा गया है। पहले इसे 14 फरवरी को लॉन्च किया जाना था, लेकिन ईंधन संबंधी समस्या के कारण इसमें देरी हुई। अबतक अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान ने चंद्रमा पर सफल मिशन भेजा है। हालांकि, किसी निजी फर्म की ओर से अबतक ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

### अमेरिका के कंसास सिटी में गोलीबारी, एक की मौत, 21 घायल

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर फायरिंग हो गई, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, 21 लोग घायल हुए हैं। अग्निशमन विभाग ने बताया कि गोलीबारी चीफ्स की सुपर बाउल जीत के लिए परेड और रैली के बाद हुई थी। घटना मिसौरी के कंसास शहर की है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो, जब चीफ्स के प्रशंसक यूनियन स्टेशन के पश्चिम में गैरेज के पास से गुजर रहे थे, तभी वहां गोलीबारी हो गई थी। पुलिस ने हमले के बाद तीन हथियारबंद लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक, तीन घायलों की हालत गंभीर है। घटना के बारे में एक महिला ने बताया कि जब गोलियां की आवाज आई तो हम वहां से भागकर एक लिफ्ट में छिप गए।

पाकिस्तानः पीएम पद के लिए शहबाज का नाम आने के बाद, पीटीआई ने भी की घोषणा

# इमरान ने लगाई अयूब के नाम पर मुहर

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान में आम चुनाव खत्म हुए एक हफ्ता हो गया है, लेकिन प्रधानमंत्री पद को लेकर अभी भी संशय बरकरार है। अगला पीएम कौन होगा इसपर भी स्थिति साफ नहीं है। नवाज शरीफ के चौथी बार प्रधानमंत्री बनने की रूपरेखा लगभग तैयार होने के बीच एन वक्त पर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) ने पूर्व प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को पीएमएल एन की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए नामित कर दिया है।



शरीफ परिवार की घोषणा के बाद पीटीआई प्रमुख इमरान खान ने गुरुवार को बड़ा दांव चला, पीटीआई ने पीएम पद के लिए पूर्व सैन्य तानाशाह अयूब खान के पोते और पार्टी महासचिव उमर अयूब के नाम पर मुहर लगा दी है। बता दें, आशंका जताई जा रही है कि शहबाज शरीफ के पीएम बनते ही बड़े भाई नवाज शरीफ के राजनीतिक करियर का अंत हो जाएगा। दरअसल, पिछले हफ्ते चुनावों के आए नतीजों में त्रिशंकु संसद बनने के बाद शहबाज शरीफ के प्रधानमंत्री बनने की उम्मीद है। नवाज-शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाले पीएमएलएन का अन्य पार्टियों के साथ लगभग गठबंधन हो चुका है।

इस गठबंधन में छह पार्टियां शामिल हैं, जिसमें बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी भी शामिल है। बता दें कि पाकिस्तान के तीनों प्रमुख दलों में से किसी को भी चुनावों में बहुमत नहीं मिला है।



### विजेता उम्मीदवार की अधिसूचना रद करने वाली नवाज की याचिका खारिज

पाकिस्तान के चुनाव आयोग (ईसीपी) ने गुरुवार को पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ झटका दिया है। ईसीपी ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पंजाब प्रांत के एक निर्वाचन क्षेत्र में विजयी उम्मीदवार की अधिसूचना रोकने की मांग की थी। पीटीआई समर्थित उम्मीदवार ने इस निर्वाचन क्षेत्र से नवाज को हराया था। स्थानीय मीडिया की खबरों के मुताबिक, मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा के नेतृत्व में ईसीपी की दो सदस्यी पीठ ने सुनवाई की। पीठ ने नवाज शरीफ के अनुरोध को खरिज किया और पीएमएल-एन सुप्रिमो के वकील को अर्जी फिर से दायर करने का निर्देश दिया। पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार शाहजादा गुस्तासप खान ने एनए-15 (मानसेहरा) सीट पर 105,249 मतों से जीत दर्ज की। जबकि तीन बार प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ 80,2382 मतों के साथ दूसरे नंबर पर रहे।

## राजनीति मेरे बस की नहीं, टीएमसी सांसद मिमी देंगी इस्तीफा

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस नेता मिमी चक्रवर्ती ने संसद की सदस्यता से इस्तीफा देने घोषणा की है। वे लोकसभा में पश्चिम बंगाल की जादवपुर सीट का प्रतिनिधित्व करती हैं।



हालांकि, मिमी ने अब तक लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपना इस्तीफा नहीं सौंपा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और पार्टी सुप्रीमो ममता बनर्जी को अपना त्याग पत्र सौंपा है। बताया जा रहा है कि मिमी स्थनीय स्तर पर पार्टी नेतृत्व से खुश नहीं थीं। इस वजह से उन्होंने यह कदम उठाया है। मिमी चक्रवर्ती ने इस्तीफा देने को लेकर कहा कि राजनीति मेरे लिए नहीं है, यहां अगर आप किसी की मदद कर रहे हैं तो आपको उसका प्रचार करना होता है। राजनीति के साथ-साथ मैं एक अभिनेत्री के रूप में भी कार्य करती हूं, मेरा दायित्व दोनों तरफ एक समान बनता है, अगर कोई राजनीति में आता है तो आप काम करें या न करें आपको भला-बुरा कहा जाता है।



अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का समकक्ष के साथ निरीक्षण करते मनोज पांडे।

# सेना प्रमुख ने अमेरिकी समकक्ष से की द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा

वाशिंगटन, एजेंसी

- 16 फरवरी तक अमेरिकी यात्रा पर हैं सेना प्रमुख मनोज पांडे

सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को अमेरिका के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और वैश्विक शांति और सुरक्षा प्रयासों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चर्चा की। बता दें कि जनरल मनोज पांडे की 13 फरवरी को शुरू हुई अमेरिकी यात्रा 16 फरवरी को संपन्न हो जाएगी।

जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के गार्ड ऑफ ऑनर का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने अर्लिंगटन नेशनल सीमेट्री में 'टॉम्ब ऑफ अननोन सोल्जर' पर पुष्पांजलि अर्पित की। भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जनरल मनोज पांडे की अमेरिकी यात्रा की तस्वीरें शेयर कीं और कहा, बयान में कहा गया कि जनरल मनोज पांडे ने अमेरिकी सेना के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल रैंडी जॉर्ज और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय चर्चा में हिस्सा लिया। इस चर्चा का उद्देश्य द्विपक्षीय महत्व के मुद्दों और वैश्विक शांति व सुरक्षा के लिए परस्पर प्रतिबद्धता को बढ़ाना था। सेना प्रमुख ने फोर्ट बेल्वोइर में आर्मी जियोस्पेशियल सेंटर का भी दौरा किया और फोर्ट मैकनेयर में राष्ट्रीय रक्षा विव के साथ बातचीत की।

### रामलला के दरबार में गोवा सरकार...



**गोवा:** मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत के साथ गोवा का पूरा मंत्रिमंडल रामलला के दरबार में पहुंचा और दर्शन-पूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के साथ आए सभी 51 सदस्यों ने रामलला के चरणों में माथा टेका। गुरुवार को अयोध्या एयरपोर्ट पर उतरे तो परंपरागत अंदाज में उनका भव्य स्वागत किया गया। सभी को ई बस द्वारा एयरपोर्ट से राममंदिर परिसर ले जाया गया। ● एजेंसी



## इंडोनेशिया के नए राष्ट्रपति होंगे रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो

**जाकर्ता।** इंडोनेशिया में हुए राष्ट्रपति चुनावों की मतगणना बुधवार को शुरू हुई। नतीजों के शुरुआती रुझानों में तीसरी बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री प्रबोवो सुबियांतो ने 58 फीसदी मतों के साथ प्रतिद्वंद्वियों पर बढ़त बना ली है।



रुझानों के बाद सुबियांतो ने अपनी जीत का एलान करते हुए कहा कि वे देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएंगे। हालांकि, सुबियांतो को देश में लोकतंत्र विरोधी नेता के तौर पर जाना जाता है। इंडोनेशिया के करीब 20 करोड़ लोगों ने अपना राष्ट्रपति चुनने के लिए बुधवार को मतदान किया था। कुल पंजीकृत मतदाताओं में से 80 फीसदी ने मतदान किया है।

# अमेरिका में भारतीय मूल के एक और शख्स की गोली मारकर हत्या

वाशिंगटन, एजेंसी

- भारतवंशी नागरिक होटल कारोबारी था किराये पर कमरे को लेकर हुआ विवाद

अमेरिका के अलबामा राज्य में भारतवंशी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बताया गया कि भारतीय मूल के नागरिक का होटल का कारोबारी था और एक कमरे को लेकर ग्राहक के साथ विवाद हो गया, जिसके बाद ग्राहक ने मोटल (होटल) मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।

बता दें, एक हफ्ते पहले शेफील्ड में हिलक्रेस्ट मोटल के मालिक प्रवीण रावजीभाई पटेल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या के आरोप में 34 वर्षीय विलियम जेरेमी मूर को गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आरोपी किराये पर एक कमरा लेना चाहता था, इसी बीच विवाद हो गया और उसने ने बंदूक निकाली और पटेल को गोली मार दी।

अधिकारी ने बताया कि आरोपी मूर को शेफील्ड पुलिस ने तुरंत पकड़ लिया। पुलिस ने बताया कि मूर की तलाशी लेने पर उसके पास से हथियार मिला। पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के पास चश्मदीदों का बयान लिया गया है।

एशियन अमेरिकन होटल ओनर्स एसोसिएशन ने इस घटना पर दुख जताया है। एसोसिएशन ने कहा है कि वे इस घटना से काफी दुखी और स्तब्ध हैं। एएचओए के अध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि हिंसा के संवेदनहीन कृत्यों के लिए हमारे समुदायों में कोई जगह नहीं है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में अमेरिका में कई भारतीय मूल के नागरिकों की हत्या कर दी गई है।

### क्या बोले चश्मदीद

घटनास्थल के पास काम करने वाले नाई जेमेरिज ओवेन्स ने बताया, मैंने तीन गोलियों की आवाज सुनी। उन्होंने कहा कि गोली चलने पर उन्हें विश्वास नहीं हुआ और वह अपने काम में लगे रहे।

## कुपवाड़ा से आतंकियों का सहयोगी गिरफ्तार हथियार बरामद

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा में गुरुवार को पुलिस और सुरक्षाबलों को एक आतंकी मददगार को पकड़ने में सफलता मिली है। उसके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। जिले के गुंडमाचेर ब्रिज पर कुपवाड़ा पुलिस, सेना की 28 आरआर और सीआरपीएफ की 162बीएन ने संयुक्त नाका लगाया हुआ था।

चेकिंग के दौरान, लालपोरा से गुंडमाचेर की ओर आ रहे एक व्यक्ति की संदिग्ध गतिविधि देखी गई, जिसके पास सफेद रंग का बैग था। जैसे ही उक्त व्यक्ति ने मौके से भागने की कोशिश की। सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम रफीक अहमद गनई पुत्र गुलाम अहमद गनई निवासी लालपोरा शेखपोरा बताया। बैग की तलाशी के दौरान उसमें से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया।

# बीजद विधायक व पूर्व मंत्री के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

भुवनेश्वर, एजेंसी

- 7 से 8 वर्ष पहले इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का लगा था आरोप

ओडिशा सरकार के पूर्व मंत्री व भद्रक जिला भंडारीपोखरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रफुल्ल सामल के 10 ठिकानों पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक साथ छापामारी की है। यह छापामारी भद्रक शहर में छह स्थानों पर तथा भुवनेश्वर में चार स्थानों पर की जा रही है।

विधायक के विभिन्न ठिकानों के साथ उनके रिश्तेदारों के यहां भी छापामारी किए जाने की सूचना मिली है। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार तड़के प्रवर्तन निदेशलय की विशेष टीम भद्रक पहुंची। टीम भद्रक पहुंचने के बाद शहर के नुआ बाजार में मौजूद भंडारीपोखरी विधायक तथा पूर्व मंत्री प्रफुल्ल सामल के आवास के अंदर गई। केन्द्रीय सुरक्षा बल के कड़ी सुरक्षा के बीच ईडी की टीम भद्रक पहुंची है। 7 से 8 वर्ष पहले जिले के बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज में 30 करोड़ रुपये गबन का आरोप लगा था। इसे लेकर एकाधिक बार इंजीनियरिंग कॉलेज के कर्मचारियों ने प्रतिवाद किया था। इस बीच कर्मचारियों के वेतन भी रोक दिए गए। ऐसे में वर्षों से वेतन ना मिलने कॉलेज कर्मचारियों ने कॉलेज के सामने, जिलाधीश कार्यालय के सामने, विधानसभा के सामने न्याय के लिए प्रतिवाद किया था।

### कोर्ट में विचाराधीन है मामला

बरपदा इंजीनियरिंग कॉलेज का मामले हाई कोर्ट में विचाराधीन है। इसको लेकर पहले ईडी एवं सतर्कता विभाग से जांच करने की भी मांग की गई थी। इस को आधार पर बीजद विधायक के घर पर छापामारी की है।


विज्ञान | वैज्ञानिकों ने पतझड़ में 'ला नीना' के सक्रिय होने की जताई संभावना, अल्बानी विवि न्यूयॉर्क ने जारी की रिपोर्ट

# अब छटने लगा है 'अल नीनो' का प्रभाव

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अच्छी खबर है कि अल नीनो समाप्ति की ओर है। बसंत के आखीर में प्रभाव समाप्त हो जाएगा और पतझड़ में ला नीनो सक्रिय होगा। वायुमंडलीय और पर्यावरण विज्ञान अल्बानी विश्वविद्यालय व स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क ने यह रिपोर्ट जारी की है।

अल नीनो के प्रभाव से शीतकाल मे देश दुनिया के कई हिस्से सूखे की चपेट में रहे। पश्चिमी विक्षोभ के अभाव में कृषि क्षेत्र में बड़ा असर पड़ा है। शीतकाल में जंगलों की आग भी अन्य वर्षों की तुलना में अधिक भड़की है। वर्षा नही होने से भूजल भी काफी घटा होगा। इसका असर ग्रीष्मकाल तक देखने को मिलेगा। स्वाभाविक है वर्षा की कमी से पेयजल संकट उत्पन्न होगा।




अल नीनो प्रभावित क्षेत्र का मानचित्र।

मगर अब अलनीनो समाप्ति की ओर है। एक माह के अंतराल में इसका प्रभाव पूरी तरह समाप्त होने की संभावना है और संभवतः चालू वर्ष के पतझड़ तक ला नीना सक्रिय होने लगेगा। ला नीना सक्रिय होने से मौसम का पैटर्न लौट आएगा और वर्षा के साथ बर्फबारी सामान्य रूप से होने लगेगी। वैज्ञानिक अल नीनो का प्रभाव लंबा खींचने की आशंका जता रहे थे। जिसका भारतीय मानसून पर असर पड़ता। मगर अब इसके कमजोर पड़ने से आशंका के बादल छट गए हैं।

### क्या है अल नीनो

अल नीनो और इसके विपरीत ला नीना जलवायु पैटर्न हैं जो दुनिया भर के मौसम को प्रभावित करते हैं। अल नीनो वैश्विक तापमान बढ़ाता है। जिसका प्रभाव हाल के महीनों में देखा गया। इसके उलट ला नीना की घटनाएं थोड़ी ठंडी होती हैं। अल नीनो की शुरुआत दक्षिण अमेरिका से दूर पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत महासागर में भूमध्य रेखा के साथ समुद्र के गर्म पानी की धारा की उत्पत्ति करता है। भूमध्य रेखा से लगे क्षेत्र के तापमान ने असामान्य रूप से वृद्धि करता है। अलनीनो की घटना 4 से 5 साल में एक बार होती है, लेकिन दस 10 से 20 के बीच यह शक्तिशाली रूप से सक्रिय होता है।

# ट्रंप से ज्यादा अनुभवी नेता जो बाइडनः व्लादिमीर पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- उन्होंने कहा- किसी भी निर्वाचित अमेरिकी नेता के साथ मिलकर करेंगे काम

अमेरिका में आम चुनाव से पहले रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन की तारीफों के पुल बांधे हैं। उन्होंने बाइडन को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से ज्यादा अनुभवी बताया। पुतिन ने कहा कि उनका देश बाइडन को दूसरे कार्यकाल के लिए जीतते हुए देखना पसंद करेगा।

पुतिन ने रूस के सरकारी मीडिया को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह निर्वाचित होने वाले किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करना पसंद करेंगे। लेकिन, जब उनसे पूछा गया कि रूस के नजरिए से कौन बेहतर विकल्प होगा तो उन्होंने कहा कि वह बाइडन की जीत को तरजीह देंगे।

पुतिन ने कहा, बाइडन ज्यादा अनुभवी और पुराने राजनेता हैं।





लेकिन हम ऐसे किसी भी अमेरिकी नेता के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार हैं, जिस पर अमेरिकी लोग भरोसा करते हैं। पुतिन की ओर से यह टिप्पणी अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव से पहले आई है। इन चुनाव में डेमोक्रेट पार्टी के बाइडन के खिलाफ रिपब्लिकन पार्टी डोनाल्ड ट्रंप को खड़ा कर सकती है। चुनाव से पहले दोनों सियासी दल यूक्रेन की सैन्य मदद को लेकर एक दूसरे पर हमले बोल रहे हैं।